आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 313, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा 14

फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 13




## आपके सारे इंतजाम हवा में... जमीन पर कुछ नहीं दिख रहा

**पराली मामला**

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने के चलते राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने में नाकाम रहने पर शुक्रवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को फटकार लगाई तथा कहा कि और अधिक सक्रिय होने की जरूरत है। न्यायमूर्ति अभय एस.ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित आयोग द्वारा उठाए गए कदमों पर असंतोष जताते हुए कहा कि आपके सारे इंतजाम हवा में ही हैं, धरातल पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है कि क्या किया गया है।

सीएक्यूएम को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और इसके आसपास के क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि अधिनियम का बिल्कुल ही अनुपालन नहीं किया गया है। हमें एक भी निर्देश दिखाएं जो किसी हितधारक को जारी किया गया हो।

## भारी बारिश से धान, मक्का व गन्ने की खड़ी फसलें गिरीं

### प्रदेश के पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कई जिलों में बारिश कर लौट रहा मानसून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश से मानसून कई जिलों में झमाझम बारिश करते हुए वापसी कर रहा है। 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई है। गरज-चमक के साथ हुई भारी बरसात ने उमस से राहत तो दी, लेकिन धान, मक्का और गन्ने आदि की खड़ी फसलें खेतों में बिछ गईं। इसका बड़ा कारण बारिश के दौरान तेज हवाओं का चलना भी रहा।

अयोध्या, अमेठी, अंबेडकर नगर, बहराइच आदि जिलों में खड़ी फसलों के गिरने से किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है। राज्य के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में अगले 24 घंटे बादल जमकर बरसेंगे। शुक्रवार को कानपुर, कन्नौज, बांदा ,गोरखपुर, बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली आदि में अच्छी बरसात हुई। राजधानी लखनऊ में भी गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से शहर सराबोर दिखा। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश ने बताया कि शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। रविवार से बारिश के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। हालांकि, रविवार को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश जारी रहने की संभावना है।

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं**

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं है। प्रमुख नदियां उफनाई हुई हैं। मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान लगाया है। लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी और गोंडा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है तो वहीं हरदोई, बस्ती, लखनऊ और सिद्धार्थनगर में ऑरेंज अलर्ट लागू है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। इन जिलों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

> इस तरह की बारिश पूर्व में हुई कम बरसात की भरपाई नहीं है। बारिश के बीच हवाएं चलने से फसलों को नुकसान अवश्य पहुंचा है। फसलों को बारिश ही नहीं, रोशनी भी चाहिए। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण दोनों के बीच पहले जैसा तालमेल नहीं हो पा रहा है। यानी नदियों-तालाबों के बजाय अब समुद्री पानी वाष्पित होकर बादल बन बरस रहा है, इसलिए कृषि भी प्रभावित है।
> **- डॉ. अवधेश मिश्रा**, कृषि विशेषज्ञ, उप्र.

**एक नजर**

### केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का एक और मामला सामने आया है। भारत में एमपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से केरल के एर्नाकुलम लौटा था। बताया जा रहा है कि उसे तेज बुखार था और जांच में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण

**नई दिल्ली।** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी की तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा समेत अन्य शाखाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए पदों को आरक्षित करने का फैसला किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियों को आरक्षित करने की घोषणा करने वाली रक्षा क्षेत्र की पहली कंपनी है।

### मणिपुर में हथियार और गोला बारूद बरामद किए

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के कांगपोकपी और चुराचांदपुर जिलों में हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि मणिपुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा कांगपोकपी जिले के हराओथेल और लाम्बुंग पहाड़ियों में गुरुवार को चलाए गए संयुक्त अभियान में इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर (पम्पी), 11 बम (प्रत्येक का वजन लगभग 1.5 किलोग्राम) और अन्य हथियार बरामद किए गए। चुराचांदपुर जिले के सुआंगदाई में एक देसी 9 एमएम पिस्तौल और एक सिंगल बैरल शॉटगन समेत कई हथियार बरामद किए।

## हथौड़ों से तोड़ी विवादित मस्जिद की दीवार

### नवाबगंज के गांव केला डांडी में भारी तनाव, आमने सामने आए दोनों समुदाय, विधायक से धक्का-मुक्की

### प्रशासन ने दीवार का दोबारा निर्माण कराया तो और भड़के लोग, पांच थानों की फोर्स के साथ पीएसी तैनात

- अफसरों के खिलाफ की जमकर नारेबाजी, देर रात तक माहौल गर्म

संवाददाता, क्योलड़िया (बरेली)

**अमृत विचार :** गांव केलाडांडी में शुक्रवार दोपहर भीड़ ने एक विवादित मस्जिद की दीवार हथौड़ों से तोड़ दी। इससे गांव में भारी सांप्रदायिक तनाव फैल गया। दोनों तरफ से नारेबाजी के बीच पुलिस ने दोबारा दीवार बनवानी शुरू की तो भीड़ और उबल गई। गांव पहुंचे विधायक डॉ. एमपी आर्य को भी लोगों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। उनके साथ धक्कामुक्की तक हो गई। इसके बाद 17 लोगों को हिरासत में लेकर गांव में पीएसी के साथ पांच थानों का पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। देर रात तक गांव का माहौल बुरी तरह गरमाया हुआ था।

केला डांडी में कथित मस्जिद पर जुलाई से ही विवाद चल रहा था। मुस्लिम पक्ष इसे मस्जिद बता रहा है, जबकि हिंदू पक्ष ने इसे नया निर्माण बताकर प्रशासन से शिकायत की थी। इसके बाद अफसरों ने यहां नमाज पढ़ने पर रोक लगा रखी थी। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे एक समुदाय की भीड़ ने अचानक धावा बोलकर मस्जिद की एक दीवार हथौड़ों से तोड़ दी। दूसरे समुदाय के लोगों के इकट्ठे होने पर टकराव के हालात पैदा हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने अफसरों के निर्देश पर तोड़ी गई दीवार का दोबारा निर्माण शुरू कराया तो तनाव और बढ़ गया। भीड़ ने मस्जिद का अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

शाम करीब 5 बजे गांव पहुंचे विधायक डॉ. एमपी आर्य से लोगों ने निर्माण रुकवाने की मांग की, इसके बाद भी निर्माण नहीं रुका तो उनके खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। विधायक ने गांव से निकलने की कोशिश की तो लोगों ने उनकी गाड़ी के आगे ट्रैक्टर-ट्रॉली लगा दी। लोगों ने उनके साथ धक्कामुक्की भी की। पुलिस ने भीड़ को हटाकर उनकी गाड़ी निकलवाई लेकिन भीड़ का गुस्सा देखकर विधायक को इरादा बदलकर उनके साथ धरने पर बैठना पड़ा। लगातार तनाव बढ़ता देख पुलिस ने 17 लोगों को हिरासत में ले लिया। पांच को विधायक के कहने पर छोड़ दिया और बाकी का शांति भंग करने के आरोप में चालान कर दिया। देर शाम साढ़े 8 बजे विधायक निकल गए।



मस्जिद की तोड़ी गई दीवार को दोबारा बनाते मजदूर और घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

**भाजपा विधायक डॉ. एमपी आर्य का प्रशासन पर मस्जिद का अवैध निर्माण कराने का आरोप**

भाजपा विधायक डॉ. एमपी आर्य ने धरने के दौरान मस्जिद की दीवार के दोबारा निर्माण को रोकने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर भी लिखा कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन की मदद से केला डांडा गांव में अवैध मस्जिद का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आसपास के गांवों में गुस्सा है। लोग पुलिस प्रशासन के रवैये से नाराज होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरे साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर गंगवार भी हैं।

> धर्मस्थल का निर्माण कराने का आरोप लगाकर दीवार गिराने से विवाद की स्थिति बनी। गांव में पांच थानों के पुलिस फोर्स के साथ पीएसी तैनात की गई है। खुराफात करने वाले 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मौके पर शांति है।
> **-अनुराग आर्य**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

## रोडवेज बस से दिल्ली भेजे साढ़े 10 लाख रुपये गायब

- मोबाइल विक्रेता ने चालक व परिचालक पर लगाया गबन का आरोप, तहरीर दी
- चालक-परिचालक ने कहा कि पार्सल में रुपये रखे हैं व्यापारी ने नहीं बताया था

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मोबाइल कारोबारी द्वारा रोडवेज बस से दिल्ली के व्यापारी को भेजे 10.50 लाख रुपये गायब हो गए। उसने पार्सल में रुपये रखकर दिए थे। कई दिन बाद भी दिल्ली के व्यापारी तक रुपये न पहुंचने पर कारोबारी ने चालक-परिचालक पर रुपये हड़पने का आरोप लगाकर सुनगढ़ी थाने में तहरीर दी है। चालक-परिचालक का कहना है कि पार्सल में रुपये हैं व्यापारी ने यह नहीं बताया था। बहरहाल पुलिस जांच कर रही है।

शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी मोबाइल विक्रेता मुल्तकिम ने बताया कि उनका माल दिल्ली से आता है। 20 दिन पहले उन्होंने दिल्ली जाने वाली एक बस में पार्सल रखवाया था। पार्सल में 10.50 लाख रुपये रखे थे। पार्सल बस के परिचालक व चालक को दिया था। पार्सल में रुपयों की जानकारी दे दी थी। वह पहले भी इस तरह से रकम दिल्ली भेज चुके हैं। कई दिन बाद भी रुपये नहीं पहुंचे तो दिल्ली के व्यापारी ने उन्हें फोन किया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने चालक व परिचालक से पूछताछ की। उनके पक्ष में रोडवेज यूनियन के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे थे।

> रोडवेज बस से साढ़े दस लाख रुपये रखा पार्सल गायब होने की शिकायत मिली है। शिकायतकर्ता के पास कोई साक्ष्य नहीं है कि उसने पार्सल में रुपये रखे थे। जांच कराई जा रही है।
> **- पवन कुमार पांडे**, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी



**सवाल : रोडवेज बस से क्यों भेजे गए रुपये**

व्यापारिक लेनदेन खातों, ऑनलाइन और आरटीजीएस के जरिए होता है। ऐसे में मोबाइल व्यापारी द्वारा रोडवेज बस से साढ़े दस लाख रुपये भेजने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस भी बस से रुपये भेजने को लेकर आशंकित है। दिल्ली में जिस व्यापारी को रुपये जाने थे वह मोबाइल का थोक विक्रेता है।

## युवक की मौत पर बवाल, पुलिसवालों को पीटा

- मुरादाबाद में अवैध खनन के शक में निजी वाहन से ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा कर रहे थे पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा कर रही पुलिस को चालक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ग्रामीण उग्र हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पुलिस कर्मियों ने पानी से भरे धान के खेत से भागकर जान बचाई। एक सिपाही अनीस की हालत नाजुक बताई जा रही है।

सूचना पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पीएसी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। मृतक के पिता ने दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी ने ठाकुरद्वारा में हुए बवाल के बाद सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को हटा दिया है, जबकि एसएचओ ठाकुरद्वारा, दो दरोगा और चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालने का काम करता है। लोकेश शुक्रवार तड़के 3 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर खेत पर गया था। अवैध खनन की आशंका में पुलिस वालों ने निजी गाड़ी से उसका पीछा किया। पुलिस से बचने के लिए लोकेश ट्रैक्टर भगाने लगा। इसी दौरान ट्रैक्टर के पहियों के नीचे दबकर उसकी मौत हो गई। सुबह तक जब वह घर पर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रोड से नहर वाले रास्ते से 50 मीटर दूर खेत में मोनू का शव मिला। ग्रामीणों ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीण वसूली का पैसा नहीं देने पर सिपाही अनीस और नरेश समेत गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मियों पर मोनू की हत्या का आरोप लगाने लगे। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया है कि प्रत्येक बिंदु की गंभीरता से जांच की जा रही है।



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में पुलिस वालों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाते ग्रामीण।

## प्रसाद विवाद : जांच के लिए नौ सदस्यीय एसआईटी गठित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू में पशु चर्बी मिलाए जाने के मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल में आरोप लगाया था कि राज्य में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी की पूर्ववर्ती सरकार ने वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डुओं को बनाने के लिए घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया। उन आरोपों के कारण देश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया और करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं।

## तेलंगाना के मंत्री के परिसरों पर ईडी का छापा

- धनशोधन के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

हैदराबाद, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तस्करी गिरोह से संबंधित लगभग 100 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े कई परिसरों पर शुक्रवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद समेत राज्य में करीब पांच स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं।

धन शोधन का यह मामला राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा पी. श्रीनिवास रेड्डी के बेटे हर्ष रेड्डी के खिलाफ दर्ज शिकायत से जुड़ा है। हर्ष रेड्डी पर आरोप है कि उन्होंने सात करोड़ रुपये की पांच घड़ियां खरीदी हैं, जिनके भुगतान क्रिप्टो करेंसी और हवाला गिरोह से जुड़े हैं और ए नवीन कुमार नामक व्यक्ति इस मामले में निदेशालय की जांच के दायरे में है। कांग्रेस नेता पी. श्रीनिवास रेड्डी तेलंगाना सरकार में राजस्व, आवास, सूचना और जनसंपर्क मंत्री हैं।

**जम्मू-कश्मीर के दो जिलों में एनआईए का छापा**

**नई दिल्ली/जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जून में शिव खोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हुए घातक आतंकवादी हमले की जांच के तहत शुक्रवार को राजौरी और रियासी जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए अधिकारी जम्मू-कश्मीर में सात स्थानों पर छापे मार रहे हैं। आतंकवादियों द्वारा नौ जून को श्रद्धालुओं की बस पर की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के बाहर के सात तीर्थयात्रियों सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। गृह मंत्री ने इस आतंकवादी हमले की जांच का जिम्मा 17 जून को एनआईए को सौंपा था। इस मामले में अब तक राजौरी के एक व्यक्ति हाकम खान को गिरफ्तार किया गया है, जिसने आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद मुहैया कराई थी।

## महिला और तीन बच्चों के हत्यारों को फांसी की सजा

संवाददाता, बहराइच

**वर्ष 2021 का है मामला**



- कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 70-70 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में महिला व उसके तीन बच्चों की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने शुक्रवार को दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों को अलग-अलग धाराओं में भी सजा सुनाते हुए 70-70 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के बसंतापुर गजाधरपुर और मदनकोठी में तीन बच्चों व एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी। महिला मेरी कात्यान मुंबई की रहने वाली थी। मामले में थाना क्षेत्र के तेलियनपुरवा ततेहरा गांव निवासी ननकू व सलमान को नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया था। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर ननकू व सलमान को फांसी की सजा सुनाई। वहीं, एक आरोपी दानिश नाबालिग है। उसका केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है।

**जमीन घोटाला मामला**

## सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी

**मैसूरू।** लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने बुधवार को सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिससे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भूमिका तैयार हो गई। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट का यह आदेश उच्च न्यायालय द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया है।

## हर दस में से तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग

**सजगता ही सेहत**


### स्वास्थ्य सचिव ने पेश किए आंकड़े, इस गंभीर समस्या को लेकर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोगों के बढ़ते खतरे को लेकर सचेत किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को देश में बढ़ती इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर (एनएएफएलडी) रोग सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में समस्या है।

युवाओं में इसका खतरा और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कि भारत में 10 में से एक से तीन लोगों में गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग पाया जा रहा है और मोटापे तथा मधुमेह जैसे चयापचय संबंधी विकारों से जुड़ी यह बीमारी तेजी से एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रही है।

अपूर्व चंद्रा ने यहां गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग से जुड़े संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किए। उन्होंने कहा कि भारत ने इसे एक प्रमुख गैर-संक्रामक रोग (एनसीडी) के रूप में पहचानने में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 'एनएएफएलडी मोटापे, मधुमेह और हृदय रोगों जैसे चयापचय संबंधी विकारों से निकटता से जुड़ा है। 10 में से एक से तीन लोगों में एनएएफएलडी हो सकता है, जो बीमारी के प्रभाव को उजागर करता है।' चंद्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संशोधित दिशा-निर्देश और प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी करना बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिए जा रहे महत्व को दर्शाता है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि ये दस्तावेज सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों से लेकर चिकित्सा अधिकारियों तक सभी स्तरों पर स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक रूपरेखा प्रदान करेंगे। उन्होंने एनसीडी से पीड़ित लोगों के लिए देखभाल की निरंतरता के महत्व पर भी जोर दिया और एनएएफएलडी के प्रसार को कम करने के लिए जीवनशैली में संशोधन की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेष कार्याधिकारी पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि इन दिशा-निर्देशों को जमीनी स्तर के कर्मियों तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि बीमारी का जल्द पता चल सके और एनएएफएलडी का बोझ कम हो सके।



**भारत में बिना मोटापे वाले लोग भी चपेट में**

गैर-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग उन लोगों को प्रभावित करता है, जो शराब कम पीते हैं या बिल्कुल नहीं पीते हैं। इसमें लिवर में बहुत अधिक वसा जमा होने लगती है, जिससे इस अंग का सामान्य कार्य प्रभावित होने लग जाता है। विशेषज्ञों को ठीक से पता नहीं है कि लिवर में वसा बनने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं। हालांकि जीवनशैली के कारक इसका खतरा बढ़ाने वाले माने जाते हैं। पश्चिमी देशों में एनएएफएलडी के ज्यादातर मामले मोटापे के शिकार लोगों में देखे जाते रहे हैं।

# 132 केवीए का लाइटनिंग अरेस्टर खराब, घंटों गुल रही बिजली

## सुधार के लिए देर रात तक जुटी रहीं टीमें, कई इलाकों में रातभर रहा ब्लैक आउट, दूसरे दिन बारिश में हुए फाल्ट से सप्लाई रही ठप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिले में बिजली व्यवस्था एक बार फिर लड़खड़ा गई। रूपपुर कमालु गांव स्थित 132 केवीए पर लगे लाइटनिंग अरेस्टर में खराबी आने से जनपद में बिजली सप्लाई ठप हो गई। गर्मी के बीच बिजली गायब होने से लोग परेशान हो उठे। देर रात तक पावर कॉरपोरेशन की टीमें सुधार कार्य में जुटी रहीं। कई इलाकों में रातभर ब्लैक आउट रहा। शुक्रवार को दिन में रिमझिम बारिश के बीच कई जगह फाल्ट होने से सप्लाई ठप रही।

शहर में पिछले कई सालों से अघोषित कटौती की मार उपभोक्ता झेल रहे हैं। हर बार व्यवस्था के सुधार के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली जा सकी। आंधी बारिश में कई घंटे की कटौती तो आम बात हो चुकी है। गुरुवार रात रूपपुर कमालु स्थित 132 केवीए का लाइटनिंग अरेस्टर खराब हो गया। जिससे बिजली गुल हो गई। इससे उपभोक्ता बिजली आने का इंतजार करते रहे।

मगर काफी देर बाद भी सप्लाई चालू नहीं हुई। इसके बाद इनवर्टर भी जवाब देने लगे। पावर कॉरपोरेशन की टीमें सुधार कार्य में जुटी रहीं। इसके बाद देर रात सप्लाई चालू करा दी गई। हालांकि शहर के मोहल्ला डालचंद, ,खकरा, मोहम्मद फारुख, फीलखाना, बेनी चौधरी, आयुर्वेदिक कॉलेज रोड, शिवनगर कॉलोनी समेत कई इलाकों में गुरुवार रात तीन बजे के आसपास सप्लाई चालू की जा सकी। हालांकि इसके कुछ देर बाद बिली दोबारा चली गई।

शुक्रवार सुबह बादल छाने के बाद हल्की बारिश हुई तो कुछ जगह लोकल फाल्ट हो गए। इन इलाकों में बिजली दोबारा गुल हो गई। इनका सुधार कराने के लिए टीम लगाई गई। मोहल्ला गोपाल सिंह, चूने वाली गली में देर रात एक फेस की सप्लाई ठप रही। मगर, इसका सुधार दूसरे दिन शुक्रवार दोपहर बाद कराया जा सका। जिसे लेकर उपभोक्ताओं ने नाराजगी भी जताई।



नकटादाना उपकेंद्र में सुधार कार्य कराते जेई जहांगीर आलम व अन्य।

### इस तरह काम करता है लाइटनिंग अरेस्टर

लाइटनिंग अरेस्टर या सर्ज अरेस्टर एक ऐसा उपकरण है जिसे घरों, संरचनाओं और बिजली लाइनों को बिजली के खतरनाक उछाल से बचाने के लिए लगाया जाता है। लाइटनिंग अरेस्टर या बिजली अवरोधक, बिजली के खतरनाक उछाल से घरों, संरचनाओं, और बिजली लाइनों को बचाने वाला एक सुरक्षा उपकरण है। लाइटनिंग अरेस्टर में एक उच्च-वोल्टेज टर्मिनल और एक ग्राउंड टर्मिनल होता है। जब बिजली का उछाल बिजली लाइन के साथ अरेस्टर तक पहुंचता है, तो करंट को अरेस्टर के ज़रिए ज़्यादातर मामलों में धरती की ओर मोड़ दिया जाता है। बिजली सबस्टेशनों में इस्तेमाल होने वाले लाइटनिंग अरेस्टर बड़े उपकरण होते हैं, जिनमें कई फ़ीट लंबी और कई इंच व्यास वाली चीनी मिट्टी की ट्यूब होती है। लाइटनिंग अरेस्टर को उनके कार्यों के मुताबिक वर्गीकृत किया जाता है। लाइटनिंग अरेस्टर को एयर टर्मिनल और बॉन्डिंग के संयोजन में लाइटनिंग प्रोटेक्शन सिस्टम के हिस्से के रूप में लगाया जाता है।



लाइटनिंग अरेस्टर ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



केवीए रूपपुर में फाल्ट ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सुस्त चल रहा बंच लाइन का काम

बिजली सप्लाई बेहतर हो सके और बिजली चोरी पर शिकंजा कसा जाए। इसके लिए बंच लाइन डालने का काम भी शहर में कराया जा रहा है। मगर इस काम की चाल भी बेहद सुस्त गति से चल रही है। बीते दिनों तो काम रुक भी गया था। अभी भी शहर के मोहल्ला साहूकारा, आसफजान, डोरीलाल, मोहतसिम खां, दुर्गाप्रसाद समेत कई ऐसे घनी आबादी वाले इलाके हैं, जहां पर जर्जर और झूलते तारों के मकड़जाल हैं। इनमें फाल्ट होने के बाद सप्लाई को बाधित होती रहती है। साथ ही तारों की नींचाई को लेकर हादसे का भी डर बना रहता है।

132 केवीए में लाइटनिंग अरेस्टर (एलए) में खराबी आ गई थी। जिसकी वजह से करीब दो घंटे तक जनपद भर की सप्लाई बाधित रही थी। इसका सुधार कराकर सप्लाई रात को ही चालू करा दी गई थी। कुछ अन्य लोकल फाल्ट हुए थे, उनका भी सुधार करा दिया गया था। सभी जगह की सप्लाई चालू कराई जा चुकी है।
– **जहांगीर आलम**, जेई पावर कारपोरेशन



पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक करता कर्मी।



गांधी स्टेडियम रोड सुनगढ़ी मोहल्ले फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

## एक नजर

### लेखपाल पर झूठी रिपोर्ट लगाने का आरोप

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में ग्राम सिमरिया तालुके अजीतपुर बिल्हा के सुखलाल पुत्र सुमेर लाल ने बताया कि उनके खेत तक जाने के लिए पुराने समय से एक चकरोड है। जिसे गांव के ही कुछ लोगों ने काटकर मिट्टी निकलवाई। इससे संबंधित शिकायत की गई, लेकिन लेखपाल ने आरोपियों से मिलीभगत करके झूठी जांच रिपोर्ट बना दी। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, एफआईआर दर्ज

**पूरनपुर :** नगर की अशोक कालोनी के रहने वाले काबुल सिंह ने अपने बेटे हकूमत सिंह को कनाडा भेजने के लिए एक इमीग्रेशन के संचालक से सौदा किया। आरोप है कि संचालक ने बीस लाख में हकूमत सिंह को वर्क वीजा पर कनाडा भेजने का आश्वासन दिया। रुपये लेने के बाद उनके बेटे को अवैध रुप से स्पेन भेजा गया। वहां उसको बंधक बना लिया गया। बेटे को वापस लाकर कनाडा भेजने के लिए उनसे 48 लाख पच्चीस हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने एसपी के आदेश पर परमवीर सिंह, किरन कौर निवासी भैरों खुर्द, हरप्रीत सिंह और मंजीत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### खेत में किसानों पर सियार का हमला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गन्ने के खेत से निकले सियार ने खेत की रखवाली कर रहे किसानों पर हमला कर घायल कर दिया। इसको लेकर दहशत फैल गई। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घुंघचाई क्षेत्र के गांव अजीतपुर बिल्हा के रहने वाले कंधई सिंह, राधेश्याम, चंदौखा राम बहादुर सहित आधा दर्जन किसान धान की फसल की रखवाली कर रहे थे। इस दौरान अचानक गन्ने के खेत से निकले सियार ने किसानों पर हमला कर दिया। किसानों के चीखने पर दूसरे खेतों की रखवाली कर रहे किसान उन्हें बचाने के लिए पहुंच गए। उन्होंने लाठी डंडे से किसानों को बचाया। सियार के हमले में किसान घायल हो गए हैं। रात में उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया।

### सड़क हादसे में युवक घायल, हालत नाजुक

**पीलीभीत।** शहर के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी रामप्रकाश को पैदल जाते समय तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उनकी हालि नाजुक है।

# पोर्टल पर आवेदन लंबित, डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- उद्यमियों ने डीएम के समक्ष रखीं समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों को लेकर डीएम ने नाराजगी जताई। इसका निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। डीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं वाणिज्य बंधु समिति की समीक्षा बैठक के दौरान आवेदन लंबित होने की बात प्रकाश में आई थी।

गांधी सभागार में गुरुवार देर शाम हुई बैठक में निवेश मित्र पोर्टल की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान विभाग स्तर पर श्रम प्रवर्तन विभाग के 10, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नौ, राजस्व के 11, खाद्य सुरक्षा के 13, कृषि विभाग के तीन, रजिस्ट्रार चिट फंडस, विद्युत परिषद, एवं वणिज्य कर का एक-एक आवेदन लंबित पाए गए। जिस पर डीएम ने संबंधित विभागाध्यक्षों को लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में एबी मौरी कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा भरा पचपेड़ा में संपर्क मार्ग पूरा न होने, चहारदीवारी के साथ स्टोन पिचिंग का कार्य अभी तक न होने आदि से अवगत कराया गया। इस पर यूपी सीडा द्वारा बताया गया कि एप्रोच रोड का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन वर्षा होने के कारण रोक दिया गया। दिसंबर तक कार्य पूरा करा लिया जाएगा। उद्यमी अश्वनी अग्रवाल ने असम चौराहा की राइस मिलों के आसपास जलभराव की समस्या बताई गई। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि राइस मिलों के बराबर में अस्थाई नाला बना हुआ है। सरकारी भूमि उपलब्ध होने पर नाला निर्माण होने के बाद पानी निकासी की समस्या खत्म हो सकती है। वाणिज्य बंधु समिति की समीक्षा के दौरान अभिषेक अग्रवाल द्वारा नगरीय क्षेत्र में सफाईकर्मियों द्वारा कूड़ा जलाने से प्रदूषण की समस्या बताई गई।

ईओ को कूड़ा जलाने पर संबंधित के विरूद्व कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। । शहर में छुट्टा पशुओं की समस्या पर भी रखी गई। शहर में लाल रोड बिजली घर से लेकर रंगीलाल चौराहा तक बनाई गई सड़क की गुणवत्ता बेहद खराब होने की बात कही गई। इस पर ईओ ने बताया कि बाढ़ से सड़क पर जलभराव होने के कारण सड़क पर पैच बन गए। ठेकेदार को नोटिस देकर मरम्मत कराने को कहा गया है।

# बाघ देख मजदूरों में मची भगदड़

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** जंगल से निकला बाघ खन्नौत नदी के आसपास डेरा जमाए है। खेत पर काम करने गए मजदूरों ने बाघ देखा तो होश उड़ गए। वनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की। ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है। जंगल के किनारे तार फेंसिंग ना होने से वन्य जीव जंगल से निकलकर आबादी की ओर रुख कर रहे हैं। जिससे मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा बना हुआ है। पीटीआर की माला रेंज के जंगल से निकला बाघ माधोपुर के निकट खन्नौत नदी में डेरा जमाए हुए हैं। शुक्रवार को झाड़ियां से निकला बाघ गन्ने के खेत में पहुंच गया। बाघ को देख खेत में काम कर रहे मजदूर ने दौड़ लगा दी। इसकी सूचना मिलनेपर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बाघ के पग मार्क ट्रेस किए।

# जिले में 72 किसानों को मिलेगा सोलर पंप, बुकिंग कन्फर्म, एसएमएस भेजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सात अक्टूबर तक जमा करनी होगी कृषक अंश की धनराशि
- प्रथम चरण में 98 किसानों को मिले थे सोलर पंप

जिन किसानों की बुकिंग कंफर्म की गई है उनको मैसेज भेजकर कृषक अंश जमा करने की सूचना दे दी है। कोई अनजान व्यक्ति अंश धनराशि जमा करने व छूट देने की बात करता है तो बहकावे में न आएं। – **नरेंद्र पाल**, उप कृषि निदेशक

**अमृत विचार:** पीएम कुसुम योजना के तहत जिले के 72 किसानों को अनुदान पर सोलर पंप दिए जाएंगें। इन किसानों की बुकिंग कन्फर्म करते हुए इन सभी को एसएमएस के माध्यम से सूचना दी दी गई है। चयनित किसानों को सात अक्टूबर तक कृषक अंश की धनराशि जमा करनी होगी। निर्धारित तिथि तक कृषक अंश की धनराशि जमा न करने वाले किसानों की टोकन मनी जब्त कर ली जाएगी। प्रथम चरण में 98 किसान सोलर पंप ले चुके हैं।

शासन ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में 1400 किसानों को अनुदान पर नलकूपों के लिए सोलर पंप दिए जाने का लक्ष्य दिया गया था। ताकि सिंचाई पर आने वाले बिजली खर्च और महंगे डीजल से उन्हें निजात मिल सके। इसके तहत दो एचपी (डीसी), दो एचपी (एसी), तीन एचपी (डीसी), तीन एचपी (एसी), पांच एचपी (एसी), 7.5 एवं 10 एचपी (एसी) सबमर्सिबल पंप किसानों को 60 फीसदी अनुदान पर देने की तैयारी है। प्रथम चरण के तहत 98 किसान योजना का लाभ ले चुके हैं। इधर जुलाई में दूसरे चरण प्रक्रिया शुरू की गई थी। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किसानों द्वारा सोलर पंप को लेकर ऑनलाइन बुकिंग कराई गई। किसानों ने www.agriculture.up.nic.in पर ऑनलाइन बुकिंग कराते हुए पांच हजार रुपये टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा कि गए थे। इधर ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले जिले के 72 किसानों की बुकिंग कंफर्म की गई है।

# सीएचसी में ब्लड से होगी लिवर की जांच

संवाददाता, पूरनपुर

- स्थान परिवर्तन के बाद हाईटेक हुई पैथोलॉजी लैब

**अमृत विचार :** सीएचसी में बनी पैथोलॉजी लैब में अब मरीजों को मैन्युअल जांच के अलावा बायोकेमिस्ट्री मशीन से भी जांच शुरु कर दी गई है। अब इस मशीन से ही सीएचसी पर ही खून के सैंपल से विभिन्न जांच शुरु कर दी गई है। मशीन इंस्टॉल होने के बाद मरीजों को एक घंटे के भीतर कम्प्यूटरीकृत रिपोर्ट मिल जाएगी। इससे मरीजों को सहूलियत मिलेगी।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खून की जांच के लिए पिछले कई वर्षों से पैथोलॉजी लैब संचालित की जा रही है। दवा लेने के लिए सीएचसी पहुंचने वाले मरीजों की डाक्टर के सलाह के बाद आवश्यकतानुसार खून की जांच की जाती है। अभी तक लैब में हीमोग्लोबीन, विडाल, मलेरिया, डेंगू, एचबीएसी, बीडीआरएल और यूरिन आदि की जांच की जाती थी, लेकिन आवश्यकता के तौर पर सीएचसी की पैथोलॉजी लैब का विस्तार किया गया है। सीएचसी भवन के कमरे से लैब को अब दूसरे भवन में स्थापित कर दिया गया है। जहां लैब में बायोकेमिस्ट्री की होने वाली जांचों को करने के लिए मशीनें स्थापित की गई है। अब मैनुअल जांच के साथ ही मशीनों से भी खून की जांच की जाएगी। लैब टैक्नीशियन जगदीश मल्ल ने बताया कि इस मशीन से पीलिया, एलएफटी, बीएफटी, कोलेस्ट्रॉल और लीवर की सभी जांचे की जा सकेंगी। अभी तक इन जांचों के लिए खून का सैंपल जिला अस्पताल भेजा जाता था। या फिर मरीजों को निजी लैब में सात से आठ सौ रुपये खर्च करना पड़ते थे। अब खून से संबंधित सभी जांचे सीएचसी की लैब में शुरु कर दी गई है। जिसकी रिपोर्ट भी एक घंटे के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए मरीज को कोई भी शुल्क नहीं देना होगा।

मरीजों की सुविधाओं के लिए पैथॉलोजी लैब को और अधिक डेवलप कर दिया गया है। इसमें ब्लड संबंधी सभी जांचे की जाएंगी। अन्य सुविधाएं बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।
– **डॉ. आलमगीर**, एमओआईसी सीएचसी

# गन्ना समिति चुनाव: 125 नामांकन पत्र निरस्त

**अमृत विचार, पीलीभीत।** सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव को लेकर शुक्रवार नामांकन पत्रों की जांच हुई। जांच के दौरान खामियां मिलने पर 125 नामांकन निरस्त कर दिए गए। पीलीभीत सहकारी गन्ना समिति के डेलीगेट चुनाव प्रक्रिया चल रही है। एक दिन पूर्व समिति में 671 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इधर शुक्रवार को समिति में नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान अपूर्ण भरे और खामियां मिलने पर 125 नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए। निर्वाचन अधिकारी/ एसडीएम देवेंद्र सिंह ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध नामांकनों सूची को चस्पा की गई है। अब 30 सितंबर को नाम वापसी की प्रक्रिया होगी।

# सीडीओ ने बेटियों संग काटा केक, दिए उपहार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जनपद स्तरीय कार्यक्रम में दी गई योजनाओं की जानकारी



गांधी सभागार में बेटियों संग केक काटते सीडीओ केके सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की ओर से 100 दिनी विशेष जागरूकता अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत हुए जनपद स्तरीय कार्यक्रम में सीडीओ ने बाल सेवा योजना से लाभान्वित बच्चों के साथ संवाद किया। इस दौरान अधिकारियों ने बेटियों संग केक काटा और उन्हें उपहार भी दिए।

गांधी सभागार में सीडीओ केके सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हो रहे बालक-बलिकाओं के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से हुए कार्यक्रम में अधिकारियों ने बालिकाओं के साथ केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया और बेटियों को उपहार दिए। समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई ने अभ्योदय योजना व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारी दी।श्रम परिवर्तन अधिकारी द्वारा महिलाओं को विधिक जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से लाभान्वित बालक-बालिकाओं के साथ संवाद भी किया। जिसमें बालक-बालिकाओं ने सवाल किए। जिनका जवाब देते हुए सीडीओ ने सभी बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित किया। सीओ उपासना पांडेय द्वारा बच्चों को कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए सुझाव दिए गए। समाज कल्याण अधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए ड्रमंड कॉलेज में संचालित कोचिंग सेंटर के विषय में जानकारी दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना,विधवा पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में श्रम परिवर्तन अधिकारी, स्काउट गाइड से शालिनी, महिला कल्याण विभाग से जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन स्टॉफ मौजूद रहा।

# दो करोड़ से जगमगाएगा नौगवां पकड़िया ...लगेंगे 178 हाईमास्ट पोल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** अंधेरे में डूबी हाईवे की सड़कें और गली मोहल्लों को लाइटों से जगमग करने के लिए नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की ओर से एक प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इसके तहत नगर पंचायत क्षेत्र के अधीन समस्त सड़कों पर हाईमास्ट और फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी। इन लाइटों को लगाने के लिए दो करोड़ का बजट खर्च किया जाएगा। 178 से अधिक पोल का प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसकी टेंडर प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है।

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया पहले ग्राम पंचायत हुआ करती थी। करीब पांच साल पहले इसे नगर पंचायत का दर्जा मिला था। हालांकि नगर पंचायत के तौर इसकी व्यवस्थाएं शुरू होने में ही कई साल बीत गए। यहां की आबादी 40 हजार के आसपास है। बीते नगर निकाय चुनाव में नगर पंचायत नौगवां पकड़िया को पहला चेयरमैन मिला। भाजपा की संदीप कौर चेयरमैन चुनी गई। इसके बाद यहां अब विकास का खाका तैयार किया जा रहा है। नौगवां पकड़िया की सड़कें जो अभी तक अंधेरे से डूबी रहती थी। उन पर अब लाइटें लगाने का काम शुरु किया जा रहा है। शासन की ओर से मिलने वाली 15वें वित्त और राज्य आयोग की ग्रांट से अब नौगवां पकड़िया क्षेत्र में लाइटें लगाई जा रही है। इनमें सबसे पहले 86 हाईमास्ट लाइटें लगाई जानी है। यह लाइटें वार्ड नंबर दो से अंडर पास तक लगाई जाएंगी। साथ ही इस क्षेत्र के आसपास में बनी गली मोहल्लों को भी लाइटों से जोड़ा जाएगा। इन लाइटों पर एक करोड़ का बजट खर्च किया जा रहा है। यह कार्य 15वें वित्त आयोग से कराया जा रहा है। जिसका टेंडर भी कर दिया है। इसके अलावा 40 लाइटें नौगवां पकड़िया के अन्य कस्बे में भी लगाई जाएंगी। इन 45 लाख रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। इन लाइटों के लिए पंचायत की ओर से जगह-जगह चिन्हित कर ली गई है। वहीं मंडी समिति से डिग्री कॉलेज की ओर जाने वाली ओवरब्रिज इन दिनों बदहाली का दंश झेल रहा है। जिन पर कभी लाइटें जगामगाती थी। उस पर अब अंधेरा छाया हुआ है। हालांकि कुछ लाइटें ठीक करा दी गई हैं। इसको देखते हुए नगर पंचायत की ओर से मंडी समिति से नौगवां रेलवे क्रासिंग तक ही पंचायत की ओर से 56 हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएगी। बाकी शेष स्थान पर नगरपालिका के अधीन है। इसलिए वहां पर नगर पालिका अपने स्तर से लाइटें लगवाएगी। पंचायत की ओर से 52 हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। जोकि ए ग्रेड की लाइट होगी। इसके लिए 56 लाख रुपये का बजट स्वीकृति किया गया है। यह लाइटें राज्य वित्त आयोग बजट से लिया जा रहा है। इन लाइटों के टेंडर कर दिए गए हैं। इन लाइटों के लगने के बाद नौगवां पकड़िया की सड़कों पर अंधेरा दिखाई नहीं देगा।



नौगवां पकड़िया नगर पंचायत कार्यालय।

- ओवरब्रिज पर भी लगवाई जाएंगी लाइटें, गली मोहल्ले भी होंगे रोशन
- 15वें वित्त आयोग और राज्य वित्त से कराया जाएगा कार्य , टेंडर प्रक्रिया शुरु

### गुणवत्ता तय करेगी विकास की हकीकत

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के जिम्मेदारों की ओर से लाइटों से जगमग करने की तैयारी की गई है। इसका पूरा खाका भी तैयार हो चुका है। चूंकि इससे पहले ही लाइटों का काम अन्य नगर पालिका और नगर पंचायतों में हो चुका है। ग्राम पंचायतों में भी लाइटें लगवाने के नाम पर भारी भरकम बजट खपाया जाता है। मगर, एक तो उनकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता और फिर देखरेख का अभाव। ग्राम पंचायत स्तर के साथ ही नगर पंचायतों में बीते सालों में लाइटों की खरीद फरोख्त के बाद घोटाले का शोर भी मचता रहा है। ऐसे में अब जिम्मेदारों के विकास की हकीकत लगाई जाने वाली लाइटों की गुणवत्ता से तय होगी।

### नवरात्र से होगी काम की शुरुआत

इन दिनों पितृपक्ष चल रहे हैं। इसके बाद नवरात्र शुरू होंगे। नगर पंचायत नौगवां पकड़िया के जगमग करने के लिए टेंडर प्रक्रिया कराई जा चुकी है। मगर अभी काम शुरु नहीं किया गया है। इस काम को पितृपक्ष बीतने के बाद नवरात्र से शुरु कराया जाएगा। फिलहाल तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

नौगवां पकड़िया क्षेत्र में कई इलाके ऐसे थे। जिन पर लाइटें नहीं लगी थी। इस वजह से शाम होते ही अंधेरा छा जाता था। इस समस्या को देखते हुए बोर्ड में इस प्रस्ताव को रखा था। जिस पर स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर निकाला गया है। यह लाइट तीन कैटेगरी की होंगी। अक्टूबर में काम शुरु करा दिया जाएगा।
– **संदीप कौर**, चेयरमैन नगर पंचायत नौगवां पकड़िया

# गांधी जयंती पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम की अध्यक्षता में कार्यक्रमों की तैयार की गई रुपरेखा

**अमृत विचार:** डीएम की अध्यक्षता में गांधी जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने संबंधी बैठक आयोजित की गई।

गांधी सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व गांधी जयंती उत्साहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। डीएम ने दो अक्टूबर को जनपद के विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, वाद विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले तीन-तीन प्रतिभागियों को डीएम द्वारा सम्मानित किया जाएगा। दो अक्टूबर को सुबह सात बजे क्रास कंट्री रेस का भी आयोजन किया जाएगा। सुबह 8.30 बजे जनपद के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण एवं महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया जाएगा। चरखा से सूत कातने का कार्यक्रम भी होगा। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण के साथ ही शहर के सभी वार्डों के सभासद, सफ़ाई नायकों एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। सुबह 10 बजे शांति एकता मार्च का आयोजन वाटर वर्क्स से किया जाएगा। शाम छह बजे शहीद दामोदारदास स्तंभ पर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगें। जिला अस्पताल, जिला कारगार, कुष्ठ एवं वृद्ध आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, डीआईओएस अचल कुमार मिश्रा आदि रहे।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहेंगे और धूप भी खिलेगी

28.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### जन सहयोग कार्यालय के सहायक कार्यमुक्त

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने संजय रॉयल पार्क स्थित जनसहयोग कार्यालय में सहायक पद पर कार्यरत रोहित गंगवार को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया है। राज्यमंत्री ने इसकी सूचना डीएम व एसपी को प्रेषित की है।

### रास्ते से हटने को कहा तो पिटाई कर दी

**बरखेड़ा।** वार्ड नंबर पांच के शकील अहमद ने बताया कि गुरुवार शाम को उनका भतीजा जफर नमाज पढ़कर घर जा रहा था। तभी मोहल्ले के नन्हा के परिजन रास्ते में खड़े थे। शकील ने उनसे रास्ते से हटनेको कहा। इस पर उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद शुक्रवार को जुम्मे की नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे। तभी आरोपी दोबारा आ गए और मारपीट की।

# खूंखार बाघ का नया ठिकाना गोरखपुर प्राणि उद्यान

## डीडी के नेतृत्व में बाघ लेकर पहुंची टीम ने अधिकारियों के सुपुर्द किया, चार सदस्यीय टीम निगरानी में लगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पांच दिन पूर्व माला जंगल से रेस्क्यू किए गए खूंखार बाघ का नया ठिकाना गोरखपुर प्राणि उद्यान होगा। शासन से मिले निर्देश के बाद देर रात डिप्टी डायरेक्टर के नेतृत्व में टीम बाघ को लेकर गोरखपुर रवाना हो गई। शुक्रवार सुबह बाघ को प्राणि उद्यान के अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया गया। वहां बाघ चार सदस्यीय टीम की निगरानी में रहेगा। निगरानी टीम की रिपोर्ट के बाद ही बाघ के भाग्य का फैसला किया जाएगा। वन अफसरों के मुताबिक प्राणि उद्यान में बाघ को अस्थाई तौर पर रखा गया है।



बाघ को लेकर गोरखपुर प्राणि उद्यान पहुंची टीम। ● अमृत विचार

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से 23 सितंबर की सुबह बाघ को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया था। बाघ लंबे अरसे से जंगल से सटे कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांवों में आतंक मचाए था। नौ सितंबर को बाघ ने बांसखेड़ा निवासी एक ग्रामीण को माला रेंज की भैरों बीट में हमला कर मार डाला। घटना से आक्रोशित ग्रामीण आतंक का पर्याय बन चुके बाघ को पकड़ने की मांग पर अड़ गए थे। जिसके बाद शासन स्तर से मिली अनुमति के बाद खूंखार बाघ को पकड़ने की कवायद शुरू की गई थी।

बाघ की गतिविधियों को देखते हुए पीटीआर प्रशासन ने उसे जंगल में रेस्क्यू करने की रणनीति बनाई थी। करीब 14 दिन तक चले अभियान के बाद खूंखार बाघ को 23 सितंबर की सुबह करीब 4.50 बजे माला रेंज की भैरों बीट में ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया गया। रेस्क्यू किए गए बाघ को पीटीआर मुख्यालय पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया।

शासन स्तर से बाघ के संबंध में कोई दिशा निर्देश न मिलने के कारण बाघ पिछले चार दिन से पिंजड़े में कैद था। वन अफसरों एवं पशु चिकित्सक द्वारा लगातार बाघ की मॉनिटरिंग की जा रही थी। इस बीच बाघ की सुनने की क्षमता कम होने की भी बात आई। हालांकि तमाम परीक्षणों के बाद भी स्पष्ट नहीं हो सका कि बाघ बहरा है। इस बाबत डिप्टी डायरेक्टर द्वारा जानकारी शासन स्तर पर दी गई।

इधर शासन स्तर पर एक्सपर्ट से राय मशविरा के बाद गुरुवार देर शाम पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) की ओर से रेस्क्यू किए गए बाघ को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान गोरखपुर में छोड़ने के निर्देश दिए गए। शासन स्तर से आदेश मिलने के बाद ही देर रात पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के नेतृत्व में टीम बाघ को लेकर गोरखपुर के लिए रवाना हो गई। इधर शुक्रवार सुबह टीम ने बाघ को गोरखपुर प्राणि उद्यान के अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया। टीम में डिप्टी डायरेक्टर के अलावा पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार, वन दरोगा रामभरत यादव समेत अन्य वनकर्मी शामिल रहे।

### दो पशु चिकित्सकों के नेतृत्व वाली टीम करेगी निगरानी

रेस्क्यू किए गए बाघ की सुनने की क्षमता कम होने का मामला आया है। बाघ के स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी रिपोर्ट शासन को भेजी गई। जिसके बाद पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) ने प्राणि उद्यान में बाघ को चार सदस्यीय टीम की निगरानी में रखने का फैसला लेते निगरानी टीम का गठन किया है। निगरानी टीम में गोरखपुर प्राणि उद्यान के निदेशक विकास यादव को अध्यक्ष एवं उप निदेशक डॉ. उत्कर्ष शुक्ला, पीटीआर के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दक्ष गंगवार, गोरखपुर प्राणि उद्यान के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश प्रताप को बतौर सदस्य शामिल किया गया। निगरानी टीम बाघ की मॉनिटरिंग करेगी। निगरानी टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

> उच्चाधिकारियों द्वारा रेस्क्यू किए गए बाघ को गोरखपुर प्राणि उद्यान के सुपुर्द करने के निर्देश दिए गए थे। देर रात टीम बाघ को लेकर रवाना हुई थी। शुक्रवार सुबह बाघ को गोरखपुर प्राणि उद्यान के सुपुर्द कर दिया गया है। जहां बाघ की लगातार निगरानी की जाएगी। निगरानी टीम की रिपोर्ट के बाद ही बाघ के संबंध में शासन स्तर से अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

# युवक के अपहरण में दोषी को नौ साल कैद, जुर्माना भी लगा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने सुनाया फैसला
- 23 जुलाई 2015 को बरखेड़ा इलाके में हुई थी घटना

**अमृत विचारः** युवक का अपहरण करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना ने आरोपी बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम चिनौरा निवासी सत्यपाल पुत्र लाखन को दोषी पाते हुए दंडित किया। आरोपी को नौ साल कैद और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन कथानक के अनुसार थाना बरखेड़ा में क्षेत्र के ग्राम चिनौरा की रहने वाली मोहन देवी पत्नी स्वर्गीय भूपराम ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार उसके 38 वर्षीय पुत्र सत्यपाल को गांव का ही आरोपी सत्यपाल पुत्र लाखन 23 जुलाई 2015 को अपने साथ ले गया था।

युवक को ले जाते वक्त कहा था कि ट्रक पर साथ चलना है। कई दिन बाद आरोपी अपने घर वापस आ गया लेकिन वादिनी का पुत्र वापस नहीं आया। जब आरोपी से पुत्र के बारे में जानकारी करना चाही तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। ये कहता रहा कि आज कल में बेटा घर आ जाएगा। वादिनी ने अपने प्रार्थना पत्र में बेटे के बारे में सही जानकारी ने देने का आरोप आरोपी पर लगाते हुए हत्या कर शव गायब करने की आशंका जताई थी।

विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी सत्यपाल पुत्र लाखन के खिलाफ धारा 364 आईपीसी में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायालय ने नौ नवंबर 2016 को आरोपी के खिलाफ आरोप विरचित किए। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश अनु सक्सेना की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए दंडित किया। वहीं अपहृत सत्यपाल के बारे में कुछ पता नहीं चल सका है।

# किराना की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता, अमरिया

- अमरिया क्षेत्र के ग्राम कैमोर में गुरुवार देर रात हुई दुर्घटना

**अमृत विचारः** किराना दुकान में गुरुवार रात भीषण आग लग गई, जिसने ऊपरी मंजिल पर बने व्यापारी के आवास को भी चपेट में ले लिया। पड़ोस में रहने वाले भाई ने दुकान के अंदर से धुआं निकलता देखा तब हादसे का पता चला। व्यापारी ने पहले अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। फिर दमकल टीम को सूचना दी। दमकर टीम करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकी। बताते हैं कि आग में करीब 12 लाख रुपये का सामान जल गया।



आगजनी की जानकारी करते ब्लॉक प्रमुख अमरिया निशान सिंह। ● अमृत विचार

अमरिया थाना क्षेत्र के कैमोर के रहने वाले प्रताप सिंह राठौर की किराना दुकान है। गुरुवार देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर चले गए। खाना खाकर परिवार समेत सोने चले गए। देर रात दुकान में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग भीषण होती चली गई। बंद दुकान से धुआं उठता देख पड़ोस में ही रहने वाले व्यापारी के भाई श्याम सिंह ने परिवार को सूचना दी। आसपास के लोगों ने भी शोर मचा दिया। परिवार वाले भी जाग गए और चीखपुकार मच गई। पहले एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास किया। मगर आग भीषण हो चुकी थी। आग ने मकान को भी चपेट में ले लिया। दुकान के भीतर आग की लपटों के बीच तेज धमाके की आवाजें भी आ रही थी। तीन घंटे तक दमकल टीमें मशक्कत करती रही, तब जाकर आग बुझाई जा सकी। हालांकि दुकान के साथ ही ऊपरी मंजिल पर स्थित व्यापारी का मकान भी आग की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### शार्टसर्किट से आग लगने का अनुमान

किराना दुकान में लगी भीषण आग के पीछे वजह पता लगाने के लिए दमकल टीम भी पड़ताल करती रही। हालांकि रात को आग की वजह से गर्माहट भरी हुई थी। जिसके चलते भीतर प्रवेश कर पाना भी मुनासिब नहीं हो पा रहा था। दूसरे दिन भी टीम ने पहुंचकर मौका मुआयना किया। इस दौरान शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई है। वहीं, व्यापारी की दुकान में लगी आग से स्कूटर, दो फ्रिज, नकदी समेत अन्य सामान जल गया था। दुकान में गांव के कोटेदार की ई-पॉश मशीन चार्जिंग पर लगी थी, जो जल गई।

### ब्लॉक प्रमुख और राजस्व टीम पहुंची

आग से व्यापारी का मकान और दुकान दोनों ही क्षतिग्रस्त हो गए। लाखों का सामान भी नष्ट हो गया। इसकी सूचना मिलने पर शुक्रवार को अमरिया ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह भी पीड़ित परिवार से मिले और ढांढस बंधाया। उधर, राजस्व टीम भी पहुंची। कानूनगो कमल सक्सेना, लेखपाल रामगोपाल गंगवार ने पहुंचकर व्यापारी से मुलाकात कर नुकसान के बारे में जानकारी की। व्यापारी ने मुआवजे की मांग की है।

# ग्रामीण के पहुंचने से पहले ही निकल गए रुपये

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव परानपुर निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि उनके पिता ने बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति जोगीठेर से केसीसी लोन लेने की कार्रवाई की थी। लोन स्वीकृत होने के बाद पिता कोमिल प्रसाद के कस्बा बरखेड़ा में स्थित जिला सहकारी बैंक के खाते में 49 हजार रुपये आ गए थे। शुक्रवार को वह पिता को लेकर रुपये निकालने गए तो पता चला कि कुछ समय पहले ही कोई रुपये निकाल ले गया। उधर, शाखा प्रबंधक का कहना है कि जिस समिति से कोमिल प्रसाद ने केसीसी के तहत लोन की कार्रवाई की है। इसी समिति पर दूसरे गांव का उनके ही नाम का दूसरा किसान भी समिति का सदस्य है। गलती से इसकी कार्रवाई में उनके ही नाम के ही दूसरे कोमिल प्रसाद का कोड आदि डाल दिया गया था।

# फर्जी शैक्षिक अभिलेख लगाकर पीटीआर में नौकरी हथियाई, अब दर्ज हुई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- वर्ष 2013 में हुई थी नियुक्ति वर्ष 2020 में वन दरोगा के पद पर हुई थी प्रोन्नति
- शिकायत के बाद कराया सत्यापन तो हाईस्कूल और इंटर की मार्कशीट निकली फर्जी

**अमृत विचार :** फिरोजाबाद जिले के एक युवक ने11 साल पहले फर्जी शैक्षिक अभिलेख लगाकर वन रक्षक की नौकरी हथिया ली। इतना ही नहीं कई साल नौकरी करने के बाद कार्य संतोषजनक पाते हुए विभाग में उसकी प्रोन्नति करते हुए वन दरोगा भी बना दिया। मगर इस बीच हुई एक शिकायत के बाद आरोपी के शैक्षिक अभिलेख का सत्यापन कराया गया तो फर्जी पाए गए। इसके बाद प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी की तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी श्रीराम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि प्रकाश वीर पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल निवासी ग्राम लालबाग राजनगर अकबरपुर जिला फिरोजाबाद की नियुक्ति 20 जुलाई 2013 को वनरक्षक के पद पर हुई थी। उक्त कर्मचारी का 2020 में चयन समिति द्वारा संतोषजनक सेवा पाए जाने के बाद वन दरोगा के पद पर प्रोन्नति भी दे दी गई थी। इसी बीच मेरठ के कैंट मवाना रोड स्थित एक युवक ने प्रकाश वीर के शैक्षिक अभिलेख के फर्जी होने की शिकायत की। जिसके बाद वन विभाग कार्यालय द्वारा शैक्षिक अभिलेख का सत्यापन माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद बोर्ड को भेज कर करवाया गया। इसके बाद अपर सचिव क्षेत्रीय कार्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद मेरठ में प्रकाश वीर द्वारा प्रस्तुत मार्कशीट को फर्जी बताते हुए अपनी रिपोर्ट दी। फर्जी शैक्षिक अभिलेख पाए जाने के बाद प्रकाश वीर की सेवा समाप्ति का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। प्रशासनिक अधिकारी ने प्रकाश वीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया। प्रशासनिक अधिकारी की तहरीर पर सदर कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (2),338, 336(3),340 (2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

# सात पंचायत सचिवों को नोटिस जारी, खाते पर रोक लगाने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक साल बीतने के बाद भी धनराशि खर्च नहीं कर सके जिम्मेदार
- ग्राम पंचायतों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत दी गई थी धनराशि

**अमृत विचारः** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों को दी गई धनराशि साल बीतने के बाद भी खर्च नहीं की गई। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सख्ती बरतते हुए पांच ब्लॉकों के सात पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। तीन दिन के भीतर भुगतान की कार्यवाही न करने पर खातों से धनराशि आहरण पर रोक लगाने की चेतावनी दी गई है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत ग्राम पंचायतों को पिछले वित्तीय वर्ष में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कार्य कराने धनराशि दी गई थी। ग्राम पंचायतों को धनराशि व्यय करने के लिए जनपद स्तर से क्रेडिट लिमिट तय की गई थी। बताते हैं कि साल भर बीतने के बाद भी कुछ ग्राम पंचायतों में क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष धनराशि खर्च नहीं की गई।

मामला जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार के संज्ञान में आया तो उन्होंने सख्ती बरतते हुए पांच ब्लॉकों के सात पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विभाग के मुताबिक बिलसंडा ब्लॉक के पंचायत सचिव पुष्कर सिंह राणा ने पसगवां ग्राम पंचायत में 63.68 प्रतिशत, खजुरिया नवीराम में 87.52, कृष्णपाल सिंह ने हररई में 76.79, पिपरागहना में 82.19, अमरिया के रामप्रकाश ने बगनेरा बगनैरी में 40.39, बांसखेड़ा में 86.56, हररायपुर में 75.37, जिठनिया में 88.96, मुड़लिया गौसु में 88.66 प्रतिशत, बरखेड़ा ब्लाक के सचिव सुमित कुमार ने ग्राम पंचायत अधकटा में 65.35, पेनिया हिम्मत में 85.82, परेवा अनूप में 74.68, पपिरया मंडन में 64.48, उमरिया में 43.28 प्रतिशत, इसी ब्लाक के ही सचिव लालबहादुर गंगवार ने कटकवारा में 86.46, बीसलपुर ब्लॉक के सचिव विजय तिवारी ने जसौली दीवारी में 46.66 और ललौखेड़ा ब्लाक के सचिव अखिलेश गुप्ता ने ग्राम पंचायत गौछ में 76.37 एवं शाही में 85.96 प्रतिशत धनराशि की खर्च की।

इन सभी सातों सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने एवं ग्राम पंचायतों में अवशेष धनराशि नियमानुसार व्यय करने के निर्देश दिए हैं। तीन दिन के भीतर भुगतान की कार्रवाई न करने पर संबंधित ग्राम पंचायतों के खातों से धनराशि आहरण पर रोक लगाने की चेतावनी दी गई है। योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ खासी सख्त है। बावजूद इसके तमाम अधिकारी अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

> लापरवाही पर सात पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समय के भीतर भुगतान की कार्रवाई न करने पर खातों से धनराशि आहरण पर रोक लगा दी जाएगी। – **सतीश कुमार**, डीपीआरओ

# मौत के 11 माह बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

संवाददाता, बीसलपुर

- एफआईआर में मृतक की पत्नी समेत 12 लोग नामजद

**अमृत विचारः** एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने 11 माह बाद कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की है। इसमें मृतक की पत्नी समेत 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में ग्राम खिरकिया की रामबेटी पत्नी ओमप्रकाश ने बताया कि उसके पुत्र नीरज कुमार की शादी चौसरा गांव की रहने वाली एवन पुत्री नारायण देव से हुई थी। कुछ समय बाद से ही पुत्रवधु ने बेटे को परेशान करना शुरू कर दिया। पुत्रवधू के मायके से त्रिवेणी देवी, सत्यवान, वीरेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार, सत्येंद्र, रविंद्र, कपिल देव ,कृष्ण देव, सचिन, अभिषेक आए दिन घर आकर बेटे से मारपीट करते थे। इसी बीच बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पुरैना के ओमवीर का घर आना-जाना बढ़ गया। जिसका नीरज विरोध करता था। इस पर पुत्रवधू झगड़ा करती थी। नौ अक्टूबर 2023 की रात नौ बजे पुत्रवधू ने अपने मायके वालों को बुला लिया। वह पुत्रवधू को लेकर चले गए। दूसरे दिन 10 अक्टूबर को नीरज पर धमकी भरे फोन आए। 13 अक्टूबर नीरज का शव अठकोना गांव में खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ से टिका मिला। पतली रस्सी गले में पड़ी हुई थी। उस वक्त भी तहरीर दी गई लेकिन सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक का शव नाले में पड़ा मिला

**बीसलपुर।** एक युवक का शव नाले में पड़ा मिला। नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के रामकुमार का बेटा नरेश चंद्र अपने साथी के साथ पड़ोस के गांव रम्पुरा में मजदूरी के रुपये लेने गया था। कुछ देर बाद ही नरेश का शव रपटुआ नाले में पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलने पर शुक्रवार को पत्नी ऊषा देवी समेत परिवार के सदस्य पहुंच गए। कोतवाल भी पुलिस बल के साथ आ गए। गोताखोरों को बुलाकर शव को नाले से बाहर निकाला गया। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**गजरौला, अमृत विचारः** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। ग्राम कल्याणपुर नौगवां की उर्मिला देवी पुत्री बाबूराम ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी पांच मई 2019 को हुई थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग की गई। इसके पूरा न होने पर 23 मार्च की शाम मारपीट कर घर से निकाल दिया। थाने में तहरीर दी गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद एसपी से गुहार लगाई। अब एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति हरिश्चंद्र, सास रामश्री, ननद निधि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# 42 लेकर 90 हजार चुकाए फिर भी 55 हजार बकाया

संवाददाता, बिलसंडा

- सूदखोर से परेशान पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**अमृत विचारः** सूदखोरी का एक और खेल उजागर हुआ है। नगर के मोहल्ला देवीस्थान में सूदखोर से एक युवक ने 42 हजार रुपये लिए। इसके एवज में 90 हजार की अदायगी भी कर दी। इसके बावजूद 55 हजार रुपये बाकी रह गए। सूदखोर से परेशान युवक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें एक दरोगा पर भी आरोप लगाए हैं।

नगर के मोहल्ला देवी स्थान के विशम्भर दयाल के पुत्र सौरभ कश्यप ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उसने कुछ माह पूर्व मोहल्ले के ही एक व्यक्ति से 42 हजार रुपये उधार लिए थे। जबकि ब्याज समेत 90 हजार रुपये दे चुका है। बावजूद इसके सूदखोर उस पर 55 हजार की बकाया दर्शाकर आए दिन दबाव बना रहा है। आरोप है कि सूदखोर के कहने पर एक दरोगा ने भी युवक को रुपए न देने पर जेल भेजने की धमकी दे डाली। दरोगा और सूदखोर से परेशान युवक ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि नगर में बिना लाइसेंस के सूदखोरी का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है।

# भैंसहा ग्वालपुर में नालियां चोक, कीचड़ से होकर स्कूल जाते हैं बच्चे

संवाददाता, बरखेड़ा

- स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में भी नहीं सुधरे हालात, संक्रामक बीमारियों का खतरा

**अमृत विचारः** इन दिनों स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में साफ सफाई के साथ ही लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बावजूद इसके अभी तमाम गांव ऐसे हैं, जिनकी सूरत बदहाल है। बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैंसहा ग्वालपुर में बीते कई सालों से मुख्य सड़कें तालाब बनी हुई है। यहां बिना बारिश के जलभराव रहता है। नालियां चोक होने गंदा पानी और कीचड़ लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।



भैंसहा ग्वालपुर की गली में भरा गंदा पानी और कीचड़। ● अमृत विचार

बरखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत भैंसहा ग्वालपुर की आबादी चार हजार है। यहां 1700 से अधिक मतदाता हैं। यहां विकास के कई दावे जनप्रतिनिधियों की ओर से किए जाते रहे हैं। मगर, ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को विवश है। उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है। सबसे अधिक दिक्कत गलियों में फैली गंदगी को लेकर है। एक मुख्य गली का आलम ये है कि मौसम कोई भी हो लेकिन जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी रहती है। बताते हैं कि नाली के पानी का निकास करीब छह सालों से बंद पड़ा है। जिसकी वजह से नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। उसी से ग्रामीण गुजरते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों की खासा मुसीबत है। उन्हें भी गंदे पानी से होकर ही जाना पड़ता है। गंदगी होने से मच्छरों की भरमार है। दवा का छिड़काव भी नहीं कराया जाता। आरोप है कि साफ सफाई करने के लिए भी कोई कर्मचारी इस गली में नहीं पहुंचता। बारिश के दिनो में भी दिक्कत और बढ़ जाती है। संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। कई बार तो दुपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं। कई बार शिकायत की गई, लेकिन इसका आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिल सका। जिसकी वजह से ग्रामीणों में खासा रोष है।

> नाली के पानी के निकास को लेकर दिक्कत है। तालाब के पाट लिए जाने के साथ ही एक पाकड़ आगे की तरफ है। जिससे पानी का निकास बाधित हो रहा है। नालियां गांव में बनी हुई है। ग्रामीणों की दिक्कत को देखते हुए समस्या का समाधान कराया जा रहा है। – **गंगाराम**, ग्राम प्रधान



नाली के पानी का निकास न होने से समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इसकी वजह से गंदगी जमा रहती है और आवागमन में दिक्कत हो रही है। जिम्मेदारों को संज्ञान लेना चाहिए। – **राम सिंह**, ग्रामीण



सालों से बिना बारिश के ही गली में गंदा पानी जमा हो रहा है। कीचड़ भी फैली रहती है। जिसकी वजह से संक्रामक रोगों के फैलने का भी डर रहता है। मच्छर भी पनप रहे हैं। – **उमरायलाल**, ग्रामीण



पहले ये दिक्कत नहीं थी। कुछ सालों में तालाब के पटने की वजह से नाली के पानी का निकास ही बंद हो गया और गंदगी फैलती चली गई। कई बार समाधान के लिए शिकायत हो चुकी है। – **आसाराम**, ग्रामीण



गली में हुए जलभराव और कीचड़ से दिक्कत तो सभी को है। बुजर्गों को मार्ग से गुजरते वक्त परेशान होना पड़ता है। बच्चे स्कूल जाते हैं तो उन्हें भी दिक्कत होती है। रामकिशोर, ग्रामीण

### तालाब पटने से बंद हुआ पानी का निकास

गांव की एक मुख्य गली में जलभराव और कीचड़ की समस्या करीब छह साल से है। ग्रामीणों की मानें तो पहले मेन नाली के पानी का निकास तालाब की तरफ होता था। इसके बाद कुछ लोगों ने तालाब पाट लिया। इसकी वजह से नाली के पानी का निकास ही बंद हो गया। इसी के चलते नालियों का पानी अब सड़क पर जमा रहता है।

# कौशल्या जब बोलन जाई ठुमुकु-ठुमुकु प्रभु चलहिं पराई

## श्रीराम लीला में नामकरण संस्कार व बाल लीला का मंचन किया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर के परमठ मंदिर पर चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव में नामकरण संस्कार, बाल चरित्र लीला एवं विद्या अध्ययन लीला सजीव मंचन किया गया। जिसे देख भक्त भावविभोर हो गए।

लीला में दिखाया गया कि प्रभु राम के जन्म के पश्चात रानी कैकई ने एक और सुमित्रा ने दो पुत्रों को जन्म दिया। महाराज दशरथ चारों पुत्रों के जन्म का समाचार पाकर अत्यंत प्रसन्न हो उठे और सभी अयोध्यावासी भी यह शुभ खबर पा अत्यंत प्रफुल्लित हो उठे। महाराज दशरथ कुलगुरु वशिष्ठ से बोले हे गुरु श्रेष्ठ आप शुभ लग्न देख इनका नामकरण संस्कार संपन्न कराएं। तब कुलगुरु वशिष्ठ ने वेद मंत्रोच्चार पूर्ण हवन करने के पश्चात दशरथ से बोले ये जो कौशल्या नंदन हैं ये परम सुखों के धाम हैं इनका नाम राम, कैकई नंदन जो इस पृथ्वी का भरण पोषण करने वाले हैं इनका नाम भरत, सुमित्रा के ज्येष्ठ पुत्र जो शुभ लक्षणों के अधीन हैं लक्ष्मण और अनुज पुत्र जो शत्रुओं का हनन करने वाले हैं उनका नाम शत्रुघ्न है। सभी भक्तगण राम - लक्ष्मण- भरत - शत्रुघ्न की जय जयकार करने लगे।

बचपन में ही लक्ष्मण ने राम तथा शत्रुघ्न ने भरत के साथ अपनी जोड़ी बना ली। महाराज दशरथ रानियों सहित चारों पुत्रों की बाल क्रीड़ाओं को देख प्रफुल्लित होते हैं। कौशल्या जब बोलन जाई। ठुमुकु ठुमुकु प्रभु चलीह पराई। भोजन करत चपल चित इत उत अवसरू पाई। भाजी चले किलकत मुख दधि ओदन लपटाई।। ज्यों ही चारों पुत्र बड़े हुए महाराज दशरथ ने कुलगुरु वशिष्ठ से कहकर उनका यज्ञोपवीत संस्कार पूर्ण कराया। तत्पश्चात चारों भाई कुलगुरु वशिष्ठ के आश्रम जाकर वहां विद्याध्ययन करते हैं। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, केशव सक्सेना, निरंजन शर्मा, अंशुमान मिश्र, अमरीश कुमार शर्मा अंबू, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, अवनीश शर्मा, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, प्रदीप शर्मा, विनीत शर्मा, पुनीत शर्मा, वंश सक्सेना आदि रहे।

### रासलीला में गोवर्धन पूजा का मंचन

**पूरनपुर :** नगर के अमोल बेंकट हाल में श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल की श्री रास लीला का आयोजन कराया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यक्रम में गोवर्धन पूजन हुआ। इसके अलावा इंद्र के मान मर्दन का मंचन किया गया। इस दौरान भगवान को 56 भोग लगाया गया। बैंकट हाल के संचालक श्रीकृष्ण गुप्ता ने भगवान गिरीराज का अभिषेक किया।

## भाषण प्रतियोगिता में बीए की छात्रा मुस्कान प्रथम

**पलियाकलां, अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह जी महाराज राजकीय महाविद्यालय में आत्मनिर्भर भारत विषय पर विद्यार्थियों की भाषण प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश शुक्ल ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान कुमारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान कुमारी ने प्रथम स्थान, बी काम पंचम सेमेस्टर की छात्रा अजरा खातून ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।,जबकि छात्रा प्रिया गुप्ता व वंश वर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पाया। निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार यादव व डॉक्टर वसीम खान रहे।

## पशु आरोग्य मेले में 310 पशुओं का परीक्षण

**बांकेगंज, अमृत विचार :** विकास खंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत बक्खारी अलीगंज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का ग्राम प्रधान रामदयाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया, जिसमें डॉक्टरों ने 310 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि :शुल्क दवाएं दीं।

## प्रभु कृपा पाने को विनम्रता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में मोहल्ला साहूकारा स्थित श्रीराधा रमन मंदिर (राजा साहब के मंदिर) में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे। कथा के दौरान कथावाचक पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि प्रभु की कृपा और गुरुजनों का आशीष पाने को विनम्र होना जरूरी है।

कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि अभिमानी व्यक्ति अपने जीवन में चाहे कुछ भी प्राप्त कर ले, लेकिन प्रभु की कृपा और बड़ों का आशीष प्राप्त नहीं कर सकता। भगवान की कृपा और गुरुजनों का अशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विनम्र होना आवश्यक है। वर्तमान में व्यक्ति अपने गुरुजनों के सामने झुकना नहीं चाहता। उसे लगता है कि इससे उसका सम्मान चला जाएगा। उसे नहीं मालूम जो अपने बड़ों के चरणों में झुकता है वह उनके हृदय में स्थान पाता है। अपने से बड़ों के हृदय में स्थान बनाने के लिए इसके अतिरिक्त कोई उपाय नहीं। जो बड़ों के चरणों में प्रणाम करता है वह आयु विद्या यश और बल चारों चीजें सहज में प्राप्त कर लेता है। महाभारत में धर्मराज युधिष्ठिर ने अपने विरोध में खड़े भीष्म पितामह और द्रोणाचार्य के चरणों में प्रणाम करके विजयी होने का आशीर्वाद प्राप्त किया था। रामायण में प्रभु राम भी बड़ों के चरणों में प्रणाम करके ही काम की शुरुआत करते थे। अध्यक्ष विश्वनाथ चंद्र, अतुल अग्रवाल, दीपक गोयल, राजीव अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, अवधेश अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, अजय पांडे, कमल यादव, डॉ.प्रमोद अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, अनुज अग्रवाल रहे।

## नगर पालिका के जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप, जांच के आदेश

- फर्म बनाकर ठेकेदारी करने का आरोप, एसडीएम करेंगे जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर नगर पालिका में अवर अभियंता निर्माण पर फर्म बनाकर ठेकेदारी करने और एक जिले में सात साल से तैनात रहने का आरोप लगा है। इसकी शासन में शिकायत की गई थी। डीएम ने जेई को तलब किया है। डीएम ने जेई की जांच एसडीएम सदर को सौंप दी है। जेई इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए है।

बरेली के रहने वाले अबोध कुमार सिंह ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया था कि पीलीभीत नगरपालिका में जेई इंद्रजीत सिंह सात साल से कार्यरत है। वह पालीभीत के अलावा बीसलपुर और नगर पंचायत नौगवां पकड़िया का भी चार्ज संभाल रहे हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जेई ने अपने परिवार के सदस्यों के नाम से एक फर्म बना रखी है। वह बरेली में पीडब्ल्यूडी समेत कई अन्य विभागों में ठेकेदारी कर रहे हैं। प्रतिदिन बरेली से आवाजाही करते हैं। नगर पालिका पीलीभीत में भी अपना काकस फैला रखा है। शिकायतकर्ता ने समय पूरा होने के चलते जेई का तबादला अन्य किसी जिले में करने की मांग उठाई है। यह शिकायत जब डीएम कार्यालय पहुंची, तो डीएम संजय कुमार ने जेई को तलब करते हुए मामले की जानकारी की। डीएम ने जांच एसडीएम महिपाल सिंह को सौंप दी है।

## सार-संक्षेप

### पहले बांटे बर्तन, फिर कराई मेले की शुरुआत



**बरखेड़ा।** नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत तीन से छह साल के बच्चों के लिए हार्टकुक मील योजना के संचालन के लिए बर्तन वितरित किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने बर्तनों का वितरण किया। इस मौके पर श्रीपाल, प्रवेश कुमार, मोहम्मद इलियास, नरेश कुमार, राजेश कुमार, नफीस अहमद, लेखाकार नफीस अहमद, बाल विकास परियोजना अधिकारी मूर्ति देवी, गौशाला प्रभारी देवकीनंदन, चेतन जायसवाल कंप्यूटर ऑपरेटर, महेश चंद्र, देवांग शर्मा, मनोज कुमार, प्रदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।उधर, इस कार्यक्रम के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने दौलतपुर पट्टी में फीता काटकर मेले की शुरुआत कराई। मेले में दंगल भी हुआ। विकास पहलवान कल्यानपुर, सतवीर पहलवान दातागंज, आदित्य पहलवान बांदा, चंचल पहलवान हाथरस, राजा पहलवान हाफिजगंज, आरिफ पहलवान बरखेड़ा,स्टील बॉडी पहलवान बरखेड़ा, रिंकू पहलवान मथुरा के बीच कुश्ती हुई।इस मौके पर मेला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद राठौर, कोषाध्यक्ष राजपाल राठौर, दीनदयाल कश्यप, मेला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कश्यप, राजेंद्र भारती,ताराचंद मौर्य, गंगाराम भारती, गंगाराम पासवान, मेला संचालक अमोद कुमार पांडेय, होरीलाल कश्यप आदि मौजूद रहे।

### बीसलपुर में चेयरमैन प्रतिनिधि ने बांटे बर्तन



**बीसलपुर।** नगर में संचालित 47 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों को शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल के प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की ने बर्तन बांटे। जिसमें बाल्टी, थाली , गिलास, कढ़ाई आदि थे। गैस सिलेंडर और चूल्हे का भी वितरण किया गया। इस मौके पर ईओ शमशेर सिंह, बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर अलका गंगवार, अकरम खान, ब्रह्मा देवी, बरखा सागर, ममता गंगवार, पुष्पा देवी, पूनम देवी, सुमंगला देवी, किरण देवी, उर्वशी, आशा मिश्रा ,सुमन लता शाक्य, लक्ष्मी देवी, सरिता आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों ने की कॉलेज में साफ सफाई

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा उपाधि महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। जिसमें धार्मिक स्थल की भी सफाई की गई। छात्रों ने बढ़-चढ़कर के प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.दिवाकर सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्हें स्वच्छता का संदेश दिया और स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता एवं पर्यावरण संबंधित स्वयंसेवकों को जानकारी दें। इस मौके पर चंद्र कुमार, अश्वनी कुमार, नरेंद्र कुमार,अमित राठौर, आकाश कुमार, नरेंद्र कुमार पाल, अरुण वर्मा आदि मौजूद रहे।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्सः-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## एक नजर

### गांव चौपाल में ग्रामीणों को बताईं योजनाएं

**बेहजम, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत किशनपुर में शुक्रवार को गांव चौपाल लगी। इसमें नोडल अफसर परियोजना निदेशक एस एन चौरसिया मौजूद रहे। चौपाल का आयोजन सामुदायिक भवन लखनिया पुर में हुआ। इसमें आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं बताई। इस दौरान परियोजना निदेशक ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता और अपात्रता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आवास पूरी तरह नि:शुल्क है। यदि कोई इसके लिए धनराशि मांगता है तो इसकी सूचना खंड विकास अधिकारी एवं पंचायत सचिव को दें। ग्रामीणों ने समिति पर खाद न होना बताया। इस पर परियोजना अधिकारी ने एआर कोऑपरेटिव से बात कर समस्या का निदान कराने के लिए कहा। खंड विकास अधिकारी श्रद्धा गुप्ता, राम पारस प्रजापति, एडीओ पंचायत अमीरचंद राना, ग्राम प्रधान रामबेटी पांडेय, आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की

**सिंगाही, अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राजा प्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज के छात्रों ने शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाली। इसको उप जिलाधिकारी राजीव निगम एवं नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप जिलाधिकारी ने छात्रों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि अधिकांश बीमारियों की वजह गंदगी है। इसमें मुख्य हाथो की स्वच्छता है। घर और उसके आसपास साफ सफाई रखें। खाने से पहले और शौच जाने के बाद हाथों को अच्छी तरह दो मिनट तक साफ करें। पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने छात्रों को स्वच्छता अपनाकर औरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के लिए जागरूक किया। प्रधानाचार्य मदन गोपाल वर्मा, सुरेंद्र सिंह, हरिओम, सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# खूब चले कागजी तीर..सिस्टम की लापरवाही से और सिकुड़ गईं सड़कें

## अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत तक नहीं करा पाए जिम्मेदार, सब्जी मंडी और मुख्य सड़कों समेत कई मार्गों पर बिगड़ते जा रहे हालात

### रेलवे स्टेशन रोड मुख्य बाजार



रेलवे स्टेशन रोड पर मुख्य बाजार की बात करें तो यहां दिनभर भीड़ रहती है। जाम का समाधान करने के लिए बड़े वाहनों की नो एंट्री है। मगर, इसका सख्ती से पालन नहीं हो पा रहा। इसके अलावा दुकानों के बाहर फुटपाथ घेरकर सामान सजाया जाता है। पार्किंग की सुविधा न होने के कारण ग्राहकों के वाहन सड़क पर बेतरतीब खड़े होते हैं। मुख्य बाजार के पास ही नीबू मंडी, चूड़ी वाली गली, छीपीयान चौराहा समेत अन्य मार्गों पर भी जाम में फंसकर दिन में कई बार राहगीर परेशान होते हैं। स्कूलों की छुट्टी के वक्त लोड बढ़ते ही सुनगढ़ी तिराहे पर भी जाम लगना आम बात हो चुकी है। अभियान तो कई बार शुरू हुए लेकिन विरोध के चलते दम तोड़ गए।



सब्जी मंडी में दुकानों के आगे बनाए गए चबूतरों पर लगीं सब्जी की दुकानें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम एक बार फिर कभी पूरा न होने वाले सपनों की तरह साबित हुई। व्यस्ततम मार्गों पर फैले अतिक्रमण को दूर करने के लिए खूब कागजी तीर चलाए गए। मगर धरातल पर अभियान की शुरुआत तक नहीं हो सकी है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दावे खोखले साबित हुए। सिस्टम की लापरवाही के चलते सड़कें पहले से ज्यादा सिकुड़ गईं।

लंबे समय से अतिक्रमण शहर की एक बड़ी समस्या है। जिसकी वजह से मुख्य मार्गों पर दिन में कई बार जाम लगता है। दुकानों के आगे फुटपाथ घेरकर सामान सजाना और इसके आगे आधी सड़क तक वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। वर्ष 2015 में तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट जितेंद्र कुमार शर्मा की अगुवाई में चलाए गए अभियान में सड़कें अतिक्रमण मुक्त हुईं थीं। मगर न इस अभियान को जारी रखा जा सका, और ना ही दोबारा सख्ती की गई। कभी विरोध तो कभी टीम पर लगाए गए पक्षपात के आरोप अतिक्रमण हटाओ मुहिम का दम तोड़ते रहे। कुछ दिन पहले ही सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से सख्ती अपनाते हुए कई दावे किए गए थे। जिसके बाद गल्ला मंडी और सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटाने की रणनीति भी बनाई गई। इसके बाद कागजी तीर भी चलाए गए, लेकिन अभियान एक माह से अधिक समय बीतने के बाद अभी अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है। इसके पीछे वजह को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हैं। फिलहाल वजह कुछ भी रही हो लेकिन अतिक्रमण मुक्त सड़कों का सपना इस बार भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। अतिक्रमण कारी बेखौफ सड़कें घेरे हुए हैं और खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। कार्रवाई बैठकों के दौरान रणनीति बनाने और फिर जल्द अभियान की शुरुआत कराने की बयानबाजी तक सीमित रह गई हैं।

### शहर का सबसे व्यस्त मार्ग जेपी रोड



रेलवे स्टेशन रोड के बाद शहर का सबसे व्यस्त मार्ग जेपी रोड है। यहां पर बर्तन, कपड़ा, सराफा आदि की दुकानें अधिक हैं। शहर के अलावा दिन में ग्रामीण इलाकों की ग्राहकी भी बड़ी संख्या में है। नजदीक में ही लोहा मंडी और किराना मंडी भी है। ऐसे में भीड़ अधिक रहती है। वैसे तो नो एंट्री लागू कर जाम से निजात दिलाने का पुलिस के स्तर से प्रयास रहता है। मगर अतिक्रमण के चलते व्यवस्था बिगड़ चुकी है। दुकानों के आगे सामान सजा दिया जाता है।इसके बाद वाहनों की पार्किंग बेतरतीब तरीके से होती है। जिसकी वजह से जाम लगता रहता है। इस पर भी कोई सख्ती नहीं हो सकी है।

### सब्जी मंडी में दिन भर लगा रहता है जाम

शहर के बीच घनी आबादी क्षेत्र में स्थित सब्जी मंडी का हाल तो और बदतर है। यहां पर तो दिन भर जाम लगा रहता है। अतिक्रमण की भरमार है। जिसकी वजह से पैदल निकलना भी कई बार दूभर हो जाता है। अभी कुछ समय पहले ही अफसरों की ओर से यहां के बदतर हालात देखे गए और अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की बात कही गई थी। निरीक्षण कर अतिक्रमण को चिन्हित भी कर लिया गया। कई बार कार्रवाई के लिए दिन भी बताए गए लेकिन स्थगित होते गए। अभी तक इस मार्ग पर भी अतिक्रमण को नहीं हटवाया जा सका है। कई बार तो जाम में फंसे राहगीरों के बीच आपस में अनबन भी हो जाती है। यहां पर जाम का असर छीपीयान चौराहा तक रहता है।

> शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्लानिंग की गई है। डीएम की ओर से नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को अभियान चलाकर सड़कों से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही नहीं बरती जा रही है।
>
> **– विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट

- **सिस्टम की लापरवाही, जनता के लिए पड़ रही भरी, नहीं सुधर रही शहर में यातायात व्यवस्था**

### शहर की गल्ला मंडी



शहर की गल्ला मंडी का हाल भी किसी से छिपा नहीं है। यहां की सड़क की चौड़ाई भले कम दिखती हो लेकिन है नहीं। दरअसल, यहां पर भी सड़क अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है। इसके अलावा बेतरतीब तरीके से वाहनों, ठेले आदि खड़े कर दिए जाने से व्यवस्था और बिगड़ जाती है। इसका सुधार करने के लिए भी कई बार बयानबाजी तो की गई , लेकिन अभियान की शुरुआत तक नहीं हो सकी। प्रशासन की ओर से ये भी पहल बीते साल की गई थी कि अतिक्रमणकारी खुद ही सामान हटा लें। इसका असर कुछ दिन तक दिखा, लेकिन उसके बाद अफसर भी भूल गए और अतिक्रमण कारी भी बेखौफ होकर सड़क घेरकर सामान लगाने लगे। अभी भी स्थिति जस की तस है।

## अफसरों ने खूब लगाई क्लास फिर भी नहीं चला अभियान

- **अतिक्रमण पर सख्त हुए थे डीएम, तत्काल अभियान चलाने के दिए थे निर्देश**

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना करना नगर पालिका के ईओ को खासा महंगा पड़ गया। डीएम कार्यालय में तलब किए गए ईओ की जमकर क्लास ली गई। डीएम ने अतिक्रमण अभियान में देरी पर खासी नाराजगी जताई। वहीं, एडीएम ने शहर में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण में लापरवाही पर ईओ से खासी नाराजगी जताई और समय से कार्यों का करने के निर्देश दिए। हालांकि इसके बाद भी अतिक्रमण हटाओ अभियान ईओ की तरफ से नहीं चलाया गया। शहर की प्रकाश व्यवस्था को लेकर नगर पालिका के ईओ लालचंद भारती को डीएम कार्यालय में तलब किया गया था। ईओ को तत्काल प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइटें लगवाने के निर्देश दिए गए। पूर्व में शहर की पुरानी सब्जी मंडी में अतिक्रमण अभियान की रुपरेखा तय की गई थी, लेकिन तीन बार दिन तय होने के बाद भी अभियान नहीं चल सका था। इस पर ईओ से अभी तक अभियान चलाकर अतिक्रमण न हटाने के बाबत पूछा गया तो वे कोई जवाब नहीं दे सके। इस पर डीएम संजय कुमार सिंह ने नाराजगी जताते हुए तत्काल अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस बीच एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने ईओ ने शुक्रवार को शहर मे की गई सफाई के निरीक्षण के बाबत जानकारी तो ईओ ने निरीक्षण करने को हामी तो भरी, लेकिन निरीक्षण संबंधी कोई फोटोग्राफ्स नहीं दिखा सके। शहर की गड्ढायुक्त सड़कों की जानकारी करने पर ईओ बगले झांकने लगे। इस पर एडीएम वित्त ने ईओ की फटकार लगाते हुए ससमय कार्य करने के निदेश दिए। इसके बाद माना जा रहा था कि भले औपचारिक ही सही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा। मगर देर शाम तक इंतजार के बाद ये कयास गलत साबित हो गए।

# बच्चों के संस्कार और शैक्षिक व्यवस्थाएं देखीं

- **सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक निरीक्षण**

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बाहरी निरीक्षकों ने वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षकों ने बच्चों के संस्कार, अनुशासन और शैक्षिक स्तर व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया।



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिक्षकों से वार्ता करते निरीक्षक।

नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय शिक्षा समिति बृज प्रदेश से दो दिवसीय बार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रबंधक हरिबल्लभ गुप्ता, उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल और निरीक्षकों ने कराई। टीम में सूरज प्रसाद डागा, भूपेंद्र सिंह, अनिल दीक्षित, अखिलेश सिंह, विष्णु मर्मा, आदेश विनोद पटेल आदि शामिल रहे। इस दौरान निरीक्षकों ने शिक्षण कार्य देखा, छात्रों का अनुशासन और संस्कारों की भी परीक्षा ली। स्कूल की शैक्षिक स्तर व्यवस्था के अलावा अभिभावक बैठक, मातृ भारती बैठक, प्रबंध समिति बैठक आदि की भी विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान निरीक्षक टीम ने कार्यालय आय व्यय का ब्यौरा भी देखा। इस दौरान फिरोजाबाद में प्रतिभाग करने वाले विजेता गुर्रपीत सिंह, हरिश्चंद्र, गीतिका गिरी, सुमन दीक्षित को निरीक्षकों ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय मिश्रा, अंकुर गुप्ता, उमंग गुप्ता, कौशल गुप्ता, सुशील गुप्ता आदि रहे।

### विद्यार्थियों को सदैव माता-पिता की सेवा करनी चाहिए

**मझोला।** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती ब्रज प्रदेश की योजनानुसार दो दिवसीय वार्षिक शैक्षिक निरीक्षण संपन्न हुआ। निरीक्षण 25 से 27 सितम्बर की शाम तक चला। जिसमें शिवदेवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बदायूं से प्रधानाचार्य घनश्याम, आचार्य लक्ष्मीकांत पाठक, कुलदीप सिंह, पूरनचंद, रमेश चंद, सरस्वती विद्या मंदिर खैरागढ़ आगरा से प्रधानाचार्य मनोज कुमार, आचार्य भजनलाल, प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में सूरज सिंह यादव आए। सर्वप्रथम वंदना वेला में अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को विद्या भारती की विभिन्न जानकारियों के बारे में बताया। कहा कि विद्यार्थियों को सदैव अपने माता पिता की सेवा करनी चाहिए। वंदना के उपरांत सभी विद्यार्थियों को तिष्ठ योग कराए गए। प्रत्येक कक्षा का शैक्षिक निरीक्षण गहनता के साथ किया। पूर्व छात्र परिषद एवं प्रबंध समिति के साथ बैठक की गई। प्रबंधक सुरेंद्र मल्ल ने आगंतुक निरीक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## छात्रा को रास्ते में रोककर पीटा, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बरातबोझ निवासी छात्रा ने पुलिस को बताया कि 26 सितंबर की दोपहर उसकी मां के पास फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को उपाधि महाविद्यालय का कर्मचारी बताया। कहा कि उनकी पुत्री को कॉलेज भेज दिया जाए। उसकी मार्कशीट में कोई समस्या है। वह दोपहर डेढ़ बजे अपने घर से कॉलेज जाने को निकली पड़ी। जहानाबाद नहर फैजान नाम का व्यक्ति वहां आया और उससे रुकने को कहा। उसके न रुकने पर आरोपी ने उसको टक्कर मार दी और मारपीट की। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए।

# प्रशासन के सहयोग पर मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** गांधी सभागार में शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर की अगुवाई में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशासनिक कार्यक्रमों में सराहनीय योगदान देने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



प्रधानाचार्य संतोष कुमार को सम्मानित करते सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

सम्मानित किए गए इन शिक्षकों ने मानव श्रृंखला, सड़क सुरक्षा कार्यक्रम, रैली आदि में अपने विद्यालयों के छात्र छात्राओं को प्रतिभाग कराया था। इस मौके पर डीआईओएस डॉ. अचल कुमार मिश्र मौजूद रहे। सम्मानित किए जाने वालों में ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अनीता रानी, एसएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. जावेद अहमद, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमन देवी, वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या अजय चौहान, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा, हाफिज रहमत खां इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य फिरोज अहमद, वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत इंटर कॉलेज की शिक्षिका साधना गुप्ता आदि रहे।

# जंगल में लूट के खुलासे को लगाईं तीन टीमें, दुकानों के सीसीटीवी कैमरे चेक किए

संवाददाता, पूरनपुर

- **ग्रामीण की तहरीर पर लुटेरों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** धनाराघाट रोड पर दिनदहाड़े हुई लूट की घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें बनाई गईं है। लुटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने धनाराघाट रोड की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी चेक की। दूसरे दिन भी लुटेरों का पता नहीं चल सका।

> घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गईं हैं। जल्द ही लुटेरों को पकड़कर जेल भेजा जाएगा।
>
> **– विशाल चौधरी**, सीओ

कोतवाली क्षेत्र के गांव ढक्का चांट के रहने वाले रामनिवास गुरुवार को पत्नी सूरजदेवी के साथ बाइक से पूरनपुर से घर जा रहे थे। हरीपुर के जंगल में चंदिया हजारा रोड पर तीन बाइक सवार बदमाशों ने रामनिवास और उनकी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए असलाहों के बल पर सोने के कुंडल और मंगलसूत्र लूट लिया था। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल भी लेकिन लुटेरों का कहीं पता नहीं चल सका। थाना हजारा में रामनिवास की तहरीर पर तीनों बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने शुक्रवार को धनाराघाट रोड पर मौजूद दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। सीओ विशाल चौधरी ने घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की हैं। टीमों ने लुटेरों की पहचान के प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ की गई।

## सार-संक्षेप

### विहिप कार्यकर्ताओं ने अशोक सिंघल की जयंती मनाई




**पीलीभीत, अमृत विचार :** विश्व हिन्दु परिषद कार्यालय में अशोक सिंघल की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अरुण बाजपेई,अमरीश मिश्रा, प्रिंस गौड़,प्रवीन मोहन अग्रवाल,रणवीर पाठक,अमित गुप्ता, नारायण हरि कुणाल सक्सेना, संजीव गुप्ता नरेश वर्मा,सोनी पटेल,हरप्रीत कौर, रक्षिता पटेल,रजनी देवी आदि मौजूद रहे।

### शेरपुर मंदिर के पास गंदगी का अंबार, ज्ञापन दिया



**पूरनपुर।** मुस्लिम बाहुल्य गांव में मौजूद शिव मंदिर के पास भीषण गंदगी व्याप्त है। नालियों का पानी मंदिर के चारों ओर बह रहा है। इससे पूजा अर्चना करने वालों की परेशानी होती है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बाउंड्रीवाल कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र का गांव शेरपुर कलां गांव में हिंदू आबादी के पास प्राचीन शिव मंदिर बना हुआ है। यहां श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने जाते हैं। मगर इसके बाद भी मंदिर के पास काफी समय से गंदगी व्याप्त है। नालियों का गंदा पानी भी चारों ओर बह रहा है। इसको लेकर समाज के लोगों में नाराजगी है। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकरियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में दयाल विश्वास, हरमीत सिंह लाली, सचिन गुप्ता, अचल चौहान, प्रेमपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### गोला हाईवे पर बना गड्ढा, हादसे का खतरा



**बिलसंडा।** नगर के गोला मार्ग पर स्थित खन्नौत नदी के पुल के किनारे बीच हाईवे पर गड्ढे की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा मरम्मत कराए जाने की भी जहमत नहीं उठाई गई है। बता दें कि गोला मार्ग पर स्थित खन्नौत नदी शाहजहांपुर की सीमा पर बह रही है। बिलसंडा क्षेत्र में नदी के पुल के किनारे पर ही बीच हाईवे में गहरा गड्ढा हो गया है। इस गहरे गड्ढे की वजह से बाइक सवार आए दिन गिर कर चुटैल भी हो रहे हैं। इतना ही नहीं भारी वाहनों के भी दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। यह हाईवे क्षेत्र का सबसे व्यस्ततम मार्ग है। इस हाइवे से पूर्वांचल के जिलों के अलावा नेपाल के लिए जाने वाले लोगों का भी आवागमन रहता है। इसके अलावा नदी के पड़ोस में ही मकसूदपुर स्थित बजाज शुगर मिल भी स्थापित है, अगले महीने से मिल का पेराई सत्र भी शुरू हो जाएगा। बावजूद इसके इस गहरे गड्ढे की मरम्मत कराने की विभागीय अधिकारियों ने जरूरत नहीं समझी। उधर, नई क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार कुलविंदर सिंह, अमनदीप सिंह, गुरदेव सिंह, हरपेज सिंह आदि का कहना है कि लगता है कि जिम्मेदार बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। इसका सुधार कराने की मांग की गई।

### स्टेशन पर प्रेमी युगल को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**पूरनपुर।** रेलवे स्टेशन पर युवती को दूसरे समुदाय के युवक के साथ बैठा देखकर कुछ संगठन के लोगों ने पकड़ लिया। युवक और युवती को पुलिस के हवाले का कर दिया गया। पुलिस ने पूछताछ के बाद युवती को परिजनों के हवाले कर दिया है। कस्बे में रोजाना प्रेम प्रंसग के मामले सामने आ रहे हैं। गुरुवार को कोतवाली रोड पर स्थित एक पिज्जा सेंटर पर गैर समुदाय का युवक प्रेमिका के साथ पिज्जा खा रहा था। सूचना मिलने पर भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए थे। युवक और युवती को पकड़ लिया था। शुक्रवार को पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर थाना हजारा क्षेत्र के एक गांव का गैर समुदाय युवक पड़ोस की रहने वाली युवती के साथ बैठकर समोसा खा रहा था। जानकारी लगने पर कार्यकर्ता पहुंच गए और दोनों को पकड़ लिया। इस पर हंगामा होने लगा।

# संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में समस्त योजनाओं की समीक्षा**
- **एमओआईसी को सचेत रहने के निर्देश दिए गए**

**अमृत विचार :** शासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग में चल रही योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने और कार्य प्रणाली में सुधार के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुलाई गई। डीएम ने बिंदुवार योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उनका फोकस संस्थागत प्रसव पर रहा। एमओआईसी को सचेत रहने के निर्देश दिए गए। इधर, डेंगू मलेरिया जैसी बीमारी से निजात दिलाने के लिए साफ सफाई और दवा का छिड़कांव करने को भी निर्देशित किया गया।

गांधी सभागार में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। सीएमओ के अलावा सीडीओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता डीएम संजय कुमार ने की। डीएम ने जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एफआरयू समीक्षा, बाल मृत्यु, मातृ मृत्यु समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, पीएमएसएमए दिवसों में क्यूआर कोड के माध्यम से अल्ट्रासाउंड, एनबीएसयू, एनआरसी में बच्चों की भर्ती, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का उपचार, आभा आईडी को बढाने, टीकाकरण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, वित्तीय व्यय आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की। समस्त एमओआईसी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने व आशाओं के मानदेय का समय से भुगतान कराने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। कहा कि आरबीएसके टीम कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर प्रभावी कार्यवाही करें।

वर्तमान में मच्छर जनित विभिन्न बीमारियों के संबध में विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक में टीकाकरण, आभा आईडी, टीबी, तम्बाकू उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। साफ सफाई को लेकर डीएम ने कहा कि ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ सफाई, झाड़ियों की कटाई, नालियों व जलभराव वाले स्थानों पर एंटी लार्वा का छिडकाव कराएं। योगी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर खासी गंभीर है। अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुधारने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याददाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# थर्मल ड्रोन कैमरे में कैद बाघ, मूड़ा अस्सी में लोकेशन

## दुधवा से आई हथिनी सुलोचना व डायना पर सवार हो की गई कांबिंग, बारिश ने रोकी राह

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/बिलहरी

**अमृत विचारः** महेशपुर रेंज के ग्राम इमलिया और मूड़ा अस्सी में एक माह से बाघ को पकड़ने के लिए विफल रहने के कारण वन विभाग ने अब हाथियों की मदद लेकर थर्मल ड्रोन कैमरे के साथ कांबिंग की है। कैमरे में बाघ की लोकेशन मूड़ा अस्सी में गन्ने के खेत में बैठे मिली है, लेकिन वर्षा और गन्ने का रकबा अधिक होने से बाघ को ट्रेंकुलाइज नहीं किया जा सका। टीम के विशेषज्ञों का कहना है कि हाथी और थर्मल ड्रोन की मदद से लोकेशन मिली है। आज या कल में बाघ को पकड़ लिया जाएगा।

महेशपुर रेंज के ग्राम इमलिया में 27 अगस्त को अमरीश और मूड़ा अस्सी में 11 सितंबर को जाकिर अली पर हमला कर निवाला बनाने वाले बाघ की कांबिंग कर लोकेशन पता करने के लिए ट्रेंकुलाइज विशेषज्ञ डॉ दयाशंकर और नितेश कटियार दिन रात एक किए हुए



मूड़ा अस्सी में भीड़ को रोकने के लिए मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार

- बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के करीब पहुंची विशेषज्ञों की टीम
- आज या कल में नरभक्षी बाघ के पकड़े जाने की उम्मीद

हैं। गन्ने का रकबा अधिक होने की वजह से कोलकाता से थर्मल ड्रोन कैमरा भी मंगवाया गया। दो पिंजड़ा लगाकर पशु बांधने के बाद भी बाघ पिंजड़े तक नहीं आ सका, जिससे दुधवा से हथिनी सुलोचना और डायना को मंगाया गया। शुक्रवार सुबह ट्रेंकुलाइजर विशेषज्ञ और महेशपुर रेंज के डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा, सुरेंद्रपाल गौतम आदि वनकर्मियों ने हथिनियों पर बैठकर थर्मल ड्रोन से लोकेशन पता करने का प्रयास किया तो कैमरे में बाघ की लोकेशन गन्ने के खेत में मिली है। इस बीच बारिश होने से कांबिंग अभियान पर ब्रेक लग गया। वनकर्मियों ने बताया कि आदम खोर बाघ को पकड़ने के लिये लोगों के सहयोग से दोनों महावतों अयूब और मेहताब ने कड़ी मशक्कत के बाद सूर्यास्त से पहले कांम्बिंग की।

रेंजर नरेशपाल सिंह ने बताया कि बारिश के थमने के पश्चात ही आदमखोर बाघ को हाथियों के द्वारा कांम्बिंग कराकर शीघ्र ही बाघ को ट्रेंकुलाइज किया जायेगा।



दुधवा की हथिनियों से कांबिंग करने जाते वनकर्मी। ● अमृत विचार

### सुलोचना और डायना को देखने उमड़े ग्रामीण

**बिलहरी, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के घरथनिया सिकंदराबाद रोड पर बाघ पकड़ने को रेस्क्यू तेज कर दिया गया है। दुधवा से आई हथिनी डायना व सुलोचना को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गई। यहां तक कि हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे को मय पुलिस फोर्स के डटकर भीड़ काबू करनी पड़ी। दुधवा से आये हाथियों को देखने के लिये मूड़ा अस्सी में आस पड़ोस गांवों के तमाम लोग गोला घरधनियां मार्ग पर पहुंच गए। कांबिंग अभियान में कोई दिक्कत न हो इसके लिए हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे की अगुवाई मे पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाले रहे।

# डेंगू की चपेट में 12 माह का मासूम व नौ वर्षीय किशोर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिलेवासियों के लिए गंदगी और जलभराव मुसीबत बन गया है। इनकी वजह से पनप रहे मच्छर डेंगू और मलेरिया का कारण बन रहे हैं। गत तीन दिन में 22 लोग डेंगू और 18 बुखार के मरीज मलेरिया संक्रमित मिले हैं। इनमें शुक्रवार की जांच रिपोर्ट में एक 12 माह का मासूम भी शामिल है।

जिले में ड़ेंगू और मलेरिया कहर बरपा रहा है। इससे सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार के मरीजों की दिन पर दिन संख्या बढ़ रही है। बुखार से निजात न मिलने पर लोग लखनऊ तक पहुंच रहे हैं। जहां पर हो रही जांच में डेंगू और मलेरिया संक्रमण मिल रहा है। शुक्रवार को आई जांच रिपोर्ट में तीन लोगों में डेंगू, जिसमें एक 12 माह का मासूम और नौ साल का किशोर शामिल है तो वहीं मलेरिया बुखार की चपेट में आने वाले सात लोगों में 13 साल का किशोर है।

**72** घंटे में 22 लोगों में डेंगू और 18 में मलेरिया बुखार की पुष्टि

### व्यापारी की मौत से दहशत में हैं पड़रियावासी

**पडरियातुला।** ब्लॉक बिजुआ के कस्बा पड़रिया तुला में एक और डेंगू का मरीज मिला है, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में हो रहा है। मंगलवार को व्यापारी बबलू कुरैशी के डेंगू संक्रमित पिता हनीफ की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई थी। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग का कोई अधिकारी मृतक के घर नहीं पहुंचा। वहीं बुधवार को कस्बा निवासी 40 वर्षीय उमेश गुप्ता की जांच कराने पर रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आने से घरवाले दहशत में हैं। परिजनों ने इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। डेंगू से एक बुजुर्ग की मौत और एक अन्य के संक्रमित मिलने से बुखार के मरीज और उनके घरवाले दहशत में हैं।

डेंगू से बुजुर्ग की मौत और एक अन्य के संक्रमित मिलने के बारे में जानकारी नहीं है। सीएचसी अधीक्षक से इस संबंध में वार्ता कर निरोधात्मक कार्यवाही कराई जाएगी।
**- डॉ. संतोष गुप्ता,** सीएमओ

# वन्य जीव ने गाय पर किया हमला, तेंदुआ होने का शक

**धौरहरा, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में हिंसक वन्य जीवों के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गुरुवार की रात किसी हिंसक वन्य जीव ने पंडित पुरवा मजरा सुजई कुंडा में घर के बाहर बंधी गाय पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने हिंसक जीव तेंदुआ के होने की आशंका जताई है। इससे क्षेत्र में दहशत व्याप्त हो गई है।

वन रेंज धौरहरा क्षेत्र के गांव पंडित पुरवा मजरा सुजई कुंडा निवासी कृपाली राजपूत की गाय घर के बाहर खूंटे पर बंधी थी। गुरुवार की रात किसी हिंसक वन्य जीव ने गाय की गर्दन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गाय के चिल्लाने पर परिवार के लोग बाहर निकले और शोर मचाते हुए टार्च की रोशनी डाली तो देखा कि गाय की गर्दन से खून का रिसाव हो रहा था। इससे परिवार वाले दहशत में गए। मौके पर तमाम ग्रामीण भी लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि गाय पर हमला करने वाला वन्यजीव तेंदुआ हो सकता है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी है।

## सार-संक्षेप

### झोलाछाप के इलाज से गई युवक की जान

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र के गांव गुलाब टांडा निवासी एक युवक की झोलाछाप के इलाज से मौत हो गई। परिजनों ने गलत इलाज का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य, पुलिस विभाग को तहरीर दी है। भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ैया के मजरा गुलाब टांडा निवासी विपिन सिंह के गले में गांठ हो गई थी। इलाज के लिए गांव बहादुरनगर में झोलाछाप विजय कुमार के पास गए। आरोप है कि गले की गांठ को देखकर झोलाछाप ने एक सप्ताह में ठीक करने का वादा कर इलाज की हामी भर दी। परिजनों ने बताया कि विपिन सिंह के गले पर चार दिनों तक पट्टी बांधकर झोलाछाप इलाज करता रहा। चार दिन बीत जाने के बाद गले पर चीरा लगाकर गले का ऑपरेशन कर दिया। दो माह बीतने के बाद भी जब मरीज को फायदा नहीं हुआ तो झोलाछाप ने मरीज की हालत गंभीर देखते हुए दूसरी जगह दिखाने को कहा। जिस पर परिजन मरीज को गोला के एक अस्पताल में लेकर गए जहां डॉक्टरों ने बताया कि गले का गलत ऑपरेशन किया गया है, जिसके चलते मरीज की ऐसी हालत हो गई है। शुक्रवार को मरीज की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों का कहना है कि उन्होंने झोलाछाप पर कार्रवाई को थाना भीरा एवं सीएचसी बिजुआ को लिखित तहरीर दी थी। लेकिन आज तक पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम झोलाछाप को नहीं पकड़ सकी है।

### बेलरायां में 466, संपूर्णानगर में 119 नामांकन दाखिल

**बेलरायां/लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** जिले की दो सहकारी चीनी मिलों बेलरायां और संपूर्णानगर के सामान्य निकाय गठन के लिए डेलीगेट पदों के लिए शुक्रवार को नामांकन दाखिल किए गए। इस दौरान भारी गहमा गहमी रही। बेलरायां में कोतवाली तिकुनियां पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी रही। इससे लोगों में हड़कंप रहा। बेलरायां में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक डेलीगेट पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल हुए। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए डेलीगेट पद के उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे और अपने-अपने नामांकन पत्र भरकर जमा किए। नामांकन के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम निघासन राजीव निगम, सीओ महक शर्मा, प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया अमित सिंह भदौरिया और चौकी इंचार्ज बेलरायां अभिषेक कुमार यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। मुख्य गन्ना अधिकारी भीम कुशवाहा ने बताया कि नामांकन भरने का काम शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हो गया है। चीनी मिल समिति के कुल 206 डेलीगेट पदों के सापेक्ष 466 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और वैद्य नामांकन पत्रों की सूची चस्पा की जाएगी। एक अक्टूबर को नाम वापसी और चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। 4 अक्टूबर को मतदान होगा। बेलरायां सरजू सहकारी चीनी मिल समिति की प्रबंध कमेटी चुनाव के लिए कुल 206 डेलीगेट चुने जाने हैं। पुलिस ने नामांकन स्थल से 100 मीटर दूर बैरिकेडिंग लगाकर आने जाने वाले को चेक कर रही थी। संपूर्णानगर में किसान सहकारी चीनी मिल के एआरओ विजय गुप्ता ने बताया कि डेलीगेट पद के लिए 131 नामांकन पत्र की बिक्री हुई है, जिसमें से 119 नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इस दौरान मौके पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह सीओ आदि मौजूद रहे।

### ट्रक में लगी आग, बाल-बाल बचे चालक परिचालक

**चपरतला, अमृत विचार :** जम्मू से सेब भरकर लखनऊ जा रहे ट्रक के ब्रेक शू जाम हो गए। इससे टायरों में आग लग गई। चालक-परिचालक कुछ समझ पाते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। गनीमत रही कि आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझा ली। इससे बड़ा हादसा टल गया। हादसा चपरतला टोल प्लाजा के पास हुआ। जम्मू से सेब लेकर एक ट्रक लखनऊ जा रहा था। टोल प्लाजा के पास अचानक उसके टायर जलने लगे। चालक ट्रक रोकता। इससे पहले ही आग की लपटें उठने लगी। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया।

### ब्राउन शुगर सहित नेपाली युवक गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों एवं गौरीफंटा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नेपाल सीमा पर 9 .45 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद कर एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है। गौरीफंटा कोतवाली प्रभारी अवधेश यादव ने बताया कि पुलिस और एसएसबी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर नेपाल के कस्बा धनगढ़ी जिला कैलाली निवासी आकाश कुमार राना को गौरीफंटा बॉर्डर के पास से गिरफ्तार किया है। उसके पास से 09 .45 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है।

# टैनी की हार : विधायकों पर टिप्पणी की पोस्ट वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया पर तीन विधायकों की तस्वीरों के साथ टिप्पणी से भाजपा में एक बार फिर गुटबाजी उभर आई है। हालांकि पलिया विधायक रोमी साहनी ने इस पर प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए सिर्फ इतना कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उनके क्षेत्र से भाजपा ने चुनाव जीता है, इसलिए यह टिप्पणी निराधार है।

अमित शाह यूथ ब्रिगेड की आईडी पर गृह मंत्री को संबोधित करते हुए लिखा गया कि गौर से पहचानिए, इन माननीय लोगों को, जिन्होंने लखीमपुर खीरी के विकास को रसातल में पहुंचा दिया। इन लोगों ने लखीमपुर खीरी के आन-बान-शान.... आदि अशोभनीय टिप्पणी की। वहीं सौरभ मिश्रा की आईडी से शुक्रवार को पलिया विधायक रोमी साहनी, गोला विधायक अमन गिरि और निघासन विधायक शशांक वर्मा की तस्वीरें वायरल की गईं। साथ ही टिप्पणी की गई कि लखीमपुर खीरी जनपद के इन विधायकों ने अपनी ही पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी को हराने के लिए विपक्ष की मदद की। नतीजा भाजपा हार गई। सोशल मीडिया पर वायरल इन पोस्टों की जिले में दिनभर चर्चा होती रही। इस बाबत विधायक अमन गिरि और विधायक शशांक वर्मा का पक्ष जानने को कोशिश की गई, लेकिन अमन गिरि ने कॉल पिक नहीं की, जबकि शशांक वर्मा का मोबाइल स्विच ऑफ रहा।

वायरल पोस्ट की जानकारी नहीं है और न ही हमने देखी है। पिछले दिनों बड़े भाई के निधन के कारण शोक में हूं, इसलिए सोशल मीडिया पर सक्रिय नहीं हूं। बहरहाल, मामले को दिखवाएंगे। ऐसी टिप्पणी नहीं होनी चाहिए।
**- सुनील सिंह,** जिलाध्यक्ष-भाजपा।

# मवेशी चराने गया वृद्ध बाघ के हमले में घायल

**महंगापुर, अमृत विचारः** पलिया रेंज के संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गांव लगदहन निवासी सरजू प्रसाद शर्मा ( 70) गांव के पास लगदहन वन बीट जंगल में अपने मवेशी चरा रहे थे। अचानक जंगल की झाड़ियों से निकले बाघ ने उन पर हमला कर दिया। वृद्ध ने हिम्मत जुटाते हुए डंडे के सहारे बाघ को खदेड़ कर अपनी जान बचाई। बाघ के हमले में वृद्ध घायल हो गया, जिसे परिजनों ने स्थानीय निजी चिकित्सालय ले जाकर उपचार कराया। परसपुर वन चौकी फारेस्टर राकेश कुमार पटेल ने लोगों को जंगल के अंदर प्रवेश न करने की हिदायत दी है।

# जत्थों ने किया गुरु की महिमा का बखान

संवाददाता, बिजुआ

**अमृत विचारः** पड़रिया तुला कस्बे के ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब में संत बाबा ईशर सिंह जी बरसी के उपलक्ष्य में चल रहे तीन दिवसीय सालाना समागम के दूसरे दिन बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई और मत्था टेक गुरुवाणी का श्रवण किया।

- भारी बारिश के बीच ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब के समागम में पहुंची संगत

शुक्रवार के दिन तीन दिवसीय सालाना समागम का शुभारंभ दूसरे दिन के दीवान सजने के साथ किया गया। जिसके बाद डेरा प्रमुख संत बाबा सुखदेव सिंह की अगुवाई व ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब के सेवक बाबा गुरुमीत सिंह की देख रेख में संत बाबा सुखदेव सिंह के डेरे भूच्चोंकलां भटिंडा पंजाब से आये हजूरी जत्थे के साथ बाबा मानवीर सिंह व बाबा मलकीत सिंह होशियारपुर पंजाब, संत बाबा सुखचैन सिंह लालपुर उत्तराखंड ने पंडाल में हाजरी भरते हुए अपनी वाणी से गुरु महिमा का बखान किया। इसके अलावा कई अन्य प्रांतों से आये रागी, ठाढ़ी, कविशरी जत्थे व कथा वाचकों ने भी हाजरी भरते हुए अपनी अपनी वाणी व शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन रात से ही हो रही लगातार भारी बारिश के बाद भी गुरुद्वारा साहिब में सुबह से ही धर्म के प्रति आस्था रखने वाली भारी तादाद में पहुंची संगत ने सजे दीवान के सामने मत्था टेका।




समागम में गुरु की महिमा का बखान करते हजूरी जत्थे के सदस्य। ● अमृत विचार



समागम में मौजूद महिला संगत। ● अमृत विचार

## गन्ने का उत्पादन बढ़ाने को ट्रेंच विधि से कराएं रोपाई

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : शरदकालीन गन्ने की बुवाई शुरू होने वाली है। इसके लिए किसानों को खंभारखेड़ा चीनी मिल अधिकारियों ने जागरूक करना शुरू कर दिया है, जिससे किसान उन्नति किस्म का बीज उपयोग कर अधिक उत्पादन ले सकें। इसके अलावा अधिक मुनाफे के लिए किसानों को सहफसली के लिए भी प्रेरित किया गया।

## ग्राम पंचायत गुरगावां विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 273412 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा | 250000 | 2% | 02 | 15 दिन |
| 3. | कम्पोस्ट पिट | 90000 | 2% | 05 | 15 दिन |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 37852 | 2% | 04 | 15 दिन |
| 5. | सोक पिट | 152000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 40000 | 2% | 01 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 3 बजे तक रहेगा।

**हरीश कुमार-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्राम पंचायत अख्त्यारपुर विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 273412 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा | 250000 | 2% | 02 | 15 दिन |
| 3. | कम्पोस्ट पिट | 90000 | 2% | 05 | 15 दिन |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 37852 | 2% | 04 | 15 दिन |
| 5. | सोक पिट | 152000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 40000 | 2% | 01 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 3 बजे तक रहेगा।

**श्रीमती गोमती देवी-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्राम पंचायत मुड़िया विशन सहाय विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 244376 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा | 125000 | 2% | 01 | 15 दिन |
| 3. | कम्पोस्ट पिट | 54000 | 2% | 03 | 15 दिन |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 35020 | 2% | 03 | 15 दिन |
| 5. | सोक पिट | 144000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 40000 | 2% | 01 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 2 बजे तक रहेगा।

**भूरे लाल-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्राम पंचायत खामपुर उर्फ गंगापुर विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 273412 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा | 250000 | 2% | 02 | 15 दिन |
| 3. | कम्पोस्ट पिट | 90000 | 2% | 05 | 15 दिन |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 37852 | 2% | 04 | 15 दिन |
| 5. | सोक पिट | 152000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 6. | फिल्टर चैम्बर | 40000 | 2% | 01 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 3 बजे तक रहेगा।

**श्रीमती मुन्नी देवी-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

## ग्राम पंचायत पडरां विकास खण्ड नवाबगंज, बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 मनरेगा, ग्राम निधि के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा क्रय, डस्टबिन क्रय और बनवाई, प्लास्टिक बैक, इन्सीनेटर क्रय, आर.सी. सेन्टर ISWMC etc हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेन्ट, बालू, मिट्टी, सरिया, बजरफुट, रेता, पाइप, ईट, बजरी आदि का कार्य SBM/15वें वित्त की धनराशि से प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | प्रतिशत धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर | 378896 | 2% | 01 | 25 दिन |
| 2. | कम्पोस्ट पिट | 108000 | 2% | 06 | 15 दिन |
| 3. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 30000 | 2% | 02 | 15 दिन |
| 4. | सोक पिट | 144000 | 2% | 08 | 15 दिन |
| 5. | फिल्टर चैम्बर | 6768 | 2% | 02 | 15 दिन |

कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु आपातकालीन सामान्य विक्रेता (निविदा) आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्त एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है। जिसे ग्राम पं. के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाताओं की जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निर्माण कार्य समिति/ग्राम पंचायत की होगी। सामग्री घट-बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद, एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक होनी चाहिए। निविदा प्रारम्भ 28.09.2024 को 10 बजे से 30.09.2024 तक सायं 4 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है और निविदा खोलने का समय 1.10.24 को सायं 4 बजे तक रहेगा।

**हरनरायन-ग्राम प्रधान** **प्रेम पाल सिंह-ग्राम विकास अधिकारी**

# बदला मौसम का मिजाज, किसानों के माथे पर पड़े बल

## गर्मी से बेहाल जिलेवासियों को मिली राहत, दिन भर और रात में भी जारी रही रिमझिम बारिश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पिछले कुछ दिन से पड़ रही गर्मी लोगों के लिए मुसीबत बन गई थी, लेकिन शुक्रवार की तड़के से मानसून की विदाई बेला में फिर से बारिश शुरू हो गई। सुबह से शुरू हुई रिमझिम बारिश दिनभर और रात में भी जारी रही। पुरवा हवा के साथ आ रही नमी से गुरुवार की रात से ही मौसम बदल गया। सुबह हुई बारिश से उमस भरी गर्मी से निजात मिल गई। वहीं, धान उत्पादक किसानों के माथे पर बल पड़ गए। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुहेल का कहना है कि रिमझिम बारिश सभी फसलों के लिए फायदेमंद है, लेकिन यदि तेज हवाओं के साथ तेज बारिश हुई तो धान की फसल को काफी नुकसान हो सकता है।

भीषण गर्मी से व्याकुल लोग पिछले कुछ दिनों से हो रही बादलों की आंख मिचौली से बारिश होने की उम्मीद लगाए थे। इस दौरान निकल रही तेज धूप से बढ़ी उमस ने हर किसी की बेचैनी बढ़ा दी थी।



गांव बिझौली में गिरी धान की फसल। ● अमृत विचार

ऐसे में शहर से लेकर गांवों में हो रही बिजली कटौती लोगों को और परेशान कर रही थी। हालांकि बृहस्पतिवार रात अचानक बादल छाने और ठंडी हवाएं चलने से लोग बारिश होने का अनुमान लगाने लग थे। शुक्रवार अल सुबह मौसम के करवट बदलने से घने बादल छा गए। इसके बाद शुरू हुआ बारिश का सिलसिला दिन भर चलता रहा। इस दौरान कभी तेज तो कभी हल्की बूंदाबांदी होने से मौसम ठंडा होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। ठंडी हवाओं के झोंके ने लोगों को राहत पहुंचाकर ठंड तक का एहसास करा दिया। दिन भर बरसात होने से शुक्रवार का अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर निकलते लोग। ● अमृत विचार

### फसलों के लिए वरदान साबित हुई बारिश

गोला गोकर्णनाथ/मूड़ा सवारान, अमृत विचार : नगर में हुई बूंदाबादी से मौसम सुहावना हो गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छा गए। सुबह आठ बजे से शुरू हुई बारिश रुक रुककर शाम चार बजे तक होती रही। इससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं वर्षा के चलते नगर में कई जगह जलभराव हो गया। हालांकि थोड़ी देर बार स्थिति सामान्य हो गई। मूड़ा सवारान में बरसात किसानों के लिए एक ओर वरदान साबित हो रही है तो दूसरी ओर किसानों को चिंता सताने लगी है कि यदि हवा चली तो उनकी फसलें गिरकर नष्ट हो जाएंगी। हवाएं चलने से किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। काफी दिनों से ठीक से बारिश न होने से तेज धूप की तपिश से खरीफ सीजन की फसलें सूख रही थीं। अब इस बारिश से सूखती फसलों को जीवनदान मिल गया है। भूमि में पर्याप्त नमी हो जाने के कारण किसानों को चिंता सताने लगी है कि अगर हल्की सी भी हवा चली तो उनकी फसलें खेतों में गिरकर नष्ट हो जाएंगी। सितंबर माह में धान की फसलों में पानी की अधिक आवश्यकता होती है। इसके अलावा खरीफ सीजन की दूसरी फसलों को भी बीच-बीच में पानी की जरूरत होती है। कम बारिश से फसलों के पौधों का विकास प्रभावित हो गया था, किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए पंपिंग सेटों से सिंचाई करनी पड़ रही थी, जिससे निजात मिली है।

## डिप्थीरिया अभियान के तहत विद्यार्थियों को लगाए टीके

संपूर्णानगर, अमृत विचार : राजकीय बालिका विद्यालय एवं परिषदीय विद्यालय रानीनगर में शुक्रवार को डिप्थीरिया अभियान के तहत टीकाकरण हुआ। परिवार कल्याण स्वास्थ्य उपकेंद्र रानीनगर की एएनएम मनीषा ने दोनों विद्यालयों के छात्र – छात्राओं का टीकाकरण किया। एनएनएम ने बताया कि परिषदीय विद्यालय के कक्षा एक एवं कक्षा पांच में अध्ययनरत 35 विद्यार्थियों का टीकाकरण होना था। बृहस्पतिवार को चौदह विद्यार्थियों का टीकाकरण हुआ था, पश्चात आज शुक्रवार को शेष विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया। जबकि राजकीय बालिका विद्यालय के सत्तरह विद्यार्थियों का टीकाकरण हुआ।

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, तीन घायल

फरधान, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव उदयपुर में शुक्रवार की शाम घर के सामने खड़े लड़कों को मना करने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। गांव निवासी शालू उर्फ अंशुल सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घर के सामने पड़ोस के अजय सिंह के रिश्तेदार खड़े होकर शोर शराबा कर रहे थे। मना करने गई उसकी बहन प्रेमलता सिंह को दूसरे पक्ष के लोग मारने पीटने लगे। बचाव करने पहुंचे सचिन सिंह शालू को पीटकर लहूलुहान कर दिया।

# छात्र से मारपीट में प्राचार्य और एचओडी पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना खीरी क्षेत्र में स्थित सृजन मेडिकल इंस्टीट्यूट के प्राचार्य और एचओडी पर छात्र ने मारपीट करने और जान से मार देने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना खीरी पुलिस ने छात्र की तहरीर पर कॉलेज के प्राचार्य और एचओडी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला श्यामनगर निवासी बॉबी वर्मा ने बताया कि वह सृजन मेडिकल इंस्टीट्यूट में बी फार्मा का द्वितीय वर्ष का छात्र है। घटना 26 सितंबर 2024 की है। वह सुबह कॉलेज गया था, जहां शिक्षण कार्य चलने के कारण वह अपनी कक्षा में था। तभी कॉलेज के प्राचार्य त्रिभुवन सिंह और फार्मेसी के एचओडी निशांत सिंह कक्षा में आए और मेरा नाम पूछा। नाम बताने पर वह गालियां देने लगे और कहा कि सोशल मीडिया बहुत चलाते हो। स्टोरी लगाते हो, इसी के साथ वह लाठी डंडों से मारने लगे। बॉबी का आरोप है कि दोनों आरोपी उसे ओयल अस्पताल ले गए और कहा कि इस मारपीट के बारे में अगर किसी को बताया तो तुम्हें जान से मार देंगे।

तुम्हारा भविष्य खराब कर देंगे। उसे कॉलेज से भी निष्कासित कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर खीरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सियार सिंगी सहित तीन नेपाली पकड़े

**पलिया कलां, अमृत विचार:** पलिया-दुधवा के मध्य बंसी नगर चौकी के निकट सियार सिंगी सहित पकड़े गए तीन नेपाली नागरिकों का शुक्रवार को दुधवा पार्क प्रशासन ने चालान कर दिया। दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी रेंजर रामकुमार ने गुरुवार को बंसी नगर पुलिस चौकी के आगे नकउवा नाले के निकट एक बाइक पर सवार तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक सियार सिंगी बरामद की थी। पूछताछ में उन्होंने वन विभाग की टीम को बताया था कि वह बरामद सियार सिंगी पलिया में एक व्यक्ति को देने जा रहे थे। दुधवा पार्क प्रशासन ने शुक्रवार को गिरफ्तार कांति और कुबेर मिलन चौक, धनगढी, जिला कैलाली और महेश दमाई जिला कंचनपुर (नेपाल) का चालान भेजा है।

# पलिया-भीरा मार्ग पर बह रहा शारदा का पानी



पलिया -भीरा मार्ग पर बहता शारदा नदी का पानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** वर्षा और बाढ़ से त्रस्त पलिया तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को सारे दिन कभी कम तो कभी तेज हुई वर्षा से जहां कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। वहीं शारदा नदी का पानी एक बार फिर पलिया भीरा मार्ग पर प्रेम नगर के निकट चलने लगा है। तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के खेत-खलिहानों, मार्गों, चकरोडों पर पहले से ही वर्षा का पानी भरा हुआ है। शुक्रवार को दिन भर हुई वर्षा से नगर की सड़कों सहित ग्रामों के गलियारे कीचड़ और पानी से भर गए। वहीं पलिया से भीरा जाने वाले मार्ग पर प्रेम नगर पुलिया के निकट फिर से शारदा नदी का पानी चलने सड़क पर बहने लगा है।

## बारिश से कच्ची दीवार गिरी, दो पशुओं की मौत

मितौल, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम दानपुर में कच्ची दीवार भरभरा कर गिरने से दो पशुओं की मौत हो गई। जबकि पास में ही बंधी गाय घायल हो गई। शुक्रवार को हुई तेज बारिश से विनोद कुमार की कच्ची कोठरी की दीवार बारिश के चलते भरभरा कर अचानक गिर गई। पास में बंधी एक गर्भवती गाय तथा दो बछड़े उस दीवार की चपेट में आ गए। जिससे गाय के बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने जैसे तैसे मिट्टी को हटा करके गाय को बचा लिया। लेकिन बछड़े नहीं बचाए जा सके। सूचना पर पहुंचे डॉक्टर राना ने गाय का इलाज किया और दो बछड़ों को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल विक्रम सिंह ने कागजी कार्रवाई करते हुए बछड़ों का अंतिम संस्कार करवाया।

## सार-संक्षेप

### लाइसेंस है, फिर भी मीट नहीं बिकने दे रही पुलिस



लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : मोहम्मदी कस्बे में मीट व्यापारियों की दुकानें बंद होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को मीट विक्रेता सपा के पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल और क्रांति कुमार सिंह आदि के साथ डीएम-एसपी के दफ्तर पहुंचकर मामले की शिकायत की। कहा कि उनके पास लाइसेंस है, फिर भी मोहम्मदी कोतवाल मीट बिकने नहीं दे रहे। मीट विक्रेताओं का आरोप है कि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एक वर्ग विशेष के लोगों के राजनीतिक दबाव में उनके रोजगार पर हमला कर रहे हैं। 23 सितंबर को एसडीएम व सीओ मोहम्मदी से वार्ता के बाद मीट विक्रेताओं की दुकानों को खोलने की अनुमति दे दी गई थी। साथ ही जिन लोगों के लाइसेंस मीट विक्रेता के नहीं बने थे, उन्हें 15 दिन के अन्दर फूड इंस्पेक्टर से बनवा लेने की छूट भी प्रशासन से हुई वार्ता में तय हुई थी। इधर, मीट विक्रेताओं का आरोप है कि 25 सितंबर को कोतवाली प्रभारी ने लाइसेंस के साथ बुलाकर व्यापार मंडल अध्यक्ष आकाश सैनी के सामने दुकानें न खोलने का फरमान सुना दिया। विक्रेता सपा नेताओं के साथ डीएम-एसपी के दफ्तर पहुंचे और पत्र देकर लाइसेंस धारक मीट विक्रेताओं के रोजगार करने पर लगी रोक को तत्काल हटाने की मांग की। इस दौरान सुरेन्द्र कुमार एड., अबरार मंसूरी, आफताब अली, यूनुस कुरैसी, मोनिस, मो. आसिम, मो. अलीम, मो. अनीश, सकूर आदि मौजूद रहे।

### गांधी स्कूल में छात्राओं को किया जागरूक



गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : गांधी विद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को गुड और बैड टच की जानकारी दी गई। मोहम्मदी रोड स्थित गांधी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महिला सब इंस्पेक्टर अपूर्वा शर्मा ने कांस्टेबल रजनी शर्मा और अपर्णा वाजपेयी के साथ बालिकाओं को गुड टच व बैड टच के बारे में बताया। कहा कि जब हमें इस तरह से छुआ जाए कि हमें अच्छा लगे यह स्पर्श मां, पिता, दीदी आदि के टच से फील कर सकते हैं। इसके विपरीत जब किसी का स्पर्श हमें असहज बना दे या कोई हमारे निजी अंगों को जानबूझकर कर स्पर्श करने का प्रयास करे तो यह बैड टच होता है। प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने बालिकाओं को बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति में 112, 1076, 1090 और 1098 डायल कर सकते हैं। कॉन्स्टेबल अखंड मिश्र, उमाशंकर, शिक्षक रामसनेही, डॉ राजेश कुमार, नीलम कुमार, बाराती लाल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### ऑनलाइन दवाइयों का कारोबार बंद करे सरकार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट फेडरेशन की त्रिवार्षिक कार्यकारिणी झांसी में गठित हुई। दवा कारोबारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ। जिला मंत्री शरद मेहरोत्रा ने बताया कि कार्यकारिणी गठन से बैठक में केमिस्टों के हितों की रक्षा करने, देश व प्रदेश में दवाओं की अवैध ऑनलाइन ट्रेडिंग से आ रही दिक्कतों पर विचार व मंथन किया। महासचिव सुरेश गुप्ता ने कहा कि अवैध ऑनलाइन दवाइयों के कारोबार को अगर केंद्र व प्रदेश सरकार बंद नहीं करेगी तो संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी मोहम्मद इब्राहिम मंसूरी, सहायक चुनाव अधिकारी राकेश सिंह व मनोज खन्ना में त्रिवार्षिक कार्यकाल 2024 से 2026 का चुनाव संपन्न कराया। वाराणसी जिले के संदीप चतुर्वेदी प्रदेश अध्यक्ष, गाजियाबाद के सुरेश गुप्ता महासचिव निर्विरोध निर्वाचित हुए। बैठक में जिलाध्यक्ष अजय अग्रवाल, अजय वर्मा, संदीप वर्मा, पंकज गुप्ता आदि शामिल हुए।

## लखीमपुर के मुनीर को माइक्रोसॉफ्ट तैयार करेगा विशेष लैब



लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : जिले के युवा वैज्ञानिक मुनीर खान पूर्ण रूप से देखने में अक्षम लोगों के लिए एक आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चश्मे पर रिसर्च कर रहे हैं, जिससे शत प्रतिशत न देख पाने वाले लोग भी दैनिक दिनचर्या के कार्य आसानी से आम लोगों की तरह कर सकें। जैसे कि व्यक्ति को पहचाना, किताबें पढ़ना आदि। इस विशेष रिसर्च के लिए माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने 26 अगस्त 2024 को माइक्रोसॉफ्ट स्टार्टअप फाउंडर क्लब प्रोग्राम के लिए मुनीर खान का चयन किया है। मुनीर ख़ान ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट ने इस तकनीक को जल्दी से जल्द तैयार करने के लिए तकनीकि सहायता मुहैया कराने के लिए माइक्रोसाफ्ट कंपनी ने सिएटल वॉशिंगटन (अमेरिका) स्थित ऑफिस में रिसर्च करने के लिए एक विशेष लैब तैयार कर रहा है। बता दें कि बेहजम ब्लॉक के गांव गौरिया निवासी ने कैडर टेक (इंडिया) नाम से कंपनी बनाकर इसका ऑफिस नवी मुंबई में भी खोला है। मुनीर खान ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य देश के युवाओं को अवसर प्रदान करना है।

## बरसात बनी रोड़ा नहीं चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सड़क चौड़ीकरण में बाधा बने अतिक्रमण को प्रशासन ने गुरुवार को निघासन रोड पर मेला मैदान में जेसीबी चलाकर अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया था। यह अभियान आज भी चलना था, लेकिन सुबह से हो रही बारिश रोड़ा बन गई। इससे शुक्रवार को संकटा देवी के आसपास अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका।

एलआरपी चौराहे से लेकर इंदिरा मनोरंजन पार्क तक निघासन मार्ग पर करीब नौ किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए प्रदेश सरकार से 38 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ है। अतिक्रमण के कारण मेला मैदान चौराहा से लेकर संकटा देवी पुलिस चौकी, वाईडी कालेज गेट से लेकर एलआरपी चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा है। गुरुवार को पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता ने राजस्व टीम के साथ बुलडोजर चलाकर मेला मैदान में अतिक्रमण को ध्वस्त कराया था।

# आपरेशन के बाद प्रसूता की मौत से अस्पताल में हंगामा



गोला में अस्पताल के बाहर हंगामा करते परिवार वाले। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर के एक निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत के बाद परिवार वालों ने जमकर हंगामा किया। फिर अस्पताल संचालक से मोटी रकम लेकर सुलह समझौता कर महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

मोहल्ला भारत भूषण कालोनी का एक युवक अपनी 32 वर्षीय पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर नई बाईपास रोड पर एक निजी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को भर्ती कर आपरेशन कर दिया। परिवार वालों का आरोप है कि डाक्टरों की लापरवाही से प्रसूता की जब हालत बिगड़ गई, तब महिला को रेफर कर दिया गया। परिवार वाले महिला की दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने मोहल्ले के लोगों के साथ परिजन अस्पताल के सामने पहुंच गए, जहां जमकर हंगामा काटा। अस्पताल पर हंगामे से अफरातफरी मच गई। बताते हैं कि अस्पताल संचालक ने परिजनों को लालच देकर समझौता कर लिया। इसके बाद महिला के शव का शाम को अंतिम संस्कार कर दिया है।

## एकमुश्त जमा समाधान योजना का उठाएं लाभ

**भीरा, अमृत विचार:** एसबीआई बैंक के पुराने बकायेदारों को राहत पहुंचाने के लिए एकमुश्त धन जमा समाधान योजना लागू की गई है, जिसमें बकायेदार बैंक से लिया गया कर्ज बगैर ब्याज के मूलधन जमा कर कर्ज से छुटकारा पा सकेगा। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्याम किशोर यादव ने बताया बैंक मूलधन का ब्याज माफ करने के साथ बकाएदार के बैंक अकाउंट की कैटेगरी के अनुसार 25 से 40 प्रतिशत तक लिए गए मूलधन से भी छूट देकर उसे राहत पहुंचने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बैंक के ऐसे पुराने बकायादारों से इस लागू की गई योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

# छात्राओं ने बिना बर्तन बनाया भोजन, रंगोली की हुई प्रशंसा



कृषक समाज कॉलेज में बिना बर्तन बनाए गए व्यंजन दिखाती स्काउट छात्राएं।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** कृषक समाज इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय भारत स्काउट और गाइड के शिविर का समापन हो गया। स्काउटों द्वारा बिना बर्तन बनाए गए व्यंजनों की अतिथियों ने प्रशंसा की।

शिविर संयोजक देवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम और द्वितीय सोपान परीक्षा में कृषक समाज इंटर कॉलेज के स्काउट एवं गाइड तथा पब्लिक इंटर कॉलेज के स्काउट एवं गाइड, गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज की गाइड और लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के स्काउट शिविर में सम्मिलित हुए। अध्यक्ष कालेज प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा, मुख्य अतिथि सहायक जिला आयुक्त स्काउट स्काउट डॉ एलआर वर्मा रहे। प्रतिभागी स्काउट एवं गाइड ने बिना बर्तन के बनाए गए भोजन एवं रंगोली, साज सज्जा की प्रशंसा की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि कॉलेज प्रबंध समिति के उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्र, शिक्षक बलवीर सिंह, ओमप्रकाश यादव, डॉ अनिल कुमार, प्रवीण त्रिवेदी, आरती गुप्ता, मधुलिका त्रिवेदी उप प्रधानाचार्य श्याममूर्ति शुक्ला आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

REETASH KUMAR MAURYA S/o रमेश चन्द्र मौर्य जो कि ST. ALOYSIUS COLLEGE PILIBHIT में कक्षा 9th MARIA का है जिसका वर्तमान में नाम है जो कि गलत है जबकि सही नाम RITESH KUMAR MAURYA होना है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम शीतल से बदलकर शीतल देवी कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना -पहचाना जाये व जहां जहां आवश्यक हो वहां वहां यही नाम परिवर्तित नाम दर्ज किया जाये। **शीतल देवी पत्नी राजेश कुमार निवासी ग्राम म्यूडी खुर्द कलां केसरपुर बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.09.2024 को घर से कचहरी जाते समय मेरी एक पॉलीथीन जिसमें एक बैनामा जो शगुफ्ता हबीब के नाम है दिनांकित 09.07.2014 बही नं. 1 जिल्द सं. 6613 पृष्ठ 141 से 166 पर क्रमांक 8662 था कहीं गिर गया है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **मो. वसी पुत्र श्री मसीउद्दीन नि. 290, परसौना मोहनपुर परगना व तहसील बरेली हाल नि. फाईक इन्क्लेव, थाना बारादरी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# फोरलेन घोटाला: दो और अभियंताओं के नाम

बरेली कार्यालय

- पीलीभीत में पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता के नाम भी सामने आए

अमृत विचार : सितारगंज फोरलेन और रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण घोटाला मामले में सत्यापन और मूल्यांकन में गड़बड़ी करने में अब पीलीभीत में पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता के नाम भी सामने आए हैं।

अब पीलीभीत में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या 20 हो गई है और बरेली के 13 अधिकारी-कर्मचारी दोषी मिल चुके हैं। पांच अधिकारियों का निलंबन हो चुका है।

मंडलीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में दो तत्कालीन पीडी, कई लेखपाल, एनएचएआई के साइट इंजीनियर, नोडल एजेंसी और इसके जिला प्रतिनिधि समेत तत्कालीन अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदार और चार विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारियों की भूमिका को भी संदिग्ध माना है। इसमें एक अधिकारी सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के नाम नहीं खोलने को लेकर चर्चाएं शुरू हुईं तो अब पीडब्ल्यूडी के दो अभियंताओं के नाम और सामने आए हैं, इसमें पीलीभीत में तैनात रहे लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के तत्कालीन अधिशासी अभियंता उदयनरायण, सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह को परिसंपत्ति के अधिक मूल्यांकन के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी माना गया है। दोनों अधिकारियों के नाम शासन को भेज दिए गए हैं।

## पीएचडी साक्षात्कार का परिणाम नहीं आने से अभ्यर्थी परेशान

बरेली ,अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय ने पीएचडी में प्रवेश की तिथि 25 से 28 सितंबर प्रस्तावित की है लेकिन साक्षात्कार का परिणाम नहीं आने से अभ्यर्थी परेशान हैं। वहीं शोध निदेशालय प्रवेश की जल्द संशोधित तिथि जारी कर सकता है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे बिना परिणाम के प्रवेश कैसे लेंगे। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने कहा कि परिणाम तैयार किया जा रहा है। जल्द ही संशोधित तिथि जारी की जाएगी। अभ्यर्थी अपनी मेल और निदेशालय की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

**महिला ने दिव्यांग वकील को पीटा :** बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत के थाना जहानाबाद के गांव सकतपुर निवासी वकील ओमप्रकाश ने बताया कि शुक्रवार दोपहर थाना शाही के गांव दुनका निवासी गुड्डू के केस की पैरवी करने कोर्ट जा रहे थे। गुड्डू की साली आसिया ने गालीगलौज की। जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पिटाई की।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भवानीपुर नगला विकास खण्ड इस्लामनगर (बदायूं)

पत्रांक: मीमो. **निविदा सूचना** दिनांक: 26.09.2024

ग्राम पंचायत भवानीपुर विकास खण्ड उसावां (बदायूं) में राज्य वित्त / 15 वां वित्त आयोग (टाइड/अनटाईड) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नानुसार प्रस्तावित / स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, सरिया, टाईल्स, बजरफुट, सेनेटरी आईटम, हैण्डपम्प का मैटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 27.09.2024 को दोपहर 02 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा करें, जो उसी दिन 27.09.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 03 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा / कुटेशन को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि- में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 01. | रियासत के घर में असुद्दीन के घर तक सी.सी. कार्य। |
| 02. | मस्जिद से पटे मौर्य के घर तक सी.सी. कार्य। |
| 03. | ओमेन्द्र के घर से असगर के घर तक सी.सी. कार्य। |

कन्यावती (ग्राम प्रधान) संजीव कुमार (सचिव)

## प्राथमिक विद्यालय बीवनी वि.क्षे. मझगवां, बरेली

### नीलामी जर्जर भवन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक एस.एस.ए /निर्माण-2377-86/2024-25 दिनांक 27.08.2024 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय बीवनी वि.क्षे. मझगवां बरेली के प्रांगण में स्थित मूल जर्जर भवन की प्रथम नीलामी दिनांक 30.09.2024 को है एवं नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न नहीं होने की स्थिति में द्वितीय नीलामी दिनांक 03.10.2024 को की जाएगी। द्वितीय नीलामी प्रक्रिया के भी सम्पन्न नहीं होने की स्थिति में तीसरी नीलामी दिनांक 5.10.2024 को पुन: की जाएगी।

**शर्तें :-**

1. बोलीदाता को बोली से पूर्व रू. 20000 धरोहर राशि के रूप में जमा करने होंगे।
2. केवल जर्जर भवन नीलाम होना है भूमि छोड़कर।
3. नीलामी स्वीकृत होने पर स्क्रैप के मूल्य का 25% तुरंत जमा करना होगा। शेष धनराशि 3 दिन के अंदर विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में जमा करनी होगी।
4. नीलामी के समय अपना मूल आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।
5. नीलामी की शेष शर्ते व नियम विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

**चरन सिंह (अध्यक्ष)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. बीवनी**
**वि.क्षे. मझगवां, बरेली**

**ओमवती (ग्राम प्रधान)**
**ग्राम पंचायत बीवनी**
**वि.क्षे. मझगवां, बरेली**

**सुशील कुमार श्रीवास्तव (सचिव)**
**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्रा.वि. बीवनी, वि.क्षे. मझगवां, बरेली**

## पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा बरेली से आलमा पत्नी मो0 हबीब नि0 449 गुलाब नगर चाहबाई थाना प्रेमनगर बरेली एक किता मकान रक्बई 41.80 वर्गमी. जो खसरा नं. 803 व 804 में से वाकै सैदपुर हाकनस जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में आराजी क्रेता, पश्चिम में रास्ता 10 फिट चौड़ा, उत्तर में आराजी यासीन मियां व दक्षिण में रास्ता 8 फिट चौड़ा है जिसको बंधक रखकर आपकी शाखा से ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति के बाबत दो पूर्व मूल बैनामे क्रमश: प्रथम बैनामा जो यासीन मियां ने श्रीमती परवीन के हक में निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 11.10.2007 ई0 को बही सं. 1 जिल्द सं0 2143 के पृष्ठ 361-378 में नं. 7442 पर हुई है व द्वितीय बैनामा जो श्रीमती परवीन ने यूसुफ के हक में निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 15.11.2011 ई0 को बही सं. 1 जिल्द सं. 4926 के पृष्ठ 243-272 में नं. 12489 पर हुई है जो कहीं खो गया है जिसके खोने की सूचना दिनांक 26.09.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति / बैंक / संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 14 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल ग्रेहम हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)**
**चैम्बर नं.- 27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**ग्रेहम हा.फा.लि. बरेली मो. 9997389012**
**पंजी. सं.: 3647/06**

## पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल उम्मीद हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा बरेली से शिव कुमार पुत्र श्री रोशन लाल नि0 ग्राम मुड़िया जगरूप तह0 नवाबगंज जिला बरेली एक किता प्लाट तादादी 41.80 वर्गमी. जो खेत नं. 265अ में से वाकै मोहनपुर उर्फ रामनगर जिला बरेली जिसको शिव शंकर से खरीद किया था जिसकी चौहददी पूरब-खेत नेतराम, पश्चिम- रास्ता 42 फिट चौड़ा, उत्तर-प्लाट ब्रज मोहन व दक्षिण-प्लाट हरेन्द्र कुमार है को बंधक रखकर आपकी शाखा से ऋण ले रहे हैं। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित एक पूर्व मूल इकरारनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 19.07.2018 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द 9658 के पृष्ठ 305 से 326 तक क्रमांक 8092 पर हुई है जो भूपराम द्वारा हरेन्द्र कुमार व रामगोपाल के हक में निष्पादित हुआ है व एक पूर्व मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 13.03.2019 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं.1 जिल्द 10356 के पृष्ठ 137 से 168 तक क्रमांक 3203 पर हुई है जो भूपराम द्वारा हरेन्द्र कुमार व रामगोपाल के हक में निष्पादित हुआ है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 18.01.2021 को श्रीमान स.र. बरेली में बही सं. 1 जिल्द 12377 के पृष्ठ 1 से 24 तक क्रमांक 936 पर हुई है जो शिव शंकर द्वारा शिव कुमार व गोविन्द कुमार के हक में निष्पादित हुआ है जिसके पृष्ठ नं. 4 व दफा-60 कहीं खो गये है जिसके खोने की सूचना दिनांक 23.09.2024 को ई-थाना पर दर्ज कराई जा चुकी है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति / बैंक / संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल उम्मीद हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज बज सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)**
**चैम्बर नं.- 27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**उ. हा.फा.लि. बरेली मो. 9997389012**

## कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरी पुख्ता विकास खण्ड उसावां (बदायूं)

पत्रांक: मीमो. **निविदा सूचना** दिनांक: 26.09.2024

ग्राम पंचायत टिकरी पुख्ता विकास खण्ड उसावां (बदायूं) में राज्य वित्त / 15 वां वित्त आयोग (टाइड/अनटाईड) के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नानुसार प्रस्तावित / स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री (ईट, इण्टरलॉक, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, सरिया, टाईल्स, बजरफुट, सेनेटरी आईटम, हैण्डपम्प का मैटेरियल आदि) निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.09.2024 से दिनांक 03.10.2024 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबन्द लिफाफे में जमा करें, तथा दिनांक 03.10.2024 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 02 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा / कुटेशन को सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | साइज | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 01. | टिकरी पुख्ता में रामनारायण के खेत से शिव मंदिर तक नाला निर्माण कार्य। | 150 मी. | 498451.00 |
| 02. | टिकरी पुख्ता पंचायत घर में टाइल्स कार्य। | 04 नग | 166610.00 |

श्री महताव सिंह (प्रधान) अलख निरंजन (सचिव)

## कार्यालय ग्राम पंचायत करेली विकास खण्ड क्यारा (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो व आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन फेस़-2, योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के (S.L.W.M.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), केन्द्रीय वित्त आयोग, ग्राम निधि इत्यादि की धनराशि से ईट, रेत, बजरफुट, सरिया, रोड़ा, आयरन ऐंगिल, टीनशेड, सीमेन्ट, ई-रिक्शा, पी.वी.सी. पाईप, इन्टरलॉकिंग ईट आदि हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | 1. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद के गढ्ढे/कम्पोस्ट पिट 2. कचरा वाहन (ई-रिक्शा) 3. स्वीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट आदि | ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, रेता, बजरी, बजरफुट आयरन ऐंगिल टीन शेड, ई-रिक्शा, पी. वी.सी. आदि। |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (ग्रे वाटर मैनेजमेंट) | 1. सामुदायिक व संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर 3. वेस्ट स्टेबलाईजेशन पॉण्ड (W.S.P.) आदि। | पाईप, मिनी जेसीबी तथा मिनी ट्रैक्टर टॉली, क्रय, दीवार, चित्रण आदि। |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबन्धन | सैप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु ट्रैन्च/लीच पिट आदि। | |

उक्त के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दि. 30.09.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**श्रीमती अक्सा परवीन-ग्राम प्रधान** **एम.पी.सिंह-सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत करगैना विकास खण्ड क्यारा (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो व आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन फेस़-2, योजनान्तर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के (S.L.W.M.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), केन्द्रीय वित्त आयोग, ग्राम निधि इत्यादि की धनराशि से ईट, रेत, बजरफुट, सरिया, रोड़ा, आयरन ऐंगिल, टीनशेड, सीमेन्ट, ई-रिक्शा, पी.वी.सी. पाईप, इन्टरलॉकिंग ईट आदि हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | 1. सामुदायिक एवं संस्थागत खाद के गढ्ढे/कम्पोस्ट पिट 2. कचरा वाहन (ई-रिक्शा) 3. स्वीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र 4. सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट आदि | ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, रेता, बजरी, बजरफुट आयरन ऐंगिल टीन शेड, ई-रिक्शा, पी. वी.सी. आदि। |
| 2. | तरल अपशिष्ट प्रबन्धन (ग्रे वाटर मैनेजमेंट) | 1. सामुदायिक व संस्थाओं हेतु सोकपिट 2. फिल्टर चैम्बर 3. वेस्ट स्टेबलाईजेशन पॉण्ड (W.S.P.) आदि। | पाईप, मिनी जेसीबी तथा मिनी ट्रैक्टर टॉली, क्रय, दीवार, चित्रण आदि। |
| 3. | मलीय अपशिष्ट प्रबन्धन | सैप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु ट्रैन्च/लीच पिट आदि। | |

उक्त के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दि. 30.09.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**श्रीमती सुमन सक्सेना-ग्राम प्रधान** **एम.पी.सिंह-सचिव**

## कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली

पत्रांक: 1847/स्वी.अनु./धा.ख./सी.एम.आर.परि.-ई-निविदा/2024-25/बरेली दिनांक : 26.09.2024

### ई-टेण्डर नोटिस (सी.एम.आर. परिवहन)

कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ, के पत्रांक 3098/मु.वि.अ./ धा.ख.-नीति प्रस्ताव-1/2024-25 दिनांक 24.07.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं.-553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं. 591/29-4-2023/4013 (99)/7/2022 दिनांक 16.05.2023, शासनादेश सं. 1215/29-4013(99)7/2022 दिनांक 15.09.2022, शासनादेश सं.- 571/29-4-2023/4013 (099)/7/2022 दिनांक 03.05.2023, शासन के पत्र सख्या 831/29 4-2023-385/19 दिनांक 25.07.2023 एवं अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 10.07.2023 एंव अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग उ.प्र., जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3895/आ.वि.शा./हैण्ड.परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 18.09.2024 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 05.09.2024 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त के आलोक में बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एंव शाहजहाँपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अनतर्गत धान क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध होने वाली राइस मिलों से भारतीय खाद्य निगम के निर्धारित डिपो तक सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आंमत्रित की जाती है। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निविदायें जनपदवार मिलवार प्राप्त की जायेगी। वर्तमान सत्र में राइस मिलों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। सत्यापन उपरांत राइस मिलों की सूची में मिलों की संख्या घट व बढ़ सकती है। वर्तमान प्रकाशित ई-टेण्डर वर्तमान वर्ष में राइस मिलों के सत्यापन एंव पंजीयन के अधीन होगें। निविदा समिति द्वारा उन्ही राइस मिलों की ई-निविदा पर विचार किया जायेगा जिन राइस मिलों की सूची सत्यापन एंव पंजीयन उपरांत जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी ।

संलग्न सूची के अनुसार जनपद बरेली में 21 जनपद बदायूँ में 03 जनपद पीलीभीत में 31 एंव जनपद शाहजहाँपुर में 14 कुल 69 राइस मिलों पर सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु जनपदवार ई-निविदा आंमत्रित की जाती है।

निविदादाता/फर्म द्वारा प्रत्येक राईस मिल के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेगें तथा निविदा शुल्क (प्रत्येक राइस मिल हेतु) एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की ''स्कैन्ड कापी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.)= 590/- तथा प्रत्येक निविदा के साथ सी.एम.आर. परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू. 15,000/- सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक सिविल लाइन्स बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की ''स्कैन्ड कापी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड के प्रपत्रों की जाँचोपरान्त इसमें अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा। तदोपरांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

**(मनिकन्डन ए.)**
**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**बरेली सम्भाग, बरेली।**

## कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं

पत्रांक: 1044/5-3, बदायूं दिनांक: 25.09.2024

### Expression of Interest (EOI)

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, परियोजना, उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक- 147/39-9 दिनांक 04.11.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एन.एम.सी.जी.) भारत सरकार, नई-दिल्ली के पत्रांक- Ad-34012/1/2022-NMCG-NMCG दिनांक 19.10.2022 द्वारा बदायूं वन प्रभाग के बदायूं रेंज के अन्तर्गत देहमू वन ब्लॉक में बायोडार्यवसिटी पार्क की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है जिसमें Plant Expert, Landscape Architect, Animal Expert, Technical Staff तथा Multi-Tasking Staff को अस्थायी रूप से संविदा पर रखे जाने हेतु प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं द्वारा Expression of Interest (EOI) आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | पदनाम | संख्या | मानदेय धनराशि | शैक्षिक अर्हता/पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Landscape Architect | 01 | रू. 50,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी प्रतिष्ठान, विश्वविद्यालय / संस्थान से आर्किटेक्ट में स्नातक / स्नातकोत्तर की उपाधि होना अनिवार्य है तथा सरकारी प्रोजेक्ट, संरक्षित क्षेत्रों, बायोडार्यवसिटी पार्क आदि में लैण्डस्क्रेपिंग आर्किटेक्ट आदि में कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है। |
| 2- | Plant Expert | 01 | रू. 30,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी प्रतिष्ठान, विश्वविद्यालय / संस्थान से वनस्पति विज्ञान या पर्यावरण विज्ञान में स्नातक / स्नातकोत्तर की उपाधि होना अनिवार्य है तथा सरकारी प्रोजेक्ट, संरक्षित क्षेत्रों, बायोडार्यवसिटी पार्क आदि में कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है। |
| 3- | Animal Expert | 01 | रू. 30,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी प्रतिष्ठान, विश्वविद्यालय / संस्थान से वेटरनरी में स्नातक/ स्नातकोत्तर की उपाधि होना अनिवार्य है तथा सरकारी प्रोजेक्ट, संरक्षित क्षेत्रों, बायोडार्यवसिटी पार्क आदि के साथ-साथ पशु विशेषज्ञ की जानकारी में कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है। |
| 4- | Technical Staff | 01 | रू. 20,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। कम्प्यूटर डिप्लोमा में DOEACC से CCC की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। आवेदक को कम्प्यूटर में हिन्दी / अंग्रेजी टाईपिंग का ज्ञान, इण्टरनेट का ज्ञान, फोटोशॉप का ज्ञान, ऑफिस का ज्ञान, पावरप्वाइंट का ज्ञान तथा ग्राफिक डिजाईन का ज्ञान रखने वाले वरीयता दी जायेगी। |
| 5- | Multi-Tasking Staff | 12 | रू. 10,000.00 प्रतिमाह | आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। सामान्य ज्ञान का स्तर अच्छा होना चाहिए। |

अत: इच्छुक आवेदक अपने अनुभव प्रमाण-पत्र के साथ EOI पर दिनांक 5.10.2024 की सायं 05:00 बजे तक आवेदन कर सकते है। EOI नीचे दिये गये पते पर पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से बंद लिफाफे में भेजी जायेगी एवं लिफाफे के ऊपर EOI फॉर बायोडार्यवसिटी पार्क (पदनाम सहित) लिखना अनिवार्य होगा। उक्त समस्त पद पूर्णत: अस्थाई (संविदा) है। इस पद पर किसी भी नियमावली के तहत कोई भी अधिकार पदधारक को प्राप्त नहीं होगा। अन्य कोई भी जानकारी के लिए नीचे दिये गये पते पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**पता:- कार्यालय- प्रभागीय निदेशक,**
**सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं**
**पिन कोड- 243601**
E-mail ID- dfobdn123@gmail.com

**प्रदीप कुमार वर्मा**
**प्रभागीय निदेशक**
**सामाजिक वानिकी प्रभाग, बदायूं**

## कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली

पत्रांक: 1846/स्वी.अनु./धा.ख./परि.-ई-निविदा/2024-25/बरेली दिनांक : 26.09.2024

### ई-टेण्डर नोटिस

कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ, के पत्रांक 3098/मु.वि.अ./धा.ख.-नीति प्रस्ताव-1/2024-25 दिनांक 24.07.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं.-553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं. 591/29-4-2023/4013 (99)/7/2022 दिनांक 16.05.2023, शासनादेश सं. 1215/29-4013 (99)7/2022 दिनांक 15.09.2022, शासनादेश सं.- 571/29-4-2023/4013 (099)/7/2022 दिनांक 03.05.2023, शासन के पत्र संख्या 831/29-4-2023 385/19 दिनांक 25.07.2023 एंव अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि. दर/359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 10.07.2023 एंव अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग उ.प्र., जवाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3895/आ.वि.शा./हैण्ड परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 18.09.2024 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त के आलोक में बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एंव शाहजहाँपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नामित समस्त क्रय एजेन्सियों से सम्बन्धित जिलाधिकारियों द्वारा स्वीकृत नवीन धान क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध चावल मिलों तक तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत सम्भावित गेहूं क्रय केन्द्रों को आधार मानते हुए गेहूं क्रय केन्द्रों से निर्धारित/सम्बद्ध भारतीय खाद्य निगम डिपो तक गेहूँ के परिवहन कार्य हेतु एस.एल.सी. द्वारा अनुमोदित शेड्यूल दर के सापेक्ष ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है।

संलग्न सूची के अनुसार जनपद बरेली में 15, जनपद बदायूँ में 15, जनपद पीलीभीत में 39 एवं जनपद शाहजहाँपुर में 81 कुल 150 धान क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। संलग्न सूची के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान परिवहन कार्य हेतु एंव रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गेहूँ परिवहन कार्य हेतु ई-निविदायें जनपदवार, केन्द्रवार प्राप्त की जायेगी । निविदादाता द्वारा प्रत्येक केन्द्र के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेगें तथा निविदा शुल्क (प्रत्येक केन्द्र हेतु) एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की ''स्कैन्ड कापी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.) = 590/- तथा प्रत्येक निविदा के साथ परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू. 15,000/- सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक सिविल लाइन्स बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की ''स्कैन्ड कापी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल विड के प्रपत्रों की जांचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा। तदोपांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविद को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे।

**(मनिकन्डन ए.)**
**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**बरेली सम्भाग, बरेली।**

यद्यत्संद्दश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मांनुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै ॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है, कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की धमकी

यूक्रेन पर रूस के युद्ध का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। इस हमले के बाद यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा संघर्ष शुरू हो गया। तब से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कई बार हस्तक्षेप करने वाले किसी भी देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां जारी की हैं। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन और नाटो देशों को परमाणु बम की धमकी दी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु सिद्धांत में बदलाव के लिए कहा है। इससे रूस अब गैर परमाणु हथियार संपन्न देश के खिलाफ भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगा। यही नहीं अगर रूस पर भीषण हवाई हमला होता है तो रूस परमाणु हमला कर सकेगा। रूस की इस धमकी से एक बार फिर से दुनिया में चिंता बढ़ गई है। क्योंकि रूस के परमाणु सिद्धांत में संशोधन यूक्रेन युद्ध में शामिल होने के मामले में पश्चिम को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी है। रूस के पास वर्तमान समय में 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा हैं।

गुरूवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विश्व नेताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने परमाणु निरस्त्रीकरण को एक वैश्विक प्राथमिकता बताया है और इसके लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया कि शीत युद्ध के बदतरीन दिनों के बीत जाने के बाद अब फिर परमाणु हथियारों की स्याह छाया नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने चिंता जताई कि परमाणु मुद्दे पर तनातनी और बयानबाज़ी हो रही है और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए धमकियां दी जा रही हैं। हथियारों की होड़ फिर से भड़कने की आशंका है। 20 देशों के समूह ने 2022 और 2023 में संयुक्त बयानों में खतरों को रेखांकित करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों का उपयोग और उपयोग की धमकियां अस्वीकार्य हैं। ऐसे में भू-राजनीतिक तनावों के विशेष संदर्भ में वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण प्रयासों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा आवश्यक है। साथ ही भारत को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को वैश्विक निरस्त्रीकरण लक्ष्यों के साथ संतुलित करना चाहिए। सभी देशों को इस मुद्दे की तात्कालिकता को समझना होगा। अमेरिका और नाटो देशों को परमाणु प्रतिशोध की धमकी देने और उत्तेजक परमाणु अभ्यासों से बचना चाहिए। चूंकि अमेरिका और यूरोपीय नेता यूक्रेन को रूस को पीछे हटाने के लिए जरूरी हथियार मुहैया करा रहे हैं, इसलिए उन्हें सावधानी से अपने सैन्य समर्थन को संतुलित करना चाहिए और तनाव बढ़ने से बचने के लिए समन्वय करना चाहिए।

# सरकारी खाद्यान्न खरीद में पारदर्शिता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं?

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से धान /बाजरा /ज्वार/मक्का की खरीद प्रारंभ होने वाली है। वस्तुतः न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में हमेशा से किसानों की मांगें उठती रही हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में निरंतर परिवर्तन और सुधारकर उन्हें अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती रही है। यहां यह बताना श्रेयस्कर होगा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त कराने के उद्देश्य से खरीफ और रबी सीजन में कुल 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। यह कृषि लागत और मूल्य आयोग की अनुशंसा पर आधारित होता है।

केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग का गठन किया गया था। भारत में सर्वप्रथम 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। तबसे हरेक साल इसमें सुधार और विस्तारीकरण के उपाय किए जाते रहे हैं। हालांकि उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की अल्पता थी और भारत खाद्यान्न आयातक देशों में गिना जाता था,परंतु आज भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हैं और कई खाद्यान्नों का निर्यात करता है। ओपन मार्केट पॉलिसी आने के बाद किसानों को सीधे बाजारों में अपनी उपज बेचने का मौका मिला है। आज ई-नाम मंडी व्यवस्था के अंतर्गत पूरे देश के व्यापारी कहीं भी किसी भी मंडी के खाद्यान्न की खरीद बिक्री कर सकते हैं,जिससे पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ हुआ है।

जाहिर है कि एमएसपी योजना की महत्ता के दृष्टिगत ही बदलते समय के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से किए खाद्यान्न की खरीद विभाग के कंप्यूटरीकरण के साथ सबकुछ ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो गया है। इस योजना से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। पहले जिनके जमीन भी नहीं थे या जो किसान नहीं थे,वे भी किसी और की जमीन के कागज लगाकर और किसी दूसरे के बैंक खाते में पैसा भेजकर योजना का गलत लाभ लेने की कोशिश करते थे। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसको लक्षित करते हुए ऑनलाइन ई उपार्जन सिस्टम लागू किया गया, जो एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के मामले में देशभर में एक प्रकार का यूनिक सिस्टम बनकर उभरा है। इसके लिए सर्वप्रथम किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई और उनके पंजीकरण को राजस्व विभाग के भू लेख पोर्टल से लिंक किया गया। इससे किसानों के जमीन की सत्यता प्रमाणित होने लगी और फर्जीवाड़ा और बिचौलियों पर रोक लग गई। हालांकि गन्ना विभाग से डाटा शेयरिंग का कार्य अभी भी किया ही जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण को किसान अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से करा सकता है, जिस पर ओटीपी के माध्यम से वेरीफिकेशन की व्यवस्था है। ऑनलाइन सिस्टम से पहले किसानों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था,जो बियरर होता था। इसे पहले एकाउंट पेयी सिस्टम में लाया गया फिर आरटीजीएस के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाता मे भेजा जाने लगा, लेकिन सबसे फूल प्रूव सिस्टम तब लाया गया,जब भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पीएफएमएस के माध्यम से एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया) मैप्ड और वेरीफाइड बैंक एकाऊंट में किसानों को उनकी उपज के मूल्य की धनराशि भेजी जाने लगी। यह ऐतिहासिक कदम था, देश में पहली बार किसी राज्य में किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पीएफएमएस सिस्टम से दिया जाने लगा है। अन्य राज्यों ने भी अब इसी को अपनाने का निश्चय किया है। क्रय केंद्रों पर भी वास्तविक किसानों से खरीद हो यह सुनिश्चित करने के लिए ई पाप (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन की व्यवस्था की गई है,जिस पर किसान अपना बायोमेट्रिक करने के बाद ही अपनी उपज बेच सकता है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों की ऑनलाइन टैगिंग एवं जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से खाद्यान्न प्रेषण करने की व्यवस्था लागू की गई है,जिसकी ऑनलाइन ट्रैकिंग भी हरेक स्तर से की जा सकती है।

उत्तर प्रदेश में लगभग 2 .33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2 .15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है।

पूरे सरकारी खरीद सिस्टम का एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से ई उपार्जन सिस्टम बनाया गया है, जिसमें किसानों से खाद्यान्न खरीद के ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम से लेकर टोकन जेनरेशन, तयशुदा तिथि को क्रय केंद्र पर खरीद, ऑनलाइन जेनरेटेड रसीद, ऑनलाइन वेरिफिकेशन के बाद पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भुगतान, राइस मिलों द्वारा ऑनलाइन प्राप्ति/प्रेषण भारतीय खाद्य निगम डिपो पर प्राप्ति सभी एक ऑनलाइन चेन सिस्टम से जोड़ दिया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं,जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी क्रय नीति में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लघु और सीमांत किसानों से प्राथमिकता के आधार पर खरीद की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में गठित शांता कुमार कमेटी के अनुसार मात्र 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को इस योजना के अंतर्गत सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचते हैं, शेष ओपन मार्केट में बेचते हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व इस निष्कर्ष को सतही मानते हुए आइआइटी दिल्ली की रीतिका खेड़ा, प्रांकुर गुप्ता और सुधा नारायण द्वारा एक शोध पत्र जारी किया गया है,जिसके अनुसार लगभग 15-18 प्रतिशत किसानों द्वारा इसका लाभ उठाया जाता है,क्योंकि सभी किसानों द्वारा गेहूं/धान का उत्पादन नहीं किया जाता है तो हम यदि धान/गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों में इसकी तुलना करेंगे तो सहभागिता बढ़ जाती है। इस शोध पत्र में आंकड़ों के साथ यह भी कहा गया कि जिन राज्यों ने खरीद व्यवस्था की विकेंद्रीकृत प्रणाली अपनाई है जैसे छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि में लगभग 30-35 प्रतिशत किसानों द्वारा इस योजना का लाभ उठाया जा रहा है।


पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में यह प्रतिशत भी उच्च है। यहां यह तथ्य भी ध्यान देने योग्य है कि यदि किसानों को मार्केट में अच्छा प्राइस मिल रहा है तो वो भी इसी योजना का प्रतिफल है, परंतु हम आंकड़ों में उन किसानों को शामिल नहीं करते। उदाहरण स्वरूप गत वर्ष 90 प्रतिशत गेहूं बेचने वाले किसानों ने ओपन मार्केट को चुना, क्योंकि यहां मूल्य एमएसपी से अधिक था, अर्थात यहां तुलना भी हम एमएसपी से ही करते हैं। गत वर्षों में गेहूं खरीद के आंकड़ों पर हम नजर डालते हैं तो किसानों को ओपन मार्केट में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक पैसा मिला है। गेहूं को वो तो सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचना ही नहीं चाहते, क्योंकि उससे ज्यादा मूल्य पर व्यापारी उनके घरों से उठाकर ले जाते हैं। इस तरह से देखें तो यहां पर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अपना उद्देश्य प्राप्त कर रही है और किसानों को उससे अधिक मूल्य मिल रहा है।

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है,परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं? जाहिर है,उन्हें पता है कि मंडियों मे उनके खाद्यान्न की नीलामी जब होती है तो उसकी बोली का आधार एमएसपी ही होता है। प्रत्येक वर्ष बोली का रेट स्वतः एमएसपी में हुई वृद्धि के अनुरूप बढ़ जाता है। वस्तुतः पीडीएस और एमएसपी मार्केट रेट कंट्रोल करता है। पीडीएस के लाभार्थी भी तो एक दूसरे छोर से एमएसपी योजना से ही जुड़े हैं,क्योंकि यहां खरीदे गए खाद्यान्न का उपयोग ही अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के मध्य किया जाता है।

## प्रसंगवश

# धार्मिक स्थलों की समस्या

भगवान राम के दरबार में एक दिन एक कुत्ता न्याय की गुहार लेकर आया। आरोप था कि एक ब्राह्मण ने अकारण उसे डंडे से मारकर चोट पहुंचाया है। ब्राह्मण तलब हुआ। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि कई दिनों से भूखा रहने के कारण उसे कुत्ते के अकारण भूंकने पर क्रोध आ गया, जिसके कारण उससे यह अपराध हो गया। धर्म संकट देखकर श्रीराम ने कुत्ते से कहा कि इस ब्राह्मण के दंड का अब तुम्हीं निर्धारण करो। कुत्ते ने बहुत सोच विचार कर कहा,महाराज! इस ब्राह्मण को किसी मठ का मठाधीश बना दिया जाए। सारी सभा अवाक्। भगवान मुस्कुराए। मंत्री ने कुत्ते से पूछा कि तुम इस ब्राह्मण को दंड दे रहे या पुरस्कार? कुत्ता श्रीराम की ओर मुखातिब हुआ और बोला,महाराज! पिछले जन्म में मैं मठाधीश ही था। कुत्ते की योनि में जन्म लेकर निरपराध डंडे खाने पड़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों के दायित्व बोध के लिए कथा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

श्री तिरुपति बालाजी धाम अपने देश के सर्वाधिक समृद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। इस स्थिति में वहां के महाप्रसादम् में घालमेल करके किसी भी स्तर पर की गई मुनाफाखोरी अक्षम्य होनी चाहिए। जहां तक प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों के अपवित्र होने का प्रश्न है,अपने शास्त्र इस बिन्दु पर काफी उदार हैं। हमारी गैर-जानकारी में किए गए किसी दूसरे के कुकर्म से हमारे सत्कर्म प्रभावित नहीं होते हैं। शास्त्रों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अनुष्ठान में की गई त्रुटियों का परिणाम पुरोहित को भुगतना पड़ता है, न कि यजमान को। राम दरबार की उपरोक्त कथा प्रमाण।

किसी भी यज्ञ, अनुष्ठान, पूजा-पाठ में सर्वप्रथम विघ्न विनाशक गणेश जी का आवाहन किया जाता है, ताकि अनुष्ठान निर्विघ्न समाप्त हो। समापन के पूर्व, अनुष्ठान के मध्य जाने-अनजाने हुई त्रुटियों लिए क्षमा याचना भी अनुष्ठान का ही एक अंग है। इन सब सावधानियों के बावजूद जो त्रुटियां हो जाती हैं,वे "वैगुण्यदोष" के रूप में क्षम्य हैं। तमाम प्रयास के बावजूद कुछ कमियों, त्रुटियों, अपराधों की संभावना बनी रहती है, जैसे हवन सामग्री,हवन की लकड़ी के अंदर सूक्ष्म कीड़े-मकोड़ों की उपस्थिति, प्रज्वलित हवन कुंड के आसपास उड़ते सूक्ष्म कीट-पतंगों का जल जाना आदि इत्यादि। इन्हें वैगुण्य, अर्थात अनजाने में हुए अपरिहार्य, दोष मानकर क्षम्य बताया गया है। अतएव अनजाने में दूषित प्रसाद ग्रहण करने का अपराध बोध वांछनीय नहीं है। अपनी अंतरात्मा की पुकार के अनुसार प्रायश्चित करने में भी कोई हर्ज नहीं।

दरअसल आजकल हमारे धार्मिक स्थलों की समस्या कुछ अलग है। तीर्थाटन गुजरे जमाने की बात होती जा रही,देशाटन भी पर्यटन का रूप ले चुका है। अब यह पर्यटन भी एक तरह से तीर्थाटन व देशाटन का कार्पोरेटाइजेशन हो चुका है, जिसमें आस्था व जिज्ञासा के स्थान पर उत्सव व आमोद-प्रमोद को वरीयता मिल रही है। कारपोरेट कल्चर का मूल स्वरूप अधिकाधिक विस्तार से एकाधिकार और मुनाफाखोरी है। सो प्रसाद जैसे पावन सामग्री में भी इन्हें हाथ आजमाने से कोई गुरेज नहीं। पर्यटन भी धीरे-धीरे अति की ओर अग्रसर है। पर्यटन के अतिरेक, ओवर टूरिज्म के दुष्परिणाम को देखते हुए वर्ष 2002 में ही समेकित विकास वर्ल्ड समिट, केपटाउन, में उत्तरदायित्व पूर्ण पर्यटन को "स्थानीय निवासियों के रहने व आगंतुकों के लिए बेहतर स्थान" के रूप में परिभाषित किया गया था। सभी सहभागियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे ऐसे स्थलों की स्थानीय विरासत को अपनी अगली तथा उससे आगे आने वाली पीढ़ी के लिए यथावत सुरक्षित रखें। स्थानीय निवासी व आगंतुक पारस्परिक अनुभवों से लाभान्वित हों।

प्रो हारोल्ड गुडविन,"इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रेसपांसिबल टूरिज्म" के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व दिए गए अपने साक्षात्कार में बताया है कि किस तरह से ओवर टूरिज्म के चलते बार्सीलोना में बाहरी लोगों के अत्यधिक आवागमन करने के कारण स्थानीय लोग बेघर हो गए और कारपोरेट्स द्वारा संचालित होटलों में कर्मचारी के रूप में काम करने के लिए विवश हो गए हैं। केरल के भी कुछ हिस्सों में यही स्थिति बताई जाती है। इसी ओवर टूरिज्म के चलते,जो अब एक भेड़चाल का रूप ले चुका है, विगत के कई आकर्षक पर्यटन स्थल अपनी आभा खोते जा रहे हैं। उन्होंने वृंदावन के जैतवन व निधिवन को एक आदर्श पर्यटन स्थल बताया है, जहां कोलाहल से दूर उसकी आध्यात्मिक अस्मिता सुरक्षित है। उन्होंने यह भी अपेक्षा की है कि ऐसे पर्यटन स्थलों को ऐसा संरक्षण दिया जाए,ताकि उनका मूल स्वरूप सुरक्षित रह सके। पर्यटन स्थल स्थानीय लोगों की संपत्ति है,यह पांच सितारा होटलों के मालिकों व उसमें ठहरने वाले बाहरी लोगों की संपत्ति नहीं है।

## जयंती

# भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ जरूरी



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता , छ.ग.

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे।

भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के अकेले गैर कांग्रेसी योद्धा हैं, जिनकी ख्याति महात्मा गांधी के मुकाबले हो गई थी। उनकी फांसी के मुद्दे पर कांग्रेस लगभग आधे-आधे में बंट गई थी। असहमति के बावजूद गांधी के प्रति उनके मन में बेहद सम्मान था। भगत सिंह का कांग्रेस पर नैतिक पौरुषपूर्ण प्रभाव भी पड़ा था। वे गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को एक वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे।

लाहौर अधिवेशन में भगत सिंह ने कांग्रेस की ही सहमति से भगवतीचरण वोहरा द्वारा लिखा पर्चा बंटवाया भी था। उसमें विदेशी गुलामी से मुक्ति के लिए क्रांतिकारियों के हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सशस्त्र संगठन द्वारा क्रांति के लिए संकल्पबद्धता का ऐलान था। नौजवानों को दिए संदेश में भगत सिंह ने इशारा भी किया था कि लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबर्दस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है। तब राष्ट्रीय इतिहास में कठिन क्षणों में नौजवानों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ेगी। चाचा सरदार अजीत सिंह, पिता किशन सिंह, लाला लाजपत राय, प्राचार्य छबीलदास, लाइब्रेरियन राजाराम शास्त्री के समर्थन और गांधी के आह्वान पर पढ़ाई छोड़कर स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के बावजूद कांग्रेस के प्रस्तावों ने भगत सिंह के साथ न्याय नहीं किया।

भगत सिंह ने पूरी तौर पर सशस्त्र क्रांति को खारिज नहीं किया। उन्होंने साफ किया कि सशस्त्र क्रांति उस समय ही अनिवार्य विकल्प है, जब जनता पूरी तौर पर क्रांति के नियामक मूल्यों के लिए सुशिक्षित हो पाए। असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम के बदले क्रांति के अग्निमय शोलों से लकदक लाल पर्चे फेंके। वे किसी भी मुर्दा कौम में बगावत के स्फुलिंग भर सकते थे। सांडर्स की हत्या के बाद क्रांतिकारी पर्चे में साफ लिखा था कि उन्हें एक मनुष्य का खून बहाने में गहरा दुख है। जिन परिस्थितियों में शांति मार्च की अगुआई कर रहे लाला लाजपत राय को लाठियों से पीटकर मार डाला गया, उस घटना का बदला बौद्धिक के बदले यौद्धिक तरीके से ही कारगर ढंग से संसूचित किया जा सकता था। इससे ही अंग्रेज शासक में खौफ पैदा होता कि वह वहशी इरादों के साथ स्वतंत्रता सैनिकों की हत्या करने की कोशिश न करें।

'इंकलाब जिंदाबाद' मूलतः कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ जोड़ा था 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' और 'दुनिया के मजदूरों एक हो।" असेंबली बमकांड पर दिए सनसनीखेज ऐतिहासिक बयान में भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने समाजवादी प्रतिबद्धता के बावजूद क्रांतिकारी आंदोलन का श्रेय गुरु गोविन्द सिंह, शिवाजी, कमाल पाशा, रिजा खां, जार्ज वाशिंगटन, गेरीबाल्डी, लायाफेर और लेनिन को भी दिया। भगत सिंह का कहना था-"मैंने एक आतंकवादी की तरह काम किया है,लेकिन आतंकवादी नहीं हूं। मैं तो ऐसा क्रांतिकारी हूं,जिसके पास एक लंबा कार्यक्रम और उसके बारे में सुनिश्चित विचार होते हैं। मैं पूरी ताकत के साथ बताना चाहता हूं कि मैं आतंकवादी नहीं हूं और कभी था भी नहीं, कदाचित कुछ उन दिनों को छोड़कर जब मैं अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत कर रहा था। मुझे विश्वास है कि हम ऐसे तरीकों से कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं।"

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे। किस्सा मुख्तसर है कि मुसलमानों के रूढ़ विश्वासों के कायम रहते झटका और हलाल किस्म के मांस को एक साथ परोसकर खिलाए जाने के रोमांचक प्रयत्न भी क्रांतिकारियों के बीच प्रफुल्ल होते रहते थे। भगत सिंह पहले आधुनिक महत्वपूर्ण वैचारिक थे,जो पूरी तौर पर प्रचलित मजहबी रूढ़ियों के दायरों से बाहर थे। अंग्रेज जल्लादों से बचने के लिए उन्होंने अपने केश काटकर दुर्गा देवी वोहरा के साथ कलकत्ता तक यात्रा की। कुछ सिखों ने आलोचना की कि पांच धार्मिक प्रतीकों में से केश को उन्होंने क्यों कटवा लिया? भगत सिंह ने धार्मिक जुमले में उन्हें निरुत्तर किया कि गुरु गोविंद सिंह का आदेश है कि अपने कौम और धर्म की रक्षा के लिए शरीर का अंग-अंग कटवा दो। मैंने उसी मकसद से केश कटवा दिए। मौका मिलेगा तो अगला अंग अपनी गरदन कटवा लूंगा।

आज भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ बेहद जरूरी है। भगत सिंह हमारी प्रशंसा के साथ-साथ शोधपूर्ण जिरह के आधार हैं। यदि वे आजाद भारत में होते तो स्थितियों का अपनी मौलिकता के साथ आकलन करते। देश तब उस आकलन से सहमत, असहमत या तटस्थ होने की अपनी भूमिका तलाशता।

## सोशल फोरम

# तर्क करने का माद्दा

कोर्ट में केस चल रहा था। सारे सबूत अपराधी को गुनहगार ठहरा रहे थे। जब अपराधी से सफाई में कुछ कहने के लिए कहा गया तो उसने कहा-श्रीमान मैं गंगा स्नान कर अपने सारे पाप धो चुका हूं। अब चूंकि मैं पाप मुक्त हो चुका हूं,इसलिए मुझे दंड नहीं मिलना चाहिए।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

सवाल है कि कोई भी समाज क्या अपराधी को केवल इसलिए माफ कर देगा कि उसने गंगा स्नान कर लिया है। शायद कोई भी समाज ऐसा नहीं करेगा। तो आखिर ये कौन लोग हैं और कैसी ये सोच है,जो केवल स्नान से आपके पाप कटवाने का ठेका लिए घूमते हैं। समाज आस्था से आपके विश्वास से नहीं चलता। कोई भी स्वस्थ समाज चलता है, नियमों से, तर्कों के बलबूते।

आजादी के बाद भारत की प्रगति की राह में ये सबसे बड़ी बाधा रही कि हम एक तर्कशील समाज का निर्माण करने में असफल रहे। तर्क के ऊपर आस्था को महत्व देने का नतीजा है कि एक स्कूल में बच्चों की शुरुआत प्रार्थना से होती है और फिर क्लास में जाकर ये फिजिक्स और केमेस्ट्री पढ़ते हैं। न्यूटन, आइंस्टाइन और डार्विन को रटते हैं। रटते हैं यहां इसलिए कहा गया कि फिर यही लोग बड़े होकर रफैल पर नींबू मिर्च लटकाने से खुश होते हैं। दरअसल दिक्कत है कि जो समाज के अग्रणी लोग हैं,जिन पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी है। वो सब खुद कर्मकांड में लिप्त हैं। शिक्षा हमें तार्किक बनाती है।

अंधविश्वास भगाती है, लेकिन आज एक शिक्षित व्यक्ति भी बिल्ली के रास्ता काटने पर सोचने लगता है। हमारी दिक्कत है कि हमने तर्कों पर हमेशा आस्था को महत्व दिया। अगर हमारी आस्था, विश्वास इतने ही मजबूत हैं तो तर्कों से डरना क्यों? जो विज्ञान हजारों साल पहले हुए डायनासोर्स के बारे में बता सकता है। वो आपके सारे अंधविश्वास और किस्से कहानियों की सत्यता भी परख सकता है। बशर्ते आपमें जानने और अपने ही विश्वासों की बखिया उधेड़ उस पर तर्क करने का माद्दा हो।

-फेसबुक वॉल से

# रेबीज के कारगर निवारण को जागरूकता जरूरी

दुनिया के 150 से अधिक देशों मुख्यतः एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 70,000 लोग रेबीज के कारण असामयिक मौत का शिकार होते हैं। रेबीज संक्रमण से होने वाली 99 प्रतिशत मौतें संक्रमित कुत्तों के काटने से होती हैं। रेबीज के कारण दुनिया में 40 प्रतिशत मौतें 5 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में होती है। हालांकि रेबीज संक्रमण का संचरण बिल्लियों, लोमड़ी, सियार, नेवला जैसे जंगली जंतुओं से भी हो सकता है। रेबीज एक वायरल, जूनोटिक (जंतुजन्य) रोग है, जिसका यदि लक्षणों की शुरुआत होने से पहले इलाज न किया गया तो जानलेवा साबित हो सकता है। मानव और पालतू जंतुओं में रेबीज का संक्रमण मुख्यतया किसी संक्रमित जंतु के काटने अथवा उसके द्वारा नोचने, खरोंचने से अथवा संक्रमित जंतु के आंख, मुंह और खुले घाव के सीधे संपर्क में आने पर फैलता है। रेबीज वायरस केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली को संक्रमित करता है और यदि इलाज में देरी हुई तो लक्षणों की शुरुआत के साथ मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। रेबीज से बचने के लिए इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है।



डॉ.कृष्णा नंद पांडेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक
नोएडा

भारत में गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों के आतंक की घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा छोटे बच्चों को घेरकर काटने, नोचने के उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। यह झुंड खासकर वृद्धों,महिलाओं और बच्चओं को आसानी से शिकार बनाता है। अमेरिका जैसे देश में प्रतिवर्ष 7000 से अधिक रेबीज से संक्रमित होते हैं, जिनमें लगभग 10 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। कुत्ते पालने के अधिकांश शौकीन आकर्षक नस्लों के विदेशी कुत्ते पालते हैं। जाहिर है उनका आयात किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुत्तों की आयात प्रक्रिया कड़े नियमों के अनुपालन पर आधारित होती है। यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2007 से आयातित संक्रमित कुत्तों से फैलने वाले रेबीज की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने से बचाव मनुष्य के लिए बिल्कुल आसान है, फिर भी संक्रमित जंतुओं के काटने अथवा खरोचने की स्थिति में चिकित्सा विशेषज्ञ की परामर्श में इलाज कराना जरूरी होता है। अविलंब उपचार के द्वारा इससे होने वाली क्षति से बचा जा सकता है। पेट लवर्स अपने पेट्स के भोजन, स्वास्थ्य तथा उनकी स्वच्छता सफाई के प्रति बहुत सजग रहते हैं। फिर भी लोगों को दूसरों के पालतू कुत्तों से भी सजग और सावधान रहने की आवश्यकता होती है। पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट डॉग्स से बचना जरूरी है।

विश्व के अनेक देशों में अभी भी रेबीज के कारण बड़ी संख्या में लोगों और जंतुओं की मौतें होती हैं। प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को रेबीज से संबंधित किसी महत्वपूर्ण विषय यानी थीम पर केंद्रित "विश्व रेबीज दिवस" के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर जन सामान्य में रेबीज संक्रमण के विषय में जानकारी, उनसे बचाव के तरीके, निर्धारित समय पर वैक्सीन लगवाने जैसे पहलुओं पर जागरूकता फैलाना होता है। 28 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रो बायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि भी है, जिन्होंने प्रथम रेबीज वैक्सीन को तैयार किया था। उनके योगदानों के संस्मरण में रेबीज के कारगर निवारण की दिशा में समुदाय के लोगों में जागरूकता फैलाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्ष 2024 के "विश्व रेबीज दिवस" के लिए निर्धारित विषय है 'ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज' यानी 'रेबीज की सरहदें तोड़ना'। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार रेबीज की सुरक्षा में व्यापक टीकाकरण अभियान, जागरूकता फैलाने और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को सुनिश्चित कर हम भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक बाधाओं के रूप में सीमाएं तोड़ सकते हैं। रेबीज संक्रमण पर काबू पाने की दिशा में आने वाली रुकावटों को दूर करना इस वर्ष के लिए निर्धारित थीम का हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को कुत्तों से फैलने वाले रेबीज से होने वाली मौतें बिल्कुल समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग करने के साथ-साथ सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों, वेटरनरी सेवाओं और समुदायों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

# आईटी हब बैंगलोर

इन दिनों सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर हो चुके बैंगलोर में हूं। तमाम आईटी सेक्टर कंपनियों और अन्य सरकारी उपक्रमों के बड़े कार्यालय होने से इस जगमग क्षेत्र की रौनक देखने लायक है। आईटी कंपनियों के हब में देश के अनेक प्रांतों से आए युवा जगह-जगह चहल कदमी करते और ग्रुप्स में चाय पर चर्चा करते मिल जाएंगे। इलेक्ट्रोनिक सिटी में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बहुलता से प्रदूषण काफी कम है। जगह-जगह कतार में खड़ी बैटरी वाली साइकिल जो मिरेकल के नाम से जानी जाती हैं। एक ऐप के जरिए पिन प्राप्त कर कम दूरी के लिए यूज करना बड़ा आसान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यहां गगन चुंबी इमारतें तो नहीं हैं, परंतु ऊंची-ऊंची इमारतों की भव्यता जरूर है। युवाओं और युवतियों के लिए बड़ी संख्या में पीजी मिल जाएंगे जो स्थानीय लोगों का साइड बिजनेस भी है। देश के सभी प्रांतों के युवाओं की उपस्थिति से अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, मराठी, बंगला, भोजपुरी, तमिल, तेलगु आदि भाषाओं का मिश्रण सुना जा सकता है। यहां ओला या उबर के मुकाबले रैपिडो के माध्यम से बाइक, ऑटो और कैब का प्रयोग अधिक किया जाता है। वहीं देश की दुग्ध उत्पादन की दूसरी बड़ी कंपनी नंदनी का दूध अमूल के दूध के मुकाबले काफी ज्यादा होता है। स्थानीय दुकानदार भी इसी को प्रमोट भी करते देखे जा सकते हैं। शिक्षित लोगों का क्षेत्र होने से यूपीआई से पेमेंट बहुत ज्यादा है। 75 प्रतिशत लेन-देन इसी पद्धति से होता दिखाई दे रहा है।

कैश में लेन-देन काफी कम है। छोटे खुदरा दुकानदार, फड़ वाले, रेहड़ी वाले ऑटो पेटीएम पर ही पेमेंट लेना पसंद करते हैं। आईटी हब होने के साथ-साथ दुकानों, मॉल, घरेलू काम ऑटो और कार चलाने, स्विगी, ज़मोटो, ब्लिंकिट तथा सिक्युरिटी आदि के लिए अर्द्धकुशल और अकुशल सभी तरह के श्रमिकों की मांग बनी रहती हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी यहां काम करते देखे जा सकते हैं। काश देश के अन्य बड़े शहरों में भी इस तरह का विकास हो सके।

# 25 लाख घरों की छत पर लगेगा सोलर पैनल

## 2027 तक देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सौर ऊर्जा के जरिए जनता को लगभग निःशुल्क बिजली देने का अभियान उप्र. में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घर की छतों पर सोलर रूफ टॉप पैनल लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी 75 जिलों के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किया है। साल 2027 तक उप्र. में जहां 25 लाख घरों की छत पर सोलर पैनल लगेगा वहीं देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री खुद इस योजना की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इसी साल शुरू हुई पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मात्र सात महीने में ही लखनऊ में सर्वाधिक रूफ टॉप पैनल इंस्टॉल किये गये हैं। इसी क्रम में वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर टॉप फाइव में हैं।



- पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ प्रथम
- वाराणसी, कानपुर, आगरा और प्रयागराज क्रमशः टॉप फाइव में

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा भी की है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में लखनऊ जनपद में सर्वाधिक 11,435 सोलर रूफ टॉप पैनल क्रियाशील कर दिये गये हैं। वहीं दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस योजना के अंतर्गत अबतक 4088 सोलर पैनल इंस्टॉल हो चुके हैं। ऐसे ही कानपुर में 1909, आगरा में 1364 और प्रयागराज में 1349 रूफ टॉप पैनल लगाये गये हैं।

### 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन

उप्र. में पीएम सूर्य घर योजना के लिए अबतक 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इनमें से 32 हजार से अधिक घरों में रूफ टॉप पैनल इंस्टाल किये जा चुके हैं। बता दें कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट क्षमता के रूफ टॉप पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार की ओर से 15 हजार रुपए यानी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। ऐसे ही दो किलोवॉट के लिए केंद्र द्वारा 60 हजार रुपए और प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 90 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं तीन किलोवॉट और उससे ऊपर के लोड के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार रुपए और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी जी जा रही है।

# पुलिसकर्मियों को जल्द मिलेंगी आवासीय सुविधाएं

**लखनऊ, अमृत विचार :** गृह विभाग ने पुलिसकर्मियों को आवासीय सुविधाएं देने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इनमें बड़े आवासों के साथ साथ फ्लैट भी बनाने का जिक्र है। बिजनौर के अफजलगढ़ में टाइप बी के 48 नग आवासों की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 22.98 करोड़ की धनराशि जारी करने की भी संस्तुति कर दी गई है। रामपुर में अग्निशमन केंद्र के कार्मिकों के लिए भी लंबे समय से आवासीय व्यवस्था करने की मांग चल रही थी। ऐसी स्थिति में गृह विभाग ने रामपुर में आवासीय सुविधाओं के लिए 12.82 करोड़ रुपये की संस्तुति की गई है।

- रामपुर के लिए 12.82 करोड़ की संस्तुति

# न्यूनतम पेंशन नहीं बढ़ी तो आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पेंशन बढ़ोतरी न करने और वृद्ध पेंशनरों के हितों की अनदेखी के विरोध में शुक्रवार को ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने भविष्य कर्मचारी निधि संगठन (ईपीएफओ) कार्यालय पर धरना दिया।महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा गीता वर्मा के नेतृत्व में केंद्रीय श्रम मंत्री के नाम का ईपीएफओ कमिश्नर नवीन कनौजिया को ज्ञापन दिया गया। मांगें पूरी न होने पर देश भर में आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है।

धरना सभा में पेंशनरों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें तरह-तरह की मुफ्त की घोषणाएं कर रही हैं, लेकिन जिन कर्मियों ने 30-35 वर्ष तक सेवा काल में पेंशन अंशदान दिया उनको 300 से 3 हजार पेंशन देकर अन्याय किया जा रहा है। पेंशनरों ने कहा कि उनकी न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रति महीना, महंगाई भत्ता और पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग पूर्ण की जाए। मांगें पूरी न होने पर देश भर में आंदोलन किया जाएगा। 1 अक्टूबर को मुंबई में होने वाली पेंशनरों की महारैली हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव की दिशा तय करेगी। धरना सभा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केएस तिवारी, राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर, आरएन द्विवेदी आदि ने संबोधित किया।



गोमतीनगर में कर्मचारी निधि संगठन कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना देते ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

- पेंशनर्स ने ईपीएफओ कार्यालय पर दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

# उप्र अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बने बैजनाथ रावत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- 16 सदस्यों में बरेली के संजय सिंह व उमेश कठेरिया शामिल

**अमृत विचार:** राज्य सरकार द्वारा उप्र. अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग का नया अध्यक्ष पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को बनाया गया है। आयोग में उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक बेचन राम व सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को बनाया गया है, साथ ही तीन महिला समेत 16 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोग के पदाधिकारी समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति-जनजाति को जोड़ने का प्रयास भी करेंगे।

### आयोग में नियुक्त सदस्य

मेरठ के हरेंद्र जाटव, नरेंद्र सिंह खजूरी, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, उमेश कठेरिया, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिव नारायण सोनकर, औरेया की नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश तूफानी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ के विनय राम, गोंडा की अनिता गौतम, कानपुर के रमेश चंद्र, भदोही के मिठाई लाल, कौशाम्बी के जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर की अनिता कमल।

# पिछले आठ वर्षों में नहीं निकली लोवर सबआर्डिनेट की भर्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुल 17 विभागों की नौकरियां आती है लोवर सबआर्डिनेट के अंतर्गत
- अब परीक्षा का दायित्व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सौंपा

**अमृत विचार:** सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (लोवर सबआर्डिनेट) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (पीसीएस) के बाद दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा मानी जाती है। इसके अंतर्गत करीब दो दर्जन विभागों में निरीक्षक स्तर के अधिकारियों का चयन होता है। लेकिन पिछले आठ वर्षों से यह परीक्षा और संबंधित पद कहीं खो गए हैं। पहले यह परीक्षा लोक सेवा आयोग के माध्यम से होता था लेकिन वर्ष 2018 में इसे अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को सौंप दिया गया। जिसके बाद एक बार भी न तो कोई वैकेंसी आई ना ही परीक्षा आयोजित किया गया। प्रतियोगी छात्रों ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर मांग किया है कि इसे फिर से लोक सेवा आयोग को दिया जाए।

**इस भर्ती परीक्षा के पदों का विवरण :** अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत(स्थानीय निकाय), कर अधिकारी (पंचायतीराज), विपणन एवं पूर्ति निरीक्षक (खाद एवं रसद), खांडसारी निरीक्षक (गन्ना आयुक्त), सहायक चकबंदी अधिकारी (चकबंदी विभाग),सहकारी निरीक्षक वर्ग 2/सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) (सहकारी समितियां), सहायक विकास अधिकारी 2 (खादी ग्रामोद्योग बोर्ड),अपर जिला सूचना अधिकारी हिंदी (निदेशालय सूचना एवं जनसंपर्क), जिला मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी (मधनिषेध विभाग), नीलाम आयोजक एवं विपणन निरीक्षक (पशुपालन), सहायक कोषागार लेखाकार (कोषागार विभाग), मंडी निरीक्षक एवं मंडी पर्यवेक्षक ग्रेड 2 (मंडी परिषद), मनोरंजन कर निरीक्षक (राज्य कर विभाग),संकलन अधिकारी ( प्रमुख सम्पादक जिला गजेटियर विभाग ), राजस्व निरीक्षक ((स्थानीय निकाय), निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान (उपभोक्ता संरक्षण, बांट एवं माप) आदि करीब 17 प्रकार के विभाग के पद आते हैं।

# इरफान सोलंकी मामले में 3 अक्टूबर को होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता,प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कानपुर की सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को मकान पर कब्जे के प्रयास में आगजनी के मामले में मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील और सजा बढ़ाने की सरकार की अपील पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अब 3 अक्टूबर की तिथि सुनिश्चित की है। अगली तिथि पर अपील के साथ अन्य मामलों की एक साथ सुनवाई होगी। मालूम हो कि जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की महिला का घर जलाए जाने के मामले में विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को एमपी/एमएलए कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई थी।

# नियमों की अनदेखी करने पर अमरोहा के डीएम का तबादला

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- स्पष्टीकरण के बिना गिरोह चार्ट को मंजूरी देने का मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में उचित स्पष्टीकरण के बिना गिरोह चार्ट को मंजूरी देने के मामले में अमरोहा के जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी को जिले से स्थानांतरित कर दिया गया है और उन्हें सचिवालय से संबद्ध कर दिया गया। इसके साथ ही उन्हें कोई फील्ड पोस्टिंग भी नहीं दी गई है।दरअसल संबंधित जिलाधिकारी ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए बिना तथा इसकी मंजूरी के लिए कोई औचित्य दर्ज किए बिना कई मामलों में आरोपियों के खिलाफ गिरोह चार्ट को मंजूरी दे दी थी, जो उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और सामाजिक गतिविधि (रोकथाम) नियम, 2021 के साथ-साथ हाईकोर्ट द्वारा जारी दिशा निर्देशों के विपरीत हैं।

विवादित प्राथमिकी के गिरोह चार्ट को तैयार और अनुमोदित करते समय पुलिस अधीक्षक,अमरोहा और जिलाधिकारी, अमरोहा ने आवश्यक संतुष्टि दर्ज नहीं की जबकि गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरोह चार्ट को अनुमोदित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा संतुष्टि दर्ज करना आवश्यक है। कोर्ट ने कहा कि अमरोहा से ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें अधिकारियों ने नियम 2021 की अनदेखी की है। कोर्ट के आदेश के अनुसरण में जिलाधिकारी ने एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल किया, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि वह लोस चुनाव में व्यस्त होने के कारण गैंग चार्ट को मंजूरी देते समय संतुष्टि दर्ज नहीं कर सके और पूर्व टाइप अनुमोदन पर हस्ताक्षर कर दिया।

# 53 जिलों के एआरटीओ प्रवर्तन का वेतन रोका

**लखनऊ, अमृत विचार:** प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेश के 53 जनपदों के एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं।

यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) ए के सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्रदेश के 53 जनपदों में प्राप्त नहीं किया जा सका,जिसके कारण एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोके जाने का निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया गया है। अपर परिवहन आयुक्त ने बताया कि मुख्यालय स्तर से लगातार निर्देश दिए जाते हैं कि प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किये जाने के लिए फील्ड में तैनात अधिकारी प्रयास करें। लेकिन अधिकारी इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

# 3 अक्टूबर से शुरू होगा मिशन शक्ति

**लखनऊ, अमृत विचार:** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मिशन शक्ति फेज 5.0 के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति, सरकार द्वारा संचालित विशेष अभियान है। मिशन शक्ति फेज-5.0 का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा आगामी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 पर किया जायेगा।

# हज : ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ी

**लखनऊ, अमृत विचार।** हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने हज-2025 के लिए ऑनलाइन हज अवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ा दी है। हज जाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पहले 23 सितम्बर थी, जिसे 30 सितम्बर कर दिया गया है।

- 30 सितम्बर तक किया जा सकेगा हज के लिए आवेदन

हज आवेदक हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। जिनका भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट 30 सितम्बर 2024 को या उससे पूर्व जारी हुआ हो व वैधता 15 जनवरी 2026 तक हो, ऐसे लोग हज के लिए आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव / कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि अवकाश के दिनों में भी कार्यालय ऑनलाइन आवेदन भरे जाने के लिए खुला रहेगा।

# स्कूल की समृद्धि के लिए दी छात्र की बलि

हाथरस, एजेंसी

- हाथरस जिले के निजी स्कूल का मामला, प्रबंधक समेत 5 गिरफ्तार

स्कूल के मालिकों ने अपने संस्थान को और अधिक 'समृद्ध' बनाने के लिए दूसरी कक्षा के एक छात्र की बलि दे दी। पुलिस ने स्कूल के मालिक और निदेशक के अलावा प्रधानाचार्य और दो शिक्षकों को भी हत्या में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दूसरी कक्षा के छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी।

डीएल पब्लिक स्कूल के मालिक जसोधन सिंह ने विद्यालय के निदेशक और अपने बेटे दिनेश बघेल से संस्थान और परिवार की समृद्धि के लिए एक बच्चे की बलि देने को कहा। ऐसा माना जाता है कि जसोधन सिंह तंत्र-विद्या से जुड़ी चीजों में भरोसा करता है। प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह और दो शिक्षकों रामप्रकाश सोलंकी और वीरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पांच लोगों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 (1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

हाथरस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अशोक कुमार सिंह ने बताया कि छात्र की पहचान कृतार्थ के रूप में हुई है और वह डीएल पब्लिक स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता था। उन्होंने बताया कि शिक्षक रामप्रकाश सोलंकी, दिनेश बघेल और स्कूल के मालिक जसोधन सिंह ने 23 सितंबर को स्कूल के छात्रावास से कृतार्थ का अपहरण कर लिया था। जसोधन सिंह तंत्र साधना में भरोसा करता है और उसने अपने बेटे से स्कूल और परिवार की समृद्धि के लिए एक बच्चे की बलि देने को कहा था। अधिकारी ने बताया कि वे छात्र को बलि देने के लिए एक सुनसान स्थान पर ले गए, लेकिन छात्र जाग गया और रोने लगा। इसके बाद उन्होंने छात्र की गला घोंटकर हत्या कर दी। एक अन्य शिक्षक वीरपाल सिंह और स्कूल के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह भी वहां मौजूद थे।

### राष्ट्रीय बाल आयोग की टीम करेगी जांच

मामले का संज्ञान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने भी लिया है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि यह जघन्य अपराध लापरवाही का नतीजा है और माफी के काबिल नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से राष्ट्रीय बाल आयोग की एक टीम जाएगी, जो राज्य बाल आयोग अध्यक्ष के नेतृत्व में इस घटना की जांच करेगी और हमें इसकी एक रिपोर्ट सौंपेगी। उन्होंने राज्य सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और कहा कि शुरुआती तौर पर यह दिख रहा है कि नियमों की अवहेलना हुई है।

# मोहिंदर सिंह पांच अक्टूबर को तलब

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ इकाई ने नोएडा के फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में पूर्व आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए पुनः तलब किया है। इससे पहले उन्हें बुधवार को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे और न ही उन्होंने ईडी को कोई जानकारी दी। बतादें कि ईडी ने छापेमारी में मोहिंदर सिंह के ठिकानों से बरामद संपत्तियों के दस्तावेजों की पड़ताल की थी। अब उनसे इन संपत्तियों में निवेश की गई रकम के स्रोत के बारे में पूछताछ हो सकती है।


## वर्ग पहेली-205

बाएं से दाएं

1. 1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।
5. 1. बादल; मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।
8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक; पनहरा।
10. 1. मुद्राचलन; प्रचलित मुद्रा; सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।
11. 1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियाँ या बंद लगे होते थे 2. अँगिया; चोली।

ऊपर से नीचे

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।
3. राक्षस; असुर; दानव।
4. 1. आँख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधिया जाती हैं और कभी अँधेरा
6. 1. आटे का पतला हलवा; लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।
7. 1. समाप्त होना; बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।
9. 1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।



### वर्ग पहेली -204 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 धों | | | 2 अ | | 3 थे |
| धा | | 4 अ | नु | रा | ग |
| | 5 नि | | भ | | ली |
| | 6 शि | ला | व | त | |
| | | | ही | | 7 म |
| | 8 ज् | ञा | न | यो | ग |
| | | | ता | | ही |

## सुडोकू -118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 7 | | 5 | 1 |
| | 4 | | | 8 | | | | 9 |
| | | 3 | | 2 | | 6 | | 7 |
| | 9 | | 4 | | | | | 6 |
| | 7 | 2 | | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | | | 5 | | 7 | |
| 3 | | 9 | | 4 | | 8 | | |
| 1 | | | | 3 | | | 4 | |
| 7 | 2 | | 6 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 14 .49 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 29 सितंबर 03 .38 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** – आज आत्मग्लानि जैसी महसूस हो तो मित्रों से बात करें वो आपका मनोबल बढ़ाएंगे। अपनी तरक्की को लेकर आशंकित रहेंगे। कर्मचारियों के ऊपर काम का काफी दबाव हो सकता है। खाली समय में कोई उपन्यास और कहानी आदि पढ़कर समय बिता सकते हैं।

**वृष** – आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**मिथुन** – आज आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। बैंकिंग से जुड़े लोगों को काफी काम करना पड़ेगा। जॉब में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। परिवार में मंगल कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं।

**कर्क** – आज मनोनुकूल नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको प्राप्त हो सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं को खरीद सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे, लेकिन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें।

**सिंह** – आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बातचीत के माध्यम से परेशानी सुलझाने का प्रयास करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। आत्ममनन और विश्लेषण में समय जरूर लगाएं।

**कन्या** – आज लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। काफी प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। थोड़ी सी मेहनत में अच्छा परिणाम अर्जित करेंगे। घर पर अच्छा समय बिताएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है।

**तुला** – आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे। आप लोगों के बीच प्रेरणा बनकर उभर सकते हैं। जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज बच्चों को नैतिक शिक्षा देंगे। साझेदारी के कार्यों के लिए समय उत्तम है। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से शाबाशी मिल सकती है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल होंगे।

**धनु** – आज आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निश्चित करने का प्रयास करें। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है।

**मकर** – आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपको उच्च अधिकारियों का सहयोग मिल सकता है। व्यवसाय और करियर में स्थायीत्व देखने को मिलेगा। बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर आश्वस्त रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें।

**कुंभ** – आज आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। एकाग्रता के साथ मेहनत करेंगे तो परिणाम अवश्य ही अच्छे मिलेंगे। व्यापार में नया अनुबंध हो सकता है।

**मीन** – आज आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने में आपका ध्यान रहेगा। आपके मन का बोझ घटेगा। जॉब के लिए इंटरव्यू का बुलावा आ सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन और ताजे फलों का सेवन करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पुलिस और मुजरिम – सुबह : 09 .20
सिंह इज ब्लिंग – रात : 07 .00

&pictures
इंडियन – सुबह : 10 .39
द ताशकंद फाइल्स – रात : 08 .00

SONY PIX
सैन एंड्रियास – दोपहर : 12 .00
जर्नी 2 – रात : 07 .45

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान – सुबह : 10 .26
फुकरे 3 – शाम : 04 .54

colors CINEPLEX
रावण राज – सुबह : 10 .48
सूर्या द सोल्जर – रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04 .54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर– बच्चों आई लव यू का आविष्कार किस देश में हुआ?
चिंटू (स्टूडेंट)– चीन में।
टीचर– वह कैसे?
स्टूडेंट– मैम, इसमें चीनी गुण हैं, न कोई गारंटी, न कोई वारंटी।
चले तो जिदंगी भर, न चले तो घंटे भर।

कर्मचारी– सर बहुत बारिश हो रही है, आंधी आ रही है, लग रहा है आज तूफान आएगा, क्या आज छुट्टी ले सकता हूं?
बॉस– खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है,मुझसे या पत्नी से?
कर्मचारी– ठीक है सर,मैं आ रहा हूं।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2490, राज श्री 1850, फ़ॉर्चून कि. 2205, रविन्द्रा 2400, फॉर्चुन ली. 2025, जय जवान 1975, सचिन 2080, सूरज 2000, अवसर 2090, राग गोल्ड 2160, गृहणी ली 2050, क्लासिक (किलो) 2145, मोर 2170, चक्र टिन 2260, ब्लू 2220, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2460 ।किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 ।चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7050, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12700, मोटा हीरा 14700, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 77700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 76700 |
| सिल्वर ( पक्की) | 915 (अनुमानित) |

# भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी : सीईए

### मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी

कोलकाता, एजेंसी

केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए यह वृद्धि दर सराहनीय है। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए



- वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद ही अच्छी उपलब्धि : नागेश्वरन

मौजूदा कीमतों पर (नॉमिनल) वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी।


नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद अच्छी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जबकि विश्व मध्यम अवधि की अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है और वैश्विक व्यापार धीमा पड़ रहा है, भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरना सरकार द्वारा अपनाई संतुलित राजकोषीय तथा मौद्रिक नीतियों के दम पर मजबूत हो गया है।

#### चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं

नागेश्वरन ने कहा कि घरेलू बाजारों और बैंकिंग प्रणाली की अच्छी स्थिति से देश के चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं है। वृहद संकेतक स्थिरता का संकेत देते हैं। पूंजीगत व्यय में भारी बदलाव आया है, जीडीपी के मुकाबले बाह्य ऋण का अनुपात कम हुआ है और खुदरा मुद्रास्फीति कम हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी कारणों से देश की ऋण प्रणाली को उन्नत करने की आवश्यकता है।

# डेरिवेटिव्स : शेयर के दर में बदलाव पर लाभ का अवसर

इक्विटी डेरिवेटिव्स वित्तीय बाजारों में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो निवेशकों को शेयरों के मूल्य में बदलाव के आधार पर लाभ उठाने का अवसर देते हैं। ये ऑप्शंस और फ्यूचर्स, निवेशकों को अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने में मदद करते हैं। हालांकि, इनके साथ उच्च जोखिम भी जुड़ा होता है, जिसमें मार्केट उतार-चढ़ाव और समय सीमाएं शामिल हैं। सही जानकारी और रणनीति के साथ, डेरिवेटिव्स निवेशकों के लिए प्रभावशाली साधन बन सकते हैं, लेकिन सावधानी और ज्ञान जरूरी है। आइए इस पर नजर डालें...



**मार्केट वॉच :** इक्विटी डेरिवेटिव्स का मतलब शेयर बाजार में उपयोग होने वाले डेरिवेटिव्स की निगरानी करना। डेरिवेटिव्स ऐसे वित्तीय अनुबंध हैं जिनकी कीमत किसी अन्य संपत्ति, जैसे कि शेयरों, पर निर्भर करती है।

#### निवेश के लाभ

**हेजिंग :** डेरिवेटिव्स का उपयोग निवेशक पोर्टफोलियो को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, पुट ऑप्शंस का उपयोग करके वे संभावित नुकसान से बच सकते हैं।

**लिवरेज :** डेरिवेटिव्स से निवेशक छोटी पूंजी के साथ बड़ी मात्रा में शेयरों का नियंत्रण पा सकते हैं। इससे संभावित लाभ बढ़ता है, लेकिन जोखिम भी बढ़ाता है।

**रिटर्न का विविधीकरण :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न रणनीतियों के माध्यम से रिटर्न उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि स्ट्रैडल या स्ट्रैंगल ऑप्शंस।

#### ऑप्शंस और फ्यूचर्स

**फ्यूचर्स :** ये अनुबंध हैं जिनमें दो पक्ष एक निश्चित तिथि पर एक निश्चित मूल्य पर शेयरों का आदान-प्रदान करने के लिए सहमत होते हैं।

**ऑप्शंस :** ये अनुबंध किसी को एक तय कीमत पर तय समय में शेयरों को खरीदने (कॉल) या बेचने (पुट) का अधिकार देते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

**उच्च जोखिम :** डेरिवेटिव्स का उपयोग लिवरेज के माध्यम से होता है, जिससे लाभ के साथ नुकसान भी बढ़ सकता है। एक छोटे मूल्य परिवर्तन से बड़े नुकसान हो सकते हैं।

**जटिलता :** डेरिवेटिव्स के कई प्रकार और रणनीतियां होती हैं, जिनका समझना और सही से उपयोग करना चुनौतीपूर्ण होता है। गलत निर्णय लेने पर नुकसान हो सकता है।

**मार्जिन कॉल :** यदि बाजार आपके खिलाफ है, तो आपको मार्जिन खाते में अतिरिक्त पूंजी जमा करने के लिए कहा जा सकता है, जिससे वित्तीय दबाव बढ़ सकता है।

**कम लागत :** शेयरों की सीधी खरीदारी की तुलना में, डेरिवेटिव्स खरीदने की लागत आमतौर पर कम होती है, जिससे छोटे निवेशक भी भाग ले सकते हैं।

**सामरिक निवेश :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न सामरिक निवेश दृष्टिकोणों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि कवरिंग शॉर्ट पोजीशंस या रिवर्स स्ट्रैटेजीज।

**लचीलापन :** डेरिवेटिव्स में कई प्रकार के अनुबंध होते हैं, जिससे निवेशकों को जोखिम सहिष्णुता और निवेश लक्ष्यों के अनुसार रणनीति बनाने की सुविधा मिलती है।

**ऑनलाइन रिसर्च :** विभिन्न वित्तीय वेबसाइटों जैसे कि याहू फाइनेंस, ब्लूमबर्ग और मनी कंट्रोल पर डेरिवेटिव्स से संबंधित जानकारी और अपडेट्स मिल सकते हैं।

**पुस्तकें :** वित्तीय बाजारों और डेरिवेटिव्स पर पुस्तकें पढ़ना अच्छा तरीका है। इनमें सिद्धांत, रणनीतियां और वास्तविक जीवन के उदाहरण शामिल होते हैं।

**कोर्स और वेबिनार :** कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कोरसेरा, यूडेमी और ईडीएक्स डेरिवेटिव्स पर पाठ्यक्रम देते हैं।

**ब्रोकर और वित्तीय सलाहकार :** ब्रोकर या वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना भी अच्छा विकल्प है। वे व्यक्तिगत सलाह और मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**मार्केट रिपोर्ट्स :** विभिन्न वित्तीय संस्थान और शोध संस्थान नियमित रूप से मार्केट वॉच रिपोर्ट्स जारी करते हैं। इनका अध्ययन करना भी सहायक होता है।

**ग्रुप्स :** निवेशक फोरम और सोशल मीडिया समूहों में अनुभव साझा कर सकते हैं और सवाल पूछ सकते हैं।

## एनएसई और बीएसई ने प्रभावी लेनदेन शुल्क किया संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- संशोधित दरें एक अक्टूबर से होंगी प्रभावित, सेबी की समान शुल्क अनिवार्यता पर उठाया गया कदम

प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और एनएसई ने शुक्रवार को नकद और वायदा एवं विकल्प सौदों के लिए लेनदेन शुल्क में संशोधन किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा शेयर बाजार समेत बाजार अवसंरचना से जुड़े संस्थानों के सदस्यों के लिए एक समान शुल्क संरचना अनिवार्य करने के बाद यह कदम उठाया गया।

शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि संशोधित दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। बीएसई ने इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में सेंसेक्स और बैंकेक्स विकल्प अनुबंधों को लेनदेन शुल्क को संशोधित कर 3,250 रुपये प्रति करोड़ प्रीमियम कारोबार किया है। इक्विटी वायदा-विकल्प खंड में अन्य अनुबंधों के लिए लेनदेन शुल्क अपरिवर्तित रहेगा। सेबी ने जुलाई में बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) के शुल्कों के बारे में एक परिपत्र जारी किया था।

## नवाचार में भारत ऊंचाइयों पर वैश्विक सूची में 39वां स्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 133 देश शामिल, 2015 में 81वें व गत वर्ष 40 में स्थान पर था भारत

देश में नई प्रौद्योगिकी और प्रक्रियाओं के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के बढ़ते प्रयास के साथ भारत लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2024 में 133 देशों की सूची में भारत 39वें स्थान पर है। भारत 2015 में इस सूची में 81वें स्थान और पिछले साल 40 में स्थान पर था।

सूचकांक में भारत मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। 2024 की सूची में स्वीटजरलैंड, स्वीडन और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सूची में नवाचार की दृष्टि से शीर्ष 10 देश में क्रमशः सिंगापुर, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, नीदरलैंड ,जर्मनी और डेनमार्क है। 10 देश में सभी उच्च आय वर्ग के देश हैं। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व से प्रेरित होकर, भारत ने ये उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।

## क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय मंत्री समूह का गठन किया है। यह मार्च 2026 में क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर कर पर निर्णय करेगा। मंत्री समूह (जीओएम) में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और बंगाल के सदस्य हैं। यह 31 दिसंबर तक परिषद को रिपोर्ट सौंपेगा।जीएसटी में विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28% कर के अलावा कई दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 692.30 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर पहुंचा था।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा



- 2.84 अरब डॉलर की बढ़ोतरी गत सप्ताह 22.3 करोड़ डॉलर की हुई थी वृद्धि

आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव होता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा।

## राष्ट्रीय

# आतंकियों को न कफन मिलेगा, न दो गज जमीन

### जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में बोले मुख्यमंत्री योगी, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को दी चेतावनी

जम्मू, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में हिंसा भड़काने के किसी भी प्रयास से आतंकवादियों खात्मा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा बल्कि उसे कुचल देगा, दफना देगा।

योगी ने उधमपुर जिले के रामनगर की रैली में कहा कि भारत आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर है। यदि पाकिस्तान के समर्थन से कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके पास न



जम्मू कश्मीर के उधमपुर के रामनगर में रैली में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

तो ओढ़ने को कफन होगा और न ही दफनाने के लिए दो गज जमीन होगी।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को डबल इंजन सरकार मॉडल की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यदि आप डबल इंजन सरकार का उदाहरण देखना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश में राम मंदिर है, जो 500 साल बाद बनाया गया। जब हमने राम मंदिर की प्रक्रिया शुरू की तो कुछ लोगों ने कहा कि यदि राम मंदिर का फैसला आया और निर्माण शुरू हुआ तो खून की नदियां बहेंगी। हमने कहा कि यह नया भारत है, जहां सुरक्षा सर्वोच्च है। योगी ने दावा किया कि साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश में दंगे की एक भी घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जम्मू-कश्मीर को भी ऐसे विकास का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आतंकवाद को बढ़ावा देकर राजनीतिक लाभ के लिए जम्मू-कश्मीर का शोषण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अलगाववाद और वंशवाद के पुराने दिन वापस नहीं लौटेंगे। जनता ने इन तीनों परिवारों को विदाई देने का फैसला कर लिया है और चुनाव के बाद उनकी विदाई तय हो जायेगी।

#### कश्मीर ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना



**जम्मू।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवा मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं। जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा कि दो चरणों में मतदान शांतपूर्ण रहा। पिछले चुनावों के विपरीत इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। 370 के निरसन से पहले, हर साल 300-400 युवा आतंकी संगठनों में शामिल होते थे और आतंकवादी घोषित किए जाते थे।

### रेवाड़ी में चुनावी रैली के दौरान शाह ने राहुल गांधी से पूछा

# क्या एमएसपी का मतलब जानते हैं

रेवाड़ी, एजेंसी

किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है।

अमित शाह ने रेवाड़ी में चुनावी रैली में भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा। अमित शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ एनजीओ ने राहुल बाबा से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा कि राहुल बाबा आप एमएसपी



- गृहमंत्री ने भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा
- बोले- हरियाणा सरकार एमएसपी पर खरीद रही है 24 फसलें

का पूरा नाम जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है? शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है। शाह ने पूछा कि कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर कितनी फसलें खरीदी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धान की खरीद 1300 रुपये प्रति क्विंटल थी लेकिन अब 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर है और अगर आप हरियाणा में भाजपा की सरकार चुनते हैं तो हम 3,100 रुपये (प्रति क्विंटल) पर धान खरीदेंगे। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन की लंबित मांग को पूरा किया है। भाजपा ने हरियाणा में एक समान विकास किया है और 10 साल में भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें कट, कमीशन और भ्रष्टाचार के आधार पर चलती थीं जबकि डीलर, दलाल और दामाद राज करते थे।

## एक नजर

#### भागलपुर में एक और छोटा पुल ढहा

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को छोटे पुल का खंभा ढह गया। भागलपुर के जिलाधिकारी (डीएम) नवल किशोर चौधरी ने कहा कि पीरपैंती-बाबूपुर इलाके को बाखरपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर छोटे पुल का खंभा शुक्रवार सुबह छह बजे थोड़ा नीचे गिर गया। पुल पर यातायात बंद है और तकनीकी विशेषज्ञ मरम्मत में लगे हुए हैं।

#### निविदा घोटाला में ईडी ने की 22 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने पंजाब में कथित निविदा घोटाले से जुडे धन शोधन मामले की जांच में 22 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। इस मामले में पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता भारत भूषण आशु गिरफ्तार है। अनंतिम आदेश के तहत मामले में शामिल लोगों की लुधियाना, मोहाली और खन्ना में अचल संपत्तियों के अलावा सावधि जमा, आभूषण और बैंक खातों को भी कुर्क किया गया है। ईडी ने कहा कि संपत्तियों का कुल मूल्य 22.78 करोड़ है।

#### महाकाल मंदिर के सामने की दीवार ढही, दो की मौत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में शुक्रवार शाम भारी बारिश से महाकाल मंदिर के सामने महाराजवाड़ा स्कूल भवन की दीवार का हिस्सा ढहने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। उज्जैन के जिलाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि भारी बारिश के कारण महाराजवाड़ा स्कूल की दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिसके नीचे चार लोग दब गए।

## बदलापुर आरोपी के शव को दफनाने के लिए स्थान की पहचान करे पुलिस

मुंबई, एजेंसी

- पिता की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्जन स्थान की तलाश का निर्देश
- शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की प्रथा नहीं की दलील को ठुकराया

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पुलिस को बदलापुर मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के शव को दफनाने को निर्जन स्थान की पहचान का निर्देश दिया। आरोपी पुलिस की जवाबी गोलीबारी में मारा गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति एमएम सथाये की पीठ ने कहा कि स्थान की पहचान होने पर पुलिस शिंदे के परिजनों को सूचना देगी।

कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को रद कर दिया कि शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की कोई प्रथा नहीं है तथा इसे उनके माता-पिता की इच्छा बताया। शिंदे के पिता ने बेटे के शव को दफनाने के लिए जगह की व्यवस्था का अनुरोध करते हुए कोर्ट का रुख किया। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने बताया कि बदलापुर और पड़ोसी इलाकों के सभी कब्रिस्तानों ने शिंदे के शव को दफनाने से इनकार कर दिया है और इसका विरोध किया है।

### शीना बोरा हत्याकांड

## इंद्राणी की विदेश यात्रा की अनुमति रद

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया एक्जीक्यूटिव इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की सीबीआई की विशेष अदालत की ओर से दी अनुमति शुक्रवार को रद कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति श्याम सी चांडक की एकल पीठ ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। सीबीआई ने इस आधार पर याचिका दायर की है कि इंद्राणी एक गंभीर अपराध के लिए मुकदमे का सामना कर रही हैं और उनके देश से भागने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री के एकाधिकार मॉडल ने एमएसएमई को किया तबाह : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन लीं तथा सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को तबाह कर दिया है। राहुल ने पिछले दिनों जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की थी और आज इसका वीडियो एक्स पर साझा किया।

राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि जम्मू - कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे - व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है।



- लोस में नेता प्रतिपक्ष ने जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात का वीडियो एक्स पर किया साझा

मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया है और लोगों को अवसरों से वंचित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि खराब जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों से छोटे और मध्यम उद्योगों पर व्यवस्थित हमले ने उत्पादक से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इस दर पर हम न तो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न लोगों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसलों के सारांश के साथ वेब पेज किया शुरू

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अपने महत्वपूर्ण निर्णयों का सारांश उपलब्ध कराने को नया वेब पेज शुरू किया है। इस संबंध में कहा गया कि वेब पेज लैंडमार्क जजमेंट समरीज नागरिकों के लिए सुविज्ञ सूचना देने, कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और कानून के साथ सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ाने के अदालत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों को समझना आसान बनाता है।

इसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले देश भर में सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। इसलिए न्यायालय अपने निर्णयों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाने के महत्व को पहचानता है। हालांकि, जटिल कानूनी भाषा और लंबे फैसले नागरिकों को न्यायालय के काम और निर्णयों को समझने में बाधा बन सकते हैं, और यहां तक कि महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में गलत धारणाएं भी पैदा हो सकती हैं। वेब पेज पर सार्वजनिक हित के महत्वपूर्ण फैसलों की वर्ष-वार सूची शामिल है।

## बिहार में स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि बीती रात नौ बजकर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया।

## लालू प्रसाद और उनके परिजन ने अवैध लाभ प्राप्त किया : ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

### नौकरी के बदले जमीन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत से कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिजनों ने रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के रूप में अवैध लाभ अर्जित किया। ईडी ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दायर अपने पूरक आरोपपत्र में ये दलीलें दीं। अदालत ने 18 सितंबर के आदेश में प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को तलब किया था, जिन्हें एजेंसी ने नामित नहीं किया है।

न्यायाधीश ने कहा कि अदालत को प्रथम दृष्टया और समन के चरण में जांच के मानक के मद्देनजर यह निष्कर्ष निकालने के लिए आधार मिलता है कि तेज प्रताप यादव भी अधिग्रहण और अपराध की आय छिपाने में शामिल थे और इस प्रकार तलब किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं। जज ने प्रसाद, उनके दोनों बेटों और अन्य को सात अक्टूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

## एमसीडी की रिक्त सीट भाजपा ने जीती

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर शुक्रवार को निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। इस चुनाव परिणाम के साथ भाजपा के पास अब समिति में 10 सदस्य हैं।


# भारत माता की जय का नारा नफरती नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधानों का दुरुपयोग करने की निंदा करते हुए ''भारत माता की जय'' नारा लगाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को भी रद कर दिया है।

कर्नाटक के उल्लाल तालुक के निवासियों पर भारत माता की जय के नारे लगाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- यह राष्ट्रीय एकता को देता है बढ़ावा



मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने इस नारे को घृणा भाषण या धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त नहीं माना। यह फैसला धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाषण की परिभाषा को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए का अभूतपूर्व दुरुपयोग है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 153ए के तहत आरोप साबित करने के लिए आवश्यक कोई भी तत्व इस मामले में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह मामला धारा 153ए का क्लासिक दुरुपयोग है और यह केवल एक प्रतिकार के रूप में दर्ज किया गया था। भारत माता की जय का नारा लगाना किसी भी तरह से धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा नहीं देता है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है।

## खेल डायरी

### चोटिल जॉश हल पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल क्वाड चोट के कारण अक्टूबर में वाले पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ओवल में तीसरे टेस्ट में तीन विकेट लिए थे। इसी टेस्ट मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओ ने हल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा है। पाकिस्तान दौरे के लिए क्रिस वोक्स, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार हैमस्ट्रिंग चोट के कारण कप्तान बेन स्टोक्स के सा अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी करने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला सात अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी और 15 अक्टूबर को दूसरे टेस्ट भी उसी मैदान पर खेला जायेगा। जबकि तीसरा टेस्ट 24 अक्टूबर को रावलपिंडी में होगा।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

**मकाऊ।** भारत के किदांबी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

### शुभंकर की स्पेन ओपन में निराशाजनक शुरुआत

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां 2024 डीपी विश्व टूर पर स्पेन ओवन टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 74 के स्कोर से अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। अपने खेल की शरुआत बैक नाइन से करते हुए शर्मा ने पहले दो होल में डबल बोगी और बोगी कर दिया। वह इसके बाद 15वें होल में भी बोगी कर बैठे। इससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया। शुभंकर को अब कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### प्राणवी और त्वेसा की फ्रांस में औसत शुरुआत

**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे ओपन डी फ्रांस शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किए। बारिश के कारण ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### युवराज संधू ताइपे में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**ताइपे।** भारत के युवराज संधू ताइवान में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार आगाज किया। उन्होंने आखिरी सात होल में पांच बर्डी और एक बोगी लगाकर 65 का कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई (आठ अंडर 64) से एक शॉट पीछे है। चीनी-ताइपे के वांग वेई-ह्वान सात अंडर 65 का कार्ड खेल संधू के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। अजितेश संधू (67) और करणदीप कोचर (67) संयुक्त छठे स्थान पर हैं जबकि शिव कपूर (68) संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। राशिद खान (70) संयुक्त 46वें, गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 67वें कट में जगह बनाने की दौड़ में है। एसएसपी चौरसिया (75) संयुक्त 128वें, एस चिक्कारंगप्पा (76) संयुक्त 137वें और वरुण चोपड़ा (82) संयुक्त 150वें के लिए कट में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

# बारिश बनी बाधा, धुला डेढ़ सत्र

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 166 मिनट में तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 107 रन

- **शुरूआती दो विकेट की सफलता आकाशदीप ने दिलाई, अश्विन को मिला एक विकेट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में पहले दिन शुक्रवार को बारिश बड़ी बाधा बनी रही। पहले दिन का डेढ़ सत्र का खेल बारिश में धुल गया। सुबह पहले सत्र में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन सत्र समाप्त होते ही बारिश शुरु हो गई।

भारत को दोनों सफलता आकाशदीप ने दिलाई। भोजन के बाद के दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने अपना तीसरा विकेट खोया। इस सत्र में अभी कुल 9 ओवर का ही खेल हो सका था कि तेज बारिश फिर बाधा बनी। तेज बारिश देखकर अंपायर्स ने खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। पहले दिन 166 मिनट का ही खेल हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए।

पहले दिन का मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरु हुआ। टॉस जीतकर टीम इंडिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जसप्रीत बुमराह व मो. सिराज की गेंदों का सामना करने में बांग्लादेश की ओपनर जोड़ी जाकिर व शादमान परेशान नजर आए। इसके बाद एक छोर पर अश्विन और दूसरे छोर पर आकाशदीप को लाते ही सफलता मिली। पारी के नौवें ओवर में आकाश दीप ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर जाकिर हसन को (0) पर चलता किया। इसके बाद 29 रन के स्कोर पर आकाशदीप ने शादमान को बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद मोमिन उल हक के साथ कप्तान नाजमुल शांतो सधे अंदाज में रन जुटाते रहे और खेल को पहले सत्र के अंत तक ले गए। पहले सत्र में कुल 26 ओवर डाले गए। बांग्लादेश ने लंच तक 2 विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे। तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। लंच के बाद 29वें ओवर में अश्विन ने मेहमान कप्तान नाजमुल शांतों को 31 रन पर एलबीडब्ल्यू करके तीसरी सफलता दिलाई।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश (पहली पारी) | 107/3 35 ओवर | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश दीप | 0 | 24 | 0/0 |
| शदमन इस्लाम पगबाधा आकाश दीप | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 40 | 81 | 7/0 |
| नजमुल हसन शंटो पगबाधा अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम नाबाद | 6 | 13 | 1/0 |

अतिरिक्त : 6, विकेट पतन : 1-26, 2-29, 3-80

गेंदबाजी : बुमराह 9-4-19-0, सिराज 7-0-27-0, अश्विन 9-0-22-1, आकाश दीप 10-4-34-2



ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे सत्र के दौरान हुई बारिश के बाद मैदान को किया कवर। ● एजेंसी

# नतीजा निर्भर होगा अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं हमारे बल्लेबाज : मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं।



- **ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन बोले- लगातार तीसरी शृंखला जीतना चाहेगी भारतीय टीम**

भारत ने 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी शृंखला कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट शृंखला में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है। मैक्सवेल ने कहा कि अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है। मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है।

### चोट के कारण ग्रीन का खेलना संदिग्ध

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन का भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में खेलना संदिग्ध हो गया क्योंकि वह पीठ की चोट के कारण वह इंग्लैंड के मौजूदा दौरे से बाहर हो गए। बुधवार को चेस्टर ली स्ट्रीट में तीसरे मैच के बाद दर्द की शिकायत के बाद 25 वर्षीय ग्रीन इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की वनडे शृंखला के अंतिम दो मैचों से बाहर हो गए। चोट के कारण उन्हें चौथे वनडे से भी बाहर कर दिया था।

# मेदवेदेव ने बीजिंग में मोनफिल्स को हराया, अल्काराज एकतरफा जीते

बीजिंग, एजेंसी

डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। रूस के इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 92 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं, कार्लोस अल्काराज ने पहले दौर में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड के खिलाफ सीधे सेट में 6-4, 6-4 से एकतरफा जीत हासिल की।

लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में छठी



वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीन की वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराया। हुबर्ट हुर्काज तोक्यो में दूसरे दौर में अमेरिकी ओपन सेमीफाइनलिस्ट जैक ड्रेपर से हार गए। टेलर फ्रिट्ज और कैस्पर रूड पहले ही बाहर हो गए है। बेन शेल्टन भी मारियानो नवोन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

# श्रीलंका ने बनाया 602 का बड़ा स्कोर

गाले, एजेंसी

कामिंडू मेंडिस (नाबाद 182), दिनेश चांदीमल (116), कुसल मेंडिस (नाबाद 106) की शतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 602 रन बनाने के बाद पारी घोषित करने के बाद न्यूजीलैंड के 22 रन पर दो विकेट चटकाते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

श्रीलंका ने कल के तीन विकेट पर 306 रन से आगे खेलते हुए अभी 22 रन ही जोड़े थे कि ग्लेन फिलिप्स ने एंजलो मैथ्यूज (88)को आउट कर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 402 रन पर धनंजय डीसिल्वा (44) के रूप में गिरा। कप्तान धनजय डी सिल्वा के आउट होने के बाद मैदान पर आए कुसल ने 148 गेंद का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। कुसल ने टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ा। शतक पूरा करने के लिए मेंडिस ने छह चौके और तीन छक्के लगाए। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ छठे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। कामिंडू मेंडिस ने 250 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 182) रनों की पारी खेली। श्रीलंका ने दूसरे दिन 602 रन पर पारी घोषित की। कामिंदु मेंडिस (नाबाद 182) और कुसल मेंडिस (106) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने तीन विकेट लिये। वहीं टीम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में टॉम लेथम (2) का विकेट गवां दिया।




- **कामिंडू मेंडिस ने खेली नाबाद 182 रनों की पारी चांदीमल और कुसल ने भी जड़े शतक**

शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कुसल ● एजेंसी

# ड्वेन ब्रावो ने सभी प्रारूपों से संन्यास लिया, मेंटोर बनकर केकेआर से जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबे समय तक चला जुड़ाव खत्म हो गया।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की



- **वेस्टइंडीज के हरफनमौला ने छोड़ दिया चेन्नई का साथ**

जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। उन्होंने कहा मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।

# चोट ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप

सोनीपत, एजेंसी

भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गये हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी।

### यह साल चोटों से भरा रहा है, नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा

सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है। भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे, लेकिन इस बार हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।




## बॉलीवुड हलचल

# फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत टॉप लेवल के एक अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत जहां एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं। वहीं अमिताभ भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है। वेट्टैयन 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### पुष्पा 2: द रूल के सेट पर पहुंचे एसएस राजामौली

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली पुष्पा 2 द रूल के सेट पर पहुंचे और निर्देशक सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाईं। इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल के धमाकेदार टीजर और गानों के रिलीज के साथ, यह फिल्म वास्तव में सबसे बड़ा फिनोमेना बन चुकी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सबके बीच, निर्देशक एसएस राजामौली ने पुष्पा 2 द रूल के सेट पर दौरा किया और सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाई। इन दोनों निर्देशकों के बीच इस आइकोनिक मुलाकात का पल कैद करते हुए, टीम ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा सेट्स से एक आइकोनिक तस्वीर #पुष्पा, भारतीय सिनेमा का गर्व <bha>@</bha>एसएस राजामौली ने सबसे बड़े मास फिल्म- #पुष्पा2 द रूल के सेट पर दौरा किया। पुष्पा 2 द रूल का प्रदर्शन 6 दिसंबर 2024 को विश्वभर के सिनेमाघरों में होने वाला है। इस फिल्म को सुकुमार ने निर्देशित किया है और इसे माइट्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फ़हद फासिल शामिल हैं। संगीत टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

### एक्टर नहीं बनना चाहती हैं नव्या नवेली नंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नातिन और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। नव्या नवेली नंदा शोबिज़ का हिस्सा नहीं हैं। इसके बावजूद, नव्या का बहुत बड़ा फैनबेस है। उनका पॉडकास्ट, व्हाट द हेल नव्या? अपने दो सफल सीज़न के साथ हिट रहा है। नव्या अपने पिता निखिल नंदा के नक्शेकदम पर चल रही हैं और अपने फैमिली बिजनेस में शामिल हो गई हैं। नव्या नवेली नंदा हाल ही में इंडिया टुडे मुंबई कॉन्क्लेव 2024 में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने बताया है कि वह एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से उनकी पसंद का है। चाहे मैं किसी भी बैकग्राउंड से आती हूं, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। मैं उन सभी अवसरों के लिए आभारी हूं जो आज मेरी रियलिटी हैं। भारत में कई लोगों के लिए ये रियलिटी नहीं है. मैं कभी भी एक्टिंग नहीं करना चाहती थी। नव्या नवेली नंदा ने ये भी बताया कि आईआईएम अहमदाबाद में दाखिला लेने के बाद उन्होंने ट्रोलिंग से कैसे डील किया था।

# अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा भारत

**थिम्पू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को 1-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किए गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पाकिस्तान का सामना शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा। भारत को अपने मुकाबलों के बीच काफी आराम मिला जिसमें सेमीफाइनल की तैयारी के लिए उन्हें पूरे तीन दिन मिले।

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में भारत ने छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

नई दिल्ली, एजेंसी

- **लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान किए हासिल**

भारत ने युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बूते सऊदी अरब के दम्मम में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान हासिल किये। इससे भारत ने सात रजत और 14 कांस्य पदक भी अपने नाम किए।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा कि प्रतियोगिता में टेबल टेनिस की दिग्गज टीमों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे लेकिन देश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में भारत की सुहाना सैनी, तनीषा कोत्वा, सयाली वानी और प्रीथा वर्तिका ने क्लीन स्वीप किया। लड़कों की अंडर-19 स्पर्धा में अंकुर भट्टाचार्जी ने रजत जीता जबकि पीबी अभिनंद और जोश मोदी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। वहीं लड़कों की अंडर-17 श्रेणी में प्रियानुज भट्टाचार्य को चीनी ताइपे के लियू शिह-मिंग से करीबी अंतर से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि अभिनंद ने एक और कांस्य पदक हासिल किया। एम हंसिनी ने सिंड्रेला दास को हराकर लड़कियों का अंडर-17 फाइनल जीता तो दिव्यांशी बोमिक और जेनिफर वर्गीज ने क्रमशः कांस्य पदक जीते। लड़कों की अंडर-15 श्रेणी में भारत के सार्थक आर्य ने कांस्य पदक हासिल किया और वहीं लड़कियों की इसी श्रेणी में काव्या भट्ट, हंसिनी, सिंड्रेला और दिव्यांशी ने क्लीन स्वीप किया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा।)

## रोमांचकारी लहरें



समुद्री हलचल के बीच ऊंची लहरे अकसर रोमांचित करती हैं। इंग्लैंड के काउंटी डरहम के सीहैम हार्बर में शुक्रवार को लाइटहाउस से लहरें टकराईं जिन्हें कैमरे में कैद किया गया। एजेंसी

## अमेरिका में भारतीय मूल के न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में अपने चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के उद्देश्य से खुद के बारे में गलत जानकारी देने के लिए फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश केपी जॉर्ज को गुरुवार शाम को जेल भेज दिया गया। फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायिक रिकॉर्ड के अनुसार, न्यायाधीश के तौर पर अपने चुनाव के दौरान मतदाताओं को रिझाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर फैलाई गई गलत जानकारी से जुड़े कदाचार के लिए शाम 7:17 बजे जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक बयान में कहा गया है कि उन्हें निजी मुचलके पर जेल से रिहा किया गया, साल 2022 में अपने चुनाव अभियान के दौरान, जॉर्ज ने दावा किया था कि वह नस्लवादी और जेनोफोबिक हमलों के शिकार हुए थे।

# मेरा भारत को बाहर करने का एजेंडा कभी नहीं रहा

## मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू ने कहा- राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति थी गंभीर समस्या

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को बाहर करने (इंडिया आउट) के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक गंभीर समस्या थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम डीन्स लीडरशिप सीरीज में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

मालदीव के समाचार पोर्टल अधाधू डॉट कॉम ने उनके हवाले से कहा हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे।



यह भारत को बाहर करना (इंडिया आउट) नहीं है। मालदीव के लोगों को अपने देश में विदेशी सेना की उपस्थिति से एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। मुइज्जू ने कहा, मालदीव के लोग नहीं चाहते कि एक भी विदेशी सैनिक देश में रहे।

### पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे दोनों देशों के संबंध

भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले। भारत ने 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुला लिया और उनकी जगह डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टरों के संचालन के लिए असैन्य कर्मियों को तैनात कर दिया।

### कहा- नेता हो या आम व्यक्ति किसी का भी अपमान बर्दाश्त नहीं

मालदीव के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करने के लिए मालदीव के उपमंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। माइज्जू ने कहा कि मैंने स्पष्ट संदेश दिया था कि वह किसी का भी इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे वह नेता हो या कोई आम व्यक्ति। हर इंसान की अपनी प्रतिष्ठा होती है। इस साल की शुरुआत में मालदीव के युवा मंत्रालय के उप मंत्रियों को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने की वजह से निलंबित कर दिया गया था।

## एक नजर

### प्रख्यात लेखक व कवि केकी एन दारूवाला का निधन

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी के मशहूर कवि और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी केकी एन दारूवाला का लंबी बीमारी और निमोनिया के बाद 87 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी बेटी अनाहिता कपाड़िया ने बताया कि उन्हें एक साल पहले स्ट्रोक हुआ था और तब से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। स्ट्रोक से जुड़ी समस्याएं थीं, लेकिन इस बार स्ट्रोक नहीं पड़ा था, बल्कि निमोनिया से उनकी मृत्यु हुई। लघु कथाओं के लिए भी प्रसिद्ध दारूवाला के परिवार में दो बेटियां अनाहिता और रूकवेन, दामाद और चार नाती-नातिन हैं। अंतिम संस्कार शुक्रवार को शाम 4:30 बजे खान मार्केट के निकट पारसी आरामगाह में किया जाएगा।

### हैरी पॉटर में काम कर चुकीं अभिनेत्री मैगी का निधन

**लंदन।** हैरी पॉटर और डाउनटन एबे में अपने किरदार से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मैगी स्मिथ का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मैगी स्मिथ ने 1969 में 'द प्राइम ऑफ मिस जीन ब्रॉडी' के लिए ऑस्कर जीता और 'डाउनटन एबे' में विधवा 'काउंटेस ऑफ ग्रांथम' के रूप में 21वीं सदी में एक बार फिर प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई। उन्हें अक्सर उस पीढ़ी की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश अभिनेत्री माना जाता था, जिसमें वैनेसा रेडग्रेव और जूडी डेन्च भी शामिल थीं।



### यूक्रेन को आठ अरब डॉलर की सैन्य सहायता की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को यूक्रेन के लिए लंबी दूरी के हथियारों और एक अतिरिक्त पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली सहित लगभग आठ अरब डॉलर मूल्य की सैन्य सहायता की घोषणा की। व्हाइट हाउस से जारी बयान में यह जानकारी दी गयी।

### चीन की परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी डूबी

**वॉशिंगटन।** उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि परमाणु ऊर्जा से संचालित चीन की निर्माणाधीन हमलावर पनडुब्बी घाट के पास डूब गई। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी।


# जयशंकर ने प. एशिया, यूक्रेन का उठाया मुद्दा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस और महासभा अध्यक्ष यांग से की मुलाकात

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा विविधता में एकता, शांति एवं मानव कल्याण के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष का मुद्दा उठाया। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने गुरुवार को महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है। विश्व के नेताओं ने रविवार को सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे विस्तारित करने पर भी सहमत हुए। जयशंकर ने एक अलग पोस्ट में कहा आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग के साथ।

### संयुक्त राष्ट्र में नेतन्याहू ने कहा- उन्हें अन्य नेताओं के झूठ का खंडन करने के लिए यहां आना पड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में इसी मंच से किये गए झूठे दावों का खंडन करने के लिए वह यहां आए हैं। नेतन्याहू ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल की धरती पर हुए हमास के हमले के प्रति अपने देश की जवाबी कार्रवाई का बचाव किया। हमास के हमले की प्रतिक्रिया में चलाये गए इजराइली सैन्य अभियान ने गाजा पट्टी को तहस-नहस कर दिया। इस साल मैं यहां नहीं आना चाहता था। मेरा देश अपना अस्तित्व बचाने के लिए युद्ध लड़ रहा है। लेकिन जब मैंने, कई वक्ताओं द्वारा इस मंच से मेरे देश पर लगाए गए झूठे आरोप और (उसकी) बदनामी को सुना, तो मैंने यहां आना पड़ा।

### पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा, कहा- भारत कर रहा सैन्य विस्तार

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना संबोधन में एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया और भारत पर बड़े पैमाने पर सैन्य क्षमता का विस्तार करने व पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर कब्जा करने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार करने की धमकी देने का आरोप लगाया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने मांग की कि भारत को 2019 में जम्मू- कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले को वापस लेना चाहिए। उन्होंने भारत पर अपनी मुस्लिम आबादी को अधीन करने और इस्लामी विरासत को खत्म करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। पाकिस्तान नियमित रूप से संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक संबोधन में कश्मीर मुद्दा उठाता रहा है। उम्मीद है कि भारत शरीफ के आरोपों के विरोध के लिए अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है। शरीफ ने कहा कि फिलिस्तीन के लोगों की तरह, जम्मू-कश्मीर के लोगों का भी अपनी आजादी और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए लंबे समय से संघर्ष जारी है। शरीफ ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के भारत के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए भारत को अगस्त 2019 के एकतरफा और अवैध कदमों को वापस लेना होगा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा प्रस्तावों तथा कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के अनुरूप जम्मू कश्मीर के मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत शुरू करनी होगी।

### तुर्किये ने नहीं किया कश्मीर का जिक्र

**न्यूयॉर्क।** तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने साल 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से पहली बार इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इस साल मंगलवार को दिये गए लगभग 35 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने गाजा की मानवीय संकट पर ध्यान केंद्रित किया, जहां हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों में 40 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा 2019 में वापस लिए जाने के बाद एर्दोआन ने हर साल यहां यूएनजीए सत्र में दुनियाभर के नेताओं के सामने कश्मीर का उल्लेख किया था।

# हिजबुल्ला के मुख्यालय पर भीषण विस्फोट

बेरूत, एजेंसी

- एक के बाद एक विस्फोट से काफी संख्या में इमारतें ध्वस्त हुईं

इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने बेरूत में हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक कई भीषण विस्फोट से काफी संख्या में इमारतें ध्वस्त हो गईं और आसमान में नारंगी तथा काले रंग के धुएं का गुबार छा गया।

लेबनान की राजधानी के दक्षिणी उपनगरों में ये हमले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के कुछ ही समय बाद हुए। नेतन्याहू ने अपने संबोधन में संकल्प लिया कि हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल का अभियान जारी रहेगा। उनकी टिप्पणियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थित युद्ध विराम की उम्मीदों को और कम कर दिया। इजराइल के तीन प्रमुख टीवी चैनलों के अनुसार हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह को निशाना बनाने के लिए ये हमले किए गए। हालांकि सेना ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि इसने आवासीय इमारतों के नीचे स्थित हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया। दहिया के हरेत हरीक इलाके में चार इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं। खबर में कहा गया है कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इससे बेरूत से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में स्थित इमारतें भी हिल गईं।

### लेबनान में सात दिन में 700 की गई जान

**यरूशलम।** लेबनान में इस सप्ताह इजराइल के हमलों में करीब 700 लोग मारे गये हैं। इजराइल ने लेबनान पर यह कहते हुए हमले तेज कर दिये हैं कि वह हिजबुल्ला की सैन्य क्षमताओं और उसके वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बना रहा है। शीर्ष इजराइली अधिकारियों ने धमकी दी है कि यदि हिजबुल्ला की ओर से गोलीबारी जारी रही, तो वह लेबनान में भी गाजा जैसे विध्वंस को दोहराएगा।

### हजारों लोगों ने सीरिया लेबनान सीमा पार की

**दमिश्क।** लेबनान में इजराइल हमले से बचने के लिए मंगलवार से गुरुवार दोपहर के बीच लगभग 42 हजार लोग सीरिया में प्रवेश कर चुके हैं। सीरिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जदीदत याबूस सीमा को पार कर आने वालों में 31 हजार सीरियाई और 11 हजार लेबनानी नागरिक शामिल हैं।

# कई राज्यों के सर्वेक्षणों में ट्रंप से आगे हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी

- यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किया गया नया सर्वेक्षण

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एरिजोना, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया जैसे कई राज्यों में अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से आगे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह जानकारी दी गई।

यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किए गए नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस मिशिगन में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बढ़त बनाए हुए हैं। यूमास लोवेल पॉलिटिकल साइंस के 'असिस्टेंट प्रोफेसर और सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के एसोसिएट डायरेक्टर रोड्रिगो केस्ट्रो कॉर्नेजो ने कहा इस राज्य के सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति का बढ़त बनाना उनके लिए अच्छी खबर है। कॉर्नेजो ने कहा अगर ट्रंप इस अंतर को कम करना चाहते हैं तो उन्हें ग्रेट लेक्स स्टेट में मजबूती से लड़ना होगा। अमेरिका में एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, इलिनोइस, इंडियाना, मिनिसोटा, न्यूयॉर्क, ओहायो और विस्कॉन्सिन को ग्रेट लेक्स स्टेट कहते हैं।



### पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों समर्थन

यूमास लोवेल सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के सर्वेक्षण के अनुसार, पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का जबकि ट्रंप को 46 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है। फॉक्स न्यूज के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस अपने प्रतिद्वंदी ट्रंप से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन एरिजोना में वह पीछे हैं। इसके अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस को 51 प्रतिशत जबकि ट्रंप को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, एरिजोना में ट्रंप हैरिस से लगभग इतने ही अंतर से आगे हैं। उन्हें 51 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है, जबकि हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है।

## इमरान बोले- सरकार और उसकी एजेंसियों से दूर रहें पीटीआई नेता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने पार्टी नेताओं को सरकार और सेना के साथ बातचीत के प्रयासों से बचने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस तरह की किसी भी चर्चा से केवल उनके दुश्मन मजबूत होंगे। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। अदियला जेल में लगभग एक वर्ष से बंद खान ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार और सैन्य एजेंसियों के साथ बातचीत करने से कोई लाभ नहीं होगा।उन्होंने कहा जितना हम पीछे हटेंगे, उतना ही वे हमें कुचलेंगे।उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान की सरकारी संस्थाओं, सैन्य एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों की आधिकारिक नीति नहीं है।

# चर्च में यौन शोषण के मामलों को लेकर पोप की आलोचना

ब्रसेल्स, एजेंसी

- बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने पीड़ितों के हितों को संस्था के हितों से ऊपर रखने की मांग की

बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च में यौन शोषण की घटनाओं को छिपाने की भयावह परिपाटी को लेकर पोप फ्रांसिस पर निशाना साधते हुए इस सिलसिले में ठोस कदम उठाने तथा पीड़िताओं के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की है। प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने शुक्रवार को फ्रांसिस की यात्रा की शुरुआत के मौके पर यह बात कही।

क्रू का भाषण, पोप की किसी विदेश यात्रा के दौरान उनपर अब तक दिए गए सबसे तीखे भाषणों में से एक था, जबकि राजनयिक प्रोटोकॉल के अनुसार सार्वजनिक भाषणों से आक्रोश को आमतौर पर दूर रखा जाता है। राजा फिलिप ने भी फ्रांसिस के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया था और उन्होंने चर्च से प्रायश्चित करने और पीड़ितों को उबारने में मदद करने के लिए अनवरत काम करने की मांग की थी। फ्रांसिस ने क्रू के भाषण के अंत में तालियां बजाईं और शुक्रवार को ही पीड़ितों से उनके अकेले में मिलने की उम्मीद है।

### कहा- पीड़ितों की आवाज सुनने की जरूरत

क्रू ने राजपरिवार के सदस्यों, चर्च के पदाधिकारियों, राजनयिकों और राजनेताओं समेत अन्य श्रोताओं के समक्ष कहा पीड़ितों की आवाज सुनने की जरूरत है। दुराचार का पता लगाने की जरूरत है। जब कुछ गलत होता है तो हम उसे छिपाने की कोशिश नहीं कर सकते। चर्च का अपने अतीत से पाक-साफ होकर बाहर निकलना होगा।

## कनिष्क बम विस्फोट की नए सिरे से जांच की मांग वाली याचिका की निंदा

**ओटावा।** कनाडा में भारतीय मूल के एक प्रमुख सांसद ने 1985 में एअर इंडिया उड़ान 182 में हुए बम विस्फोट की नए सिरे से जांच की मांग वाली याचिका की आलोचना की तथा आरोप लगाया कि यह खालिस्तानी चरमपंथियों के षड्यंत्र सिद्धांतों को बढ़ावा देने वाला है। याचिका में जांच की मांग इसलिये की गयी है ताकि किसी विदेशी खुफिया एजेंसी की संलिप्तता का पता लगाया जा सके। मॉन्ट्रियल-नई दिल्ली एअर इंडिया कनिष्क उड़ान संख्या 182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। विमान में सवार अधिकतर लोग भारतीय मूल के कनाडाई थे। इस बम विस्फोट का आरोप सिख चरमपंथी उग्रवादियों पर लगाया गया था।

# किशोर उम्र का प्रेम और अपराध कानूनी तौर पर ग्रे एरिया : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- किशोरी भागने के बाद अभिभावकों के दबाव में बदल देती हैं बयान

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि किशोर वय का प्रेम और इस तरह के अपराध कानूनी तौर पर अस्पष्ट क्षेत्र (लीगल ग्रे एरिया) के तहत आते हैं और यह बहस का विषय है कि क्या इसे अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं, जहां 17 साल से अधिक उम्र की लड़कियां अपनी पसंद के पुरुषों के साथ भाग जाती हैं और जब वे पकड़ी जाती हैं, तो लड़की के माता-पिता उन्हें पुलिस के सामने बयान बदलने के लिए मजबूर करते हैं।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि पुलिस ऐसे बयान भी बाद के चरण में दर्ज करती है, जो पहले के बयानों के बिल्कुल विपरीत होते हैं। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत दर्ज किए गए अधिकांश बयान भी धारा 161 के तहत पीड़िता द्वारा दिए गए पहले के बयानों के अनुरूप नहीं होते हैं, जो विरोधाभासी है।' अदालत ने कहा कि किशोर वय के प्रेम और ऐसे अपराध कानूनी रूप से अस्पष्ट क्षेत्र में आते हैं और यह बहस का विषय है कि क्या इसे वास्तव में अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। यह अदालत फिलहाल इस समय कोई टिप्पणी नहीं कर रही है कि अपराध याचिकाकर्ता (आरोपी) द्वारा किया गया है या नहीं।'हाईकोर्ट ने 17 साल की लड़की के अपहरण के आरोपी 22 वर्षीय व्यक्ति को जमानत दे दी। याचिकाकर्ता 19 अप्रैल, 2022 से हिरासत में है और आरोपपत्र दायर किया गया है।




नाबालिग लड़की के पिता ने जनवरी 2022 में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने उनकी बेटी को गुमराह किया और उसे अपने साथ लेकर चला गया। इसके बाद मार्च 2022 में लड़की को बचाया गया।

## खगोल विज्ञान

### ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास का रहस्य खोल सकती है आकाशगंगा

# जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप ने खोजी प्राचीन आकाशगंगा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड के अभिन्न अंग आकाशगंगा है। इनके निर्माण को लेकर कई प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। जिसे समझने के लिए अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने एक ऐसी प्राचीन आकाशगंगा खोज निकाली है, जो आकाशगंगाओं की उत्पत्ति, विकास अथवा निर्माण में प्रकाश डाल सकती है। नई खोज के अनुसार खोजी गई आकाशगंगा बेहद अजीब है। जिसका नाम जीएसएनडीजी-9422 है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने इसकी धुंधली तस्वीर खोजी है।

यह तस्वीर खगोलविदों को प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगा के विकास को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकती है। यह ऐसी आकाशगंगा है, जिसकी गैस अपने तारों से भी अधिक चमकीली नजर आती है। इस आकाशगंगा को लेकर माना जा रहा है कि यह ब्रह्मांड के पहले तारों और आकाशगंगाओं के बीच विकास की एक खोई हुई कड़ी हो सकती है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में 25 सितंबर को यह खोज प्रकाशित हुई है। आकाशगंगा जीएस-एनडीजी-9422 बिग बैंग के लगभग 1 अरब वर्ष अस्तित्व में आई। इस तरह की आकाशगंगा पहले कभी नही देखी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह खोज यह नई तरह की घटना है। जिस कारण यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा सकती है।ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। प्रारंभिक ब्रह्मांड की घटनाओं में इसके सबूत मिल सकते हैं। यह खोज ब्रह्मांडीय विस्तार का श्रृंखलाबद्ध विवरण प्रस्तुत कर सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों प्रारंभिक ब्रह्मांड बहुत ही अलग वातावरण था। तुलनात्मक दृष्टि से वर्तमान स्थानीय ब्रह्मांड में विशाल तारों का तापमान 40,000 से 50,000 डिग्री सेल्सियस पाया जाता है, जबकि आकाशगंगा 9422 के तारों का तापमान 80,000 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। इससे पता चलता है कि ब्रह्मांड का तब का वातावरण आजकी तुलना में भिन्न हुआ करता था।



### आसान नही ब्रह्मांड का मायाजाल समझना

नैनीताल : अनंत में फैला ब्रह्मांड के मायाजाल को समझना आसान नही है। वैज्ञानिकों ने जितने शोध पृथ्वी को समझने के लिए नही किए हैं, उससे कई गुना अधिक ब्रह्मांड को समझने के लिए किए है। मगर इसकी बारीकियां आजभी नही समझ पाए हैं। बहरहाल अंतरिक्ष के रहस्यों का राज भविष्य में ही खुलेगा। वर्तमान तकनीक भी ब्रह्मांड को समझने के लिए नाकाफी हैं।